इस तथ्य के साक्षी हैं - १/१४१)। इत्थं सः तिसृषु आधुनिकार्यभाषासु प्रचलितैः बहिनी-बेन-बोन-शब्दैः अ-ए-आ-सम्बद्धं भेदं प्राचीनकालागतं घोषयति। किन्तु डा० शर्मणो मतस्यास्य इमे शब्दाः समर्थका न सन्तीति तथ्यमेषां शब्दानां विकासस्वरूपतोऽवगम्यते। शब्देष्वेषु बेन-बोन-शब्दयोः विकासक्रमविश्लेषणात् ज्ञायते यदनयोः विद्यमानौ बकारोत्तरवर्तिनौ एकारौकारौ मूलतः ह्रस्वाकारस्थानीयौ न स्तः, प्रत्युत इमौ द्वावपि स्वरौ क्रमशः अकारोकारयोः अकारोकारयोश्च संश्लेषस्य परिणामौ विद्येते। तथ्यं चैतत् स्पष्टमस्ति यत्सम्बद्धास्त्रयोऽपि शब्दाः मूलभूतस्य सं० भगिनीति शब्दस्य विकासाः वर्तन्ते। प्राचीनार्यभाषायाः शब्दोऽयम् प्राकृते "बहिणी" इति रूपं लब्धवान्, अपभ्रंशे च बहिणि-रूपेण ह्रस्वेकारान्तः संवृत्तः। शब्दान्तरस्थितानां दीर्घस्वराणां ह्रस्वीकरणस्येयं प्रवृत्तिः सार्वत्रिकी विकल्परहिता च नासीत्, अतः कतिपयेषु क्षेत्रेषु प्रचलितेषु आर्यभाषारूपेषु अपभ्रंश-नव्यस्तरयोः संङ्क्रमणकाले कतिपयानां शब्दानां ह्रस्वान्तानि दीर्घान्तानि च रूपाणि समानान्तररूपेण गृहीतानि। येषु क्षेत्रेषु ह्रस्वताविधायिनी प्रवृत्तिः बलीयसी आसीत् तेषां क्षेत्राणां जनपदीयभाषासु ह्रस्वताविधायिनी प्रवृत्तिः बलीयसी आसीत् तेषां क्षेत्राणां जनपदीयभाषासु ह्रस्वान्ता बहिणि-बहिनि-बहिन-बहन-प्रभृतयः शब्दाः क्रमशो विकासं लेभिरे। अत्रोल्लिखिते "बहिन" शब्दे विद्यमानस्य ह्-ध्वनेः - लोपात् अव्यवहितदशायाम् आगतयोः अकारेकारयोश्च गुणसन्धेः गुजरात्यभिधायां भाषायां बेन" शब्दः (बहिन-बइन-बेन) प्रचलितः। अतोऽत्र शब्दे एकारः अइ-ध्वन्योः संश्लेषादुत्पन्नः सन्धि-स्वरो वर्तते, न तु केवलस्य बकारोत्तरवर्तिनः अकारस्य स्थानापन्नः सामान्यो ह्रस्वस्वरः। बंगभाषायां व्यवहृते बोन "शब्दे विद्यमानः ओकारोऽपि केवलस्य अकारस्य स्थानीयो न वर्तते, इकारे उकारतां गते सति अकारोकारयोश्च गुणसन्धेः जायमानोऽयमोकारः अ+उ-संयोगजो द्विस्वरात्मकः सन्धिस्वरो विद्यते। वस्तुतो भारतीयार्यभाषायाम् क्षेत्रगतम् अ-ए-ऑ-समीकरणं स्थापयता डा० शर्मणा एतन्न परीक्षितम् यदाधुनिकगुजरातीत्यभिधायां भाषायाम्प्रयुक्ते बेन" शब्दे विद्यमानः ए-ध्वनिः प्राचीनकालादेव तस्यां भाषायां प्रचलितस्याधुनिकस्य "बोन" शब्दस्यापि विषये विचारणीयमासीद् यदस्मिन् शब्दे दृश्यमानः ओकारः प्राचीनकालिकः एकलो ह्रस्वः ओकारो विद्यते शब्दौ आधृत्य प्राचीनर्यभाषाकाले सम्बद्धयोः क्षेत्रयोः ''मूलभूतस्य भगिनी -''ति शब्दस्य समानान्तरं क्रमशो भेगिनी-भोगिनीः'' शब्दयोः सत्तायाः कल्पना कियती संगता इति भारतीयार्यभाषाविकासप्रक्रियाविदां सुविज्ञेयमेव। अतो डा० शर्मणा भारतीये आर्यभाषातन्त्रे अ-ए-ओ-स्वराणां स्थिते यच्चित्रं परिकल्पितम् तदेषां ध्वनीनां क्षेत्रगतस्वरूपस्य परिचायकं न विद्यते।

यच्च तेन स्वोपस्थापितस्य अ-ए-ओ-समीकरणसम्बद्धस्य मतस्य प्रामाणिकतां प्रदर्शयितुं क-मालिकाभ्यासप्रक्रियायाः प्रतीच्य-प्राच्य-मध्यदेशगतं परस्परभिन्नं स्वरूपम् उपन्यस्तं तेनापि तन्मतस्य पुष्टिर्न भवति। तथैव संस्कृत-शत" शब्दात् विकसितानां सै-सए-सौ-शब्दानां षष्-शब्दाच्च व्युत्पन्नानां छै-छौ-छा-शब्दानां च विषये डा० शर्मणाऽभिव्यक्तमभिमतमपि सम्बद्धेषु क्षेत्रेषु अ-ए-ओ-ध्वनीनां यथार्थस्थितेः परिचायकं न प्रतीयते। तत्र कमालिकाभ्यासप्रक्रियाविषये डा० शर्मणः कथनमस्ति यत्

क-मालिकाध्ययनसमये प्रतीच्यप्रदशेवासिनः कै-खै-गै-घै वदन्ति, प्राच्याः कौ-खौ-गौ-घौ घोषन्ति, मध्यदेशवासिनः कोसलवासिनी वा का-खा-गा-घा ब्रुवन्ति"। (ककहरा पढ़ते समय पछाँह के लोग कै-खै-गै-घै बोलते हैं, पूरब के लोग कौ-खौ-गौ-घौ बोलते हैं, मध्यदेश या कोसल के लोग का-खा-गा-घा बोलते हैं - १/१४१)। अत्र विहारप्रान्तीयायाः अभ्यासप्रणाल्याः प्रत्यक्षप्रामाण्यात् एतदेव प्रतीयते यत् डा॰ शर्मणः सम्बद्धं कथनं साक्ष्यानुकूलं न वर्तते। तथ्यमिदमनुभवसिद्धं यद् बिहारवासिनां हि शिशवः कमालिकाध्ययनक्रमे कऽ-खऽ-गऽ-घऽ-इति ब्रुवन्ति, न तु डा॰ शर्मोक्तरीत्या कौ-खौ-गौ-घौ-इति। भोजपुरी-क्षेत्रवासिनोऽपि जनाः कऽ-खऽ-गऽ-घऽ इत्येव वदन्तीति डा॰ उदयनारायण तिवारिणा भोजपुरी भाषा और साहित्य" नाम्नि ग्रन्थे (ख-२, पृ॰ सं॰ ७३-७४) संदर्शितम्। मगधांचलेऽपि एतादृशी एव उच्चारणप्रणाली प्रचलिता वर्तते। एतावता एतदेव प्रतीयते यत् क-ख-ग-घेति ध्वनीनां का-खा-गा-घा-रूपा डा॰ शर्मकथिता मध्येशीया उच्चारणपद्धतिः वस्तुतः कऽ-खऽ-गऽ-घऽ रूपेण विलम्बितोच्चारणात्मिका एव वर्तते, किन्तु मध्यदेशवासिनः प्रतीच्याश्च यदि क्रमशः का-खा-गा-घेति कै-खै-गै-घै इति च वदन्त्यपि, तर्हि एतावता नैतत् सिध्यति यन्मध्यदेशे पश्चिमे च कदाचित् ह्रस्वाकारस्य प्रचलनम् एव नासीत्। मध्यदेशस्तु डा॰ शर्मणा ह्रस्वाकारस्य मूलं केन्द्रमेव घोषितं वर्तते। अस्यां स्थितौ यदि मध्यदेशे कोसले वाऽधुना ह्रस्वाकारस्य दीर्घमुच्चारणं प्रचलितम् अस्ति, तर्हि अस्मादस्यैव निष्कर्षस्य पुष्टिर्भवति यत्प्रवृत्तिपरिवर्तनम् भाषाणां सहजा प्रकृतिर्विद्यते। पूर्वोल्लिखितानां सै-सौ-छै-छौ-छा-शब्दानां च विषये ज्ञातव्यमस्ति यत् प्रस्तुतेषु शब्देषु उपलब्धाः ऐ-औ-आ-ध्वनयः मूलभूतह्रस्वाकारस्थानीया एकलाः सामान्यस्वरा न सन्ति, प्रत्युत इमे स्वरद्वयसयोगजाः सन्धिस्वरा विद्यन्ते। प्राकृतभाषायां संस्कृत-शत-शब्दं त्-ध्वनेर्लोपात् तालव्यशकारस्य च दन्त्यादेशात् "सअ" रूपेण परिणतः, ततश्च द्वयोः अकारयो र्मध्ये य्-ध्वनेर्वैककल्पिकसन्निवेशात् (य्-श्रुतेः) सअ=सय-इति रूपद्वयात्मकः संजातः, मागध्यर्धमागध्योः एतस्य "सअ" शब्दस्य "सए" रूपम् निष्पन्नम्, पश्चाच्च अकारैकारयोः संश्लेषात् "सै" रूपमस्तित्वमलभत। अतः "सै" रूपं प्राच्यम् विद्यते न तु प्रतीच्यम्। एतद्धि रूपं विकल्पतः अवध्यामपि प्रयुज्यते। मैथिल्यामधुनाऽपि "सए" शब्दः शुद्धतावादिभिः प्रयुज्यते, सामान्यजनैश्च "सै" इति व्यवह्रियते। शौरसेन्यान्तु पूर्वोक्तः "सअ" शब्दः प्रथमैकवचने "सआ" जातः स चाधुनिकासु पश्चिमांचलीयासु आर्यभाषासु सौ-रूपेण व्यवह्रियते। अतोऽत्र वस्तुस्थितिः डा॰ शर्मप्रदर्शितस्थितितो भिन्ना वर्तते। तस्य कथनमस्ति यत् संस्कृत शत "स्य हिन्दी-प्रतिरूप "सौ" प्राच्यपद्धत्यनुसारि रूपं वर्तते, सैकड़ा-शब्दस्य सै (इति रूपम्) प्रतीच्यपद्धत्यनुसारि रूपं विद्यते, अवध्यां सौ-सै-इत्युभयोरपि रूपयोः प्रचलनमस्ति। "संख्यावाचकस्य षष्-शब्दस्य क्षेत्रताविकासविषये छै अवधे च छा उच्चार्यते।" (संस्कृत षष का प्रति रूप छह पूरब में छौ, पछाँह में छै, अवध में छा बोला जाता है - १/१४१)। अत्रैत-दुल्लेखनीयमस्ति-प्राच्यप्रदेशानामन्यतमे मिथिलांचले छओ, छऽ इति रूपंद्वयस्यैव प्रचलनम् उपलभ्यते, छौ शब्दस्तु कर्णगोचरतां न गतः। अतो डा॰ शर्मप्रदत्तं विवरणं सन्दिग्धमेव प्रतीयते। अपरं

च एषु सर्वेष्वपि शब्देषु विद्यमाना ध्वनयः अ+ए-अ+ओ-अ+अ इति ध्वनिद्वयसंश्लेषजाः सन्धिस्वरा वर्तन्ते, न तु अकारस्थानीयाः एकलाः सामान्यस्वराः। अतः डा॰ शर्मणोदाहृतैः चर्चितशब्दैः भारतीयार्यभाषासु अ-ए-ओ-समीकरणस्य पुष्टिर्न भवति। तथापि तस्य धारणा वर्तते यत् तेन प्रदर्शितया रीत्या प्राचीनभारते अ-ओ-प्रयोगकर्त्रोः द्वयोः भाषासमुदाययोः सत्तायां स्वीकृतायां न केवलानां भारतीयभाषाणां स्थितिः स्पष्टा भवति, अपितु भारोपीयसमुदाये अ-अ-ऑ-स्वराणां समीकरणमपि बोधगम्यं जायते।" (यह मान लेने पर न केवल भारतीय भाषाओं की स्थिति स्पष्ट हो जाती है, वरन् इन्डोयूरोपिअन समुदाय में अ, ॲ-ऑ स्वरों का समीकरण भी समझ में आने लगता है - १/१४१)।

एतत्स्वीकरणे न काप्यापत्ति यदि तस्य आधारः उपलभ्येत। किन्त्वत्र कश्चिदाधार एव नास्ति। डा॰ शर्मणा या ह्याधारसामग्री उपस्थापिता तया सामग्या भारतीयार्यभाषातन्त्रे अ-ओ-भेदतः द्वयोः भाषासमुदाययोः सत्तायाः स्वीकरणम् असङ्गतमेव दृश्यते। अतो डा॰ शर्मोक्तरीत्या भारतीयार्यभाषाणां स्थितिः स्पष्टा भक्तीति वक्तुमशक्यम्, यतो न केवलं प्राचीनमध्यकालयोः, अपितु आधुनिकेऽपि काले प्राच्यांचलस्य विस्तृते भागे व्यवहृतासु मगही-मैथिली-भोजपुरीत्यभिधासु भाषासु मूलभूतस्य ह्रस्वाकारस्य अवर्तुलितो-च्चारणस्य प्रत्यक्षमविच्छिन्नं साक्ष्यमुपलभ्यते। मैथिल्यां हि पञ्चषेष्वेव परम्परागतौष्ठ्यध्वनियुक्तेषु बोन (वन) -मोन (मन) -मोछ (श्मश्रु) -मोसि (मसि) -प्रभृतिषु शब्देषु, एतादृशशब्दसादृश्याच्च व्यवहृतेषु सोन-नोसि-प्रभृतिषु द्वित्रेषु शब्देषु मूलभूताकारस्य स्थाने ओकारस्य प्रयोगो दृश्यते। सम्बद्धासु भाषास्वेतासु व्यवहृतेषु कतिपयेषु शब्देषु परम्परागतो ह्रस्वाकारः स्त्रीभिः विलम्बिततया उच्चार्यते (डर=डऽर, भर=भऽर) किन्तु ताः अपि किन्तु द्व्यधिकाक्षरेषु शब्देषु विद्यमानस्यास्य ध्वनेः अविलम्बितं ह्रस्वाकारात्मकमेवोच्चारणं कुर्वन्ति। पर्यवेक्षणात्तु मिथिलांचले पारम्परिकी भाषिकी स्थितिः डा॰ शर्मोपस्थापितमतविपरीता एव सिध्यति। संस्कृतभाषायां दृढमूलोऽपि ओकारः मैथिला प्रचलितेषु तद्भवशब्देषु अ-रूपेण परिवर्तितो दृश्यते, किन्तु स एव मूलभूत ओकारः अवध-पश्चिमोत्तरबंगादिप्रदेशव्यवहृतास्वाधुनिकभाषासु ओ-ए-रूपतः प्रयुक्तो दृश्यते, यथा-सं॰ गोधूम-अवधी-गोहूँ, हि॰ गेहूँ, बं॰ गो, मै॰ गहूम, सं॰ पुरोहित-अव॰ हि॰ पुरोहित, बं॰ पुरोत, मै॰ पुरहित, सं॰ ओड्रपुष्प (ओड्रफुल्ल) -अव-हि॰ ओढूल, बं॰ ओडूल, मै॰ अढूल-अरहुल, सं॰ परिवेषण-प्रा॰ परोसण, अव॰ परोसबु, हि॰ परोसना, मै॰ परसव, सं॰ रघु (तत्स्यभेदः) अव-हि॰ रेहू-रोहू, बं॰ रूह, मै॰ रहु, रहुआ। अन्वेषणात् मैथिल्याम् ओ-अ-रूपात्मकस्योच्चारणभेदस्य अन्यान्यपि उदाहरणानि उपलब्धानि स्युः। अधुना प्राच्य-प्रदेशेषु व्यवहृतानां भाषाणां समवाये केवला बंगभाषैव ओकारवादिनी दृश्यते, किन्तु अस्यामपि ओकारवदनात्मिकेयं प्रवृत्तिः नव्या एवेति बंगभाषायाः अपेक्षाकृत। पूर्ववर्त्यभिलेखेभ्योऽवगम्यते।

अतो डा॰ शर्मप्रदर्शितपद्धत्या न तु भारतीयार्यभाषाणां स्थितिः स्पष्टा भवति नैव च भारोपीयसमुदाये अ-ए-ओ स्वराणां समीकरणस्य परिज्ञानं भवति। वस्तुतस्तेनादाहृतैः शब्दैः अन्यैश्च पूर्वोल्लिखितसाक्ष्यैः भारतीयार्यभाषाणां या स्थितिः गोचरीभवति सा हि तत्त्वतस्तेन प्रदर्शितायाः स्थितेर्भिन्ना वर्तते। अनया स्थित्या एतदेव स्पष्टं भवति यत् प्राचीनमध्यकालयोः भारते व्यवहृतायाः आर्यभाषायाः प्राच्य-प्रतीच्यमध्यदेशाद्यखिलेष्वपि क्षेत्रेषु प्रसृतेषु रूपेषु ह्रस्व-दीर्घ-भेदतः अ-आ-इति द्वयोरेव सामान्यस्वरयोः प्रयोगः प्रचलितः आसीत्, एतयोः स्थाने क्रमशः ऍ-ऑ-ध्वन्योश्च प्रयोगः अज्ञात एवासीत्। समग्रे प्राचीनार्यभाषाकाले व्यवहृताः ए-ओ-ऐ-ओ-स्वराः मूलतः अइ-अउ-आइ-आउ-स्वरयुग्मानां सन्धिगतरूपतां प्रदर्शयन्ति। अत इमे संहितस्वराः केवलस्य अकारस्य आकारस्य च स्थानीयाः स्वरा न वर्तन्ते, प्रत्युत ह्रस्वदीर्घभेदतो द्विधा विभक्तयोः अकारेकारयोः अकारोकारयोश्च सन्धितो निष्पन्नाः स्वराः सन्ति। एषां स्वराणां स्वरद्वयात्मकत्वादेव संस्कृत-वैयाकरणैः एषां ध्वनीनां द्वे उच्चारणस्थाने निर्धारिते, यथा-एदैतोः कण्ठतालु, ओदौतोः कण्ठौष्ठमिति।

वस्तुतो भारतीयार्यभाषासु अ-ए-ओ-स्वराणां क्रमशो मध्यदेश-प्रतीच्य-प्राच्यक्षेत्रबद्धतायाः समर्थकं साक्ष्यं नास्ति। डा॰ शर्मणा एकमपि निश्चायकमुदाहरणं नोपन्यस्तं येन प्राचीन-मध्यकालयो-अस्तित्ववति आर्यभाषातन्त्रे अ-ए-ओ-भेदतः वैकल्पिकानां रूपाणां सत्ता प्रमाणिता भवेत्। द्रविड़परिवारपरिगृहीतासु तमिलादिभाषासु यथा अ-अ-आ-भेदतः एकस्यैव शब्दस्य वैकल्पिकानि रूपाण्युपलभ्यन्ते, न तथा प्राचीनमध्यकालयोः आर्यभाषासु प्राप्यन्ते। डा॰ शर्मणैव तमिलादिभाषाभ्यः प्रचुरसंख्यकानि रूपाण्युदाहृतानि येषु केवला अ-ऍ-ऑ-भेद-जन्यैव भिन्नता वर्तते, यथा चम्बु-चॅम्बु-चॉम्बु (ताम्रपात्रम्), कट्टु (बन्धनम्), अल्-ॲल् (रात्रिः) कन्डन् (वीरः), कण्-कॉण् (नेत्रम्) प्रभृतीनि। -भाप्राभापरि॰ २/८९। एतद्विपरीतम्, आर्यभाषातन्त्रे कर-हस्त-अहम्-त्वम्-वेद-श्लोकादयः वैकल्पिक-प्रतिरूपरहिताः एव शब्दाः दृश्यन्ते, न तु केरे-कोरो-हेस्ते-होस्तो-एहेम्-ओहोम्-त्वेम्-वोदो-श्लेके-श्लक-प्रभृतयः। वस्तुतो डा॰ शर्मणा स्वकीयमतस्थापनक्रमे नैतत्परीक्षितं यद् अ-ए-ओ-स्वराः क्रमशो मध्यदेशप्रतीच्य-मगधक्षेत्रनियता आसन् तर्हि वेद-भेद-छेद-वेध-ओध-मोध-शोधादयः एकाराकारविशिष्टाः ओकाराकारविशिष्टाश्च शब्दाः कस्यां परिस्थितौ प्रयुक्ता आसन्, किमेतेषां स्थाने मध्यदेशे भद-छद-अघ-मघ-शब्दाः प्रयुक्ताः आसन्?अकारै-कारयुक्ताः अकारौकारविशिष्टाश्च शब्दाः मध्यदेशीयाः मन्तव्या अथवा पश्चिमोत्तरीयाः उत मागधाः? यद्युत्तरपश्चिमांचले मध्यदेशीयः अकारः ओरूपात्मकः आसीत्तदा वैदिक-लौकिकसाधारण्येन संस्कृतभाषायां विकल्पतो वेदेभेदे-छेदे-वोदो-भोदो-छोदो-रूपाः शब्दाः कथन्नोपलभ्यन्ते? यदि चेन्मन्यते यत् समस्तार्यभाषा-समुदायानां परस्परसम्पर्क-सम्मिश्रणप्रभावेभ्यः सर्वक्षेत्रसम्बद्धासु आर्यभाषासु अ-ए-ओ-इति त्रयोऽपि ध्वनयः प्रतिष्ठितास्तदैतन्मतमेव निर्मूलं यत्प्राचीनकालादद्यावधि मध्यदेशीयः अकारः पश्चिमोत्तरक्षेत्रे ए-रूपेण प्राच्ये च ओरूपेण प्रयुक्तो विद्यते। अतः एतेषामन्येषां च ध्वनीनां क्षेत्राधारं विभाजनम् काल्पनिकमेव परिलक्ष्यते। अत्रैतदेव सङ्गतं प्रतीयते यत्पूर्ववैदिककाले पश्चिमोत्तरक्षेत्रे निवसतां

प्राचीनार्यभाषाभाषिणां गणानां भाषायां यदेमे स्वराः सुप्रतिष्ठिता जातास्तदा तस्मादेव क्षेत्रात्तेषाम्प्रसारः सम्बद्धार्यभाषाव्यवहृत- शब्दघटकत्वेन मध्यदेश-विदेहमगधादिषु साक्ष्यसमर्थितं तथ्यमन्यथाकर्तुमशक्यम्।

इत्थमेव भारोपीयास्वपि भाषासु डा॰ शर्मप्रदर्शितम् अ-ए-आ-समीकरणं साक्ष्यानुमोदितं न प्रतीयते। तदभिमतम् अ-ए-ओ-समीकरण-स्वरूपं चैतदेवास्ति यद् भारोपीयपरिवारपरिगृहीतासु ग्रीक-लैटिनादिभाषासु प्रचलितेषु मातेर-मेतेर-पितेर-मेनरिङ्ग्प्रभृतिषु संस्कृत-शब्द-प्रतिरूपेषु संस्कृताकारस्य स्थाने प्रयुज्यमानयोः ए-ओ-ध्वन्योः कारणं मध्यदेशीयस्य अकारस्य स्थाने प्रतीच्य-मगधानुमतस्य ए-ओ-उच्चारणस्य प्रभावो विद्यते। किन्तु भारतीये आर्यभाषातन्त्रे मातेर-पितेर-मेनेस्-पोदोस्-प्रभृतीनाम् ए-ओ-ध्वनिविशिष्टानां शब्दानामनुपलब्धेरेतादृशस्य भारतीय-प्रभावस्यात्र सम्भावनैव नास्ति। अतः स समीकरणस्य वैकल्पिकं स्वरूपमुपस्थापयन् वक्ति "यथैवं कथ्यते यद् भारोपीयौ एकारौकारौ संस्कृते अकारतां गतौ तथैवैतदपि वस्तुं शक्यं यत्संस्कृतस्याकारः यूरोपीयभाषासु यत्र-तत्र एकारौकारौ संवृत्तः।' (जैसे यह कहा जाता है कि इण्डोयूरोपिअन एकार-ओकार संस्कृत में अकार हो गएं, वैसे ही यह भी कहा जा सकता है कि संस्कृत का अकार यूरोप की भाषाओं में जहाँ वहाँ एकार-ओकार हो गया- १/१४१)। आस्तां तावदेतद् यत् संस्कृतभाषायाः ह्रस्वदीर्घाकारौ यूरोपीयभाषाभाषिभिः ह्रस्व-दीर्घैकारौकाररूपेण गृहीतौ। नात्र काप्यापत्तिर्भवेत्। डा॰ शर्मणः कथनस्यास्य अयमेवाशयः यद् अकारध्वनिविशिष्टाः पितर-मातर-भ्रातर्-पशु-परश्वादयो भारतीयार्यशब्दाः यदा ग्रीक-लैटिनादिषु भाषासु प्रसृतास्तदा तद्भाषाभाषिभिः तेषु आदत्तशब्देषु विद्यमानः अकारः ए-ओ-रूपेणैव गृहीतः। अत्रायं प्रश्नः, भारतीयार्यशब्देषु स्थितस्य अकारस्य स्थाने यूरोपीयप्रतिरूपेषु स्वच्छन्दतः अ-आ-ए-ओ-ध्वनीनाम्प्रयोगस्य किं कारणम्? यूरोपीयभाषासु प्रचलितेभ्यः अगेर (लै॰), अग्रोस (ग्री॰) सं॰ अज्रस् -स्फल्लो-अंसे-गैस-हेप्त-प्रभृति-शब्देभ्यस्तथ्यमिदं स्पष्टतामेति यत्तास्वपि भाषासु अकारस्य प्रयोगः प्रचलने आसीत्। अतस्तथ्यमेतदन्यथाकर्तुमशक्यं यद् ग्रीक-लैटिन-जर्मनभाषाभाषिणां जिह्वा अकारोच्चारणे कुण्ठिता नासीत्, अस्यां स्थितौ किमत्र कारणं यदेकस्मिन् एव शब्दे यूरोपीयभाषाभाषिणः संस्कृताकारमेकत्र अपरिवर्तितरूपेणैव गृहीतवन्तः, अपरत्र ए-रूपेण, इतरत्र च ओ-रूपेण पर्यवर्तयन्? प्रश्नस्यास्य सङ्गतं समाधानं डा॰ शर्मरीत्या न सम्भवति। सन्दर्भेऽस्मिन् यद्येतन्मन्यते यत् अकारध्वनिं प्रयुंजाना अपि ता अभारतीया भाषाः प्रकृत्या ए-आ-प्रवणाः आसन्, तर्हि प्रश्नस्यास्य संगता व्याख्या दुरापैव दृश्यते यन्मूलभूताकारमपि यत्र-तत्र ए-ओ-रूपतां नयन्त्यस्ता हि भारोपीयाः भाषाः संस्कृतस्य ए-ओ-ऐ-औ-ध्वनीन् ए-ओ-ऐ-औ-रूपेणैव कथं नागृह्णन्। संस्कृतभाषायां विद्यमानानाम् ए-ओ-ऐ-औ-ध्वनियुक्तानां शब्दानां ग्रीक-लैटिनादि-प्रतिरूपैस्तुलनयाऽवगम्यते यत्संस्कृतस्य इमे चत्वारोऽपि वर्णाः आर्येतरासु भारोपीयभाषासु अइ-एइ-ऑइ (-सं॰ ए) अउ-एउ-ऑउ (सं॰ ओ) आइ-एइ-ओइ (सं॰ ऐ) आउ-एउ-ओउ (सं॰ औ) -रूपेणैव प्रतिनिधित्वं लेभिरे, यथा-सं॰ शेते ग्री॰ कइतइ (ग्री॰ कइङ्क्स शे, ग्री॰ तइङ्क्सं॰ ते), सं॰ एधस्ङ्क्ग्री॰ अइथोस्,सं॰ तेङ्क्ग्री॰ ताइ, सं॰ मेङ्क्ग्री॰ मॉइ, सं॰ ओजम्ङ्क्लै॰ अउगेओङ्क्ग्री॰ अउकल (अउङ्क्ओ) सं॰

बोधमिङ्क्ग्री० पेउथोमइ, सं० नौसङ्क्ग्री० नाउस्, सं० द्यौसङ्क्ग्री० जेउस्, सं० गौसङ्क्ग्री० बोउस् इत्यादयः। एष्वनेके शब्दाः डा० शर्मणापि विभिन्नेषु सन्दर्भेषूदाहृताः (द्र० भा-प्रा० भापरि० ३/२१२,३३६)। वस्तुतो निजमतस्थापनक्रमे डा० शर्मणा नैतत्परीक्षितं यद् यदि संस्कृते व्यवहृताः ए-ओ-ऐ-औ इति चत्वारोऽपि वर्णाः अ-आ-ध्वनिभ्यां विनिमेयाः एकलाः सामान्यस्वराः आसन् तर्हि आर्येतरासु भारोपीयभाषासु संस्कृते व्यवहृताः ए-ओ-ऐ-औ इति चत्वारोऽपि वर्णाः अ-आ-ध्वनिभ्यां विनिमेयाः एकलाः सामान्यस्वराः आसन् तर्हि आर्येतरासु भारोपीयभाषासु संस्कृताकारस्यैव स्थाने अ-ए-ओ-इति त्रयोऽपि ध्वनयः कथम् उपलभ्यन्ते, संस्कृते उपलब्धानाम् ए-ऐ-ओ-औ-ध्वनीनां च स्थाने तासु भाषासु क्रमशः अॅइ-एॅइ-ऑइ-आइ-एइ-ओइ- अउ-एॅउ-ऑउ-आउ-एउ-ओउ-इति ध्वनियुग्मत्रिकाणां व्यवहारस्य च किं कारणम्। वस्तुतः स्थितिरेषा निर्हेतुकी नास्ति। अनया स्थित्या एतदेव सिध्यति यत् संस्कृत-भाषा-तन्त्रे व्यवहृता ए-ओ-ऐ-औ-ध्वनयः अभारतीयाः एॅ-ऑ-ए-ओ-स्वराः सरलाः एकलाश्च सामान्यस्वरा वर्तन्ते, किन्तु भारतीयार्यभाषातन्त्रे व्यवहृता ए-ओ-ऐ-औ-ध्वनयः स्वरद्वयसंयोगजाः सन्धिस्वरा विद्यन्ते। अतः एषां स्वराणां प्रतिरूपभूताः अभारतीयाः स्वराः अइ-एइ-ऑइ-रूपैः असंहितावस्थतां सूचयन्ति। स्थित्यानया तथ्यमेतत् स्पष्टतरीभवति यत्पूर्ववैदिककाले भारतीयार्यभाषायाम् ए-ओ-स्वरयोः एकलस्वररूपेणोच्चारणं प्रचलितं नासीत्। द्वयोः ध्वन्योः उच्चारणं क्रमशः अइ-अउ-रूपेण संयुक्तस्वरात्मकमासीत्, ऐकार-औकारयोश्च व्यवहारः आइ-आउ-रूपात्मकः आसीत्। अत एव स्वरसन्धिदशायाम् एकारः अय्-रूपतां गच्छति, ओकारश्च अव्-रूपतां प्राप्नोति, यथा-ने+अन-नयन, भो+अन=भवनादीनि रूपाणि। इत्थमेव ऐ-औ-स्वरौ क्रमशः आय्-रूपतां भजेते, यथा-नै+अक=नायक, पौ+अक=पावकादयः शब्दाः। संस्कृतवैयाकरणैः स्थितिरेषा= अयादिसन्धिनाम्नाभिहिता। एतद्धि वैशिष्ट्यं सकलार्यभाषाक्षेत्रेसाधारणमासीत्।

सन्दर्भेऽस्मिन्नेतदप्युल्लेखनीयमस्ति यत् संस्कृतशब्देषु अवर्णस्य इकारेण सह गुणसन्धौ द्वावपि स्वरौ एकादेशभूतम् ए-रूपं धत्तः नतु ओ-रूपम्, नाप्यकाररूपम् आकाररूपं वा, तथैव अकारोकारयोः सन्धौ एकादेशभूतः ओकार एव अस्तित्वं लभते, एतादृशस्थलेषु अकाराकारयोः एकारस्य वा उपलब्धिर्न भवति। एवंविधस्थलविषयेऽपि डा० शर्मणः अ-ए-ओ-समीकरणसम्बद्धा मान्यता वस्तुस्थितिप्रतिकूला एव दृश्यते। भाषातात्विकं साक्ष्यन्त्वेतदेव सूचयति यत् संस्कृतभाषायाः वैदिक-लौकिकरूपयोः निर्माणकाले पश्चिमोत्तरक्षेत्रे तस्याः यद् रूपं प्रचलितम् आसीत्, सामान्यतस्तदेव रूपं मध्यदेशे प्राच्यादिक्षेत्रेष्वपि व्यवहृतमासीत्। संस्कृतशब्देषु च मूलभूताकारस्थाने प्रयुक्तौ एकार-ओकारौ कुत्रचित् सन्धिजौ, क्वापि च ध्वन्यन्तरलोपकृतायाः वर्णक्षतेः पूरकौ (अस्+धिः=अज्+धि=एधि, षष्+दशः=, षोडश षड्+धा=षोढा) क्वचिच्च सादृश्यमूलकौ स्तः। एतादृशध्वनिविशिष्टानि च रूपाणि अखिलार्यभाषासाधारणताम्प्रदर्शयन्ति।

अतो वर्तमानदशायां भारतीयार्यभाषापरम्परान्तःपातिनीनां भाषाणां ध्वनिप्रक्रियाः डा० शर्मप्रवर्तिता विश्लेषणपद्धतिः भाषातत्त्विकसाक्ष्यसमर्थिता न प्रतीयते।

वैदिक अश्विनौ और दिव्य प्रकाश

–डॉ० शशि तिवारी

अश्विनौ वैदिक देवशास्त्र के प्राचीनतम और महत्त्वपूर्ण देवताओं में परिगणनीय हैं। यह वह प्राचीनतम देवता-युग्म है, जिसके समकक्ष युगलदेवता ग्रीक और लैटिन देवशास्त्रों में भी उपलब्ध हैं। एशिया माइनर के बोगाज्क्यूई नामक स्थान पर मिले १४वीं शताब्दी ई.पू. के मृत्फलक पर 'नासत्या' नाम से अश्विनौ का ही उल्लेख हुआ है। इनके अनेक नाम, रूप और गुण मन्त्रों में वर्णित हैं। वैदिक ऋषि की दृष्टि में अश्विनौ की प्रमुख विशेषताएं और विशिष्ट गुण पर्याप्त स्पष्ट रहे हैं और मन्त्रों में उनकी विस्तार से से अनेकशः चर्चा की गयी है। पर इनके स्वरूप की मूल अवधारणा अत्यन्त रहस्यमय हैं और इनके आसपास गाथाओं और उपाख्यानों का एक जाल सा बुना हुआ दिखायी देता है। सम्भवतः इतनी गाथाएं किसी और ऋग्वैदिक देवता के विषय में प्राप्त नहीं होती हैं। इनसे यदि एक ओर अश्विनौ की प्राचीनता लोकप्रियता और महत्ता व्यक्त होती है, तो दूसरी ओर अश्विनौ के मूल स्वरूप के विषय में अस्पष्टता भी द्योतित होती है। अनन्तर ब्राह्मणों और वेदान्तों में इनके वास्तविक स्वरूप का निर्धारण मतान्तर का विषय बना है। अश्विनौ कौन है ? इस सम्बन्ध में ब्राह्मण ग्रन्थों ने कई विचार प्रस्तुत किए हैं, यथा–(१) द्यावापृथिवी अश्विनौ हैं, (२) दोनों कान, (३) दोनों नाक, (४) दोनों आंखें अश्विनौ हैं, (५) दोनों अध्वर्यु अश्विनौ हैं, (६) ये दोनों देवों के वैद्य ही हैं; इत्यादि।[1] निरुक्तकार यास्क ने इनके स्वरूप की चार वैकल्पिक व्याख्याएं प्रस्तुत की हैं–पृथिवी एवं आकाश, सूर्य तथा चन्द्रमा, दिवारात्रि तथा दो ऐतिहासिक पुण्यशाली राजा।[2] अनन्तर वैदिक आचार्यों और विद्वानों ने अश्विनौ के स्वरूप के मूल आधार को समझाने का प्रयास करते हुए अनेक मतों और सम्भावनाओं

---

१. इमे ह वै द्यावापृथिवी प्रत्यक्षमश्विनाविमे हीदं सर्वमाश्नुवाताम्। श.ब्रा. ४/१/५/१६: स्रोत्रे अश्विनौ/श.ब्रा. १२/९/१/१३; नांसिके अश्विनौ/श.ब्रा. १२/९/९/१४; तद्यौ हवाऽऽमौ पुरुषाविवाक्ष्योः। एतावंवाश्विनौ। श.ब्रा. १२/९/१/१२ ऽश्विनावध्वर्यू। ऐ.ब्रा. १/१८.; अश्विनौ वै देवानां भिषजौ। ऐ.ब्रा. १/१८; कौ;ब्रा: १८/१.

२. निरुक्त १२/१

को प्रस्तुत किया है। परन्तु अश्विनौ के मूल और वास्तविक स्वरूप का आकलन वेद-अध्येताओं के लिये अभी भी जटिल और रहस्यमय बना हुआ है। यहां ऋचाओं में वर्णित अश्विनौ की प्रमुख विशेषताओं के आलोचनात्मक अध्ययन के आधार पर अश्विनौ की परिकल्पना में निहित वैदिक अवधारणा का प्राकृतिक आधार अध्येय है।

निघण्टु और निरुक्त के अनुसार अश्विनौ द्युस्थानीय देवता है। ऋचाओं में आकाश, दिव्यप्रकाश, सूर्य, उषा, सूर्य्र, नीरोगता और लोक कल्याण से इनका सम्बन्ध सुस्पष्ट है। इस आधार पर कदाचित् अश्विनौ को दिव्य लोक अर्थात् द्युलोक में प्रातः और सांय व्याप्त होने वाले स्वर्णिम प्रकाश का प्रतिरूप मानना ही उपयुक्त होगा। इस दृष्टिकोण से ऋग्वैदिक अश्विनौ में उनकी सभी प्रमुख विशेषताएं सुसंगत होती दिखायी देती है और साथ ही वेदोत्तरवर्ती अश्विनौ के सूर्यपुत्रत्व की व्याख्या भी हो जाती है।

ऋक्संहिता में अनेकशः अश्विनौ को **दिवो नपाता** अर्थात् आकाश का पुत्र कहा गया है।[१] एक बार इन्हें विवस्वान् और सृष्टा की पुत्री सरण्यू का यमल पुत्र बताया गया है।[२] विवस्वान् सूर्य के चमकते हुए एवं दैदीप्यमान स्वरूप के वाचक हैं और निरुक्त के अनुसार सरण्यू का नाम है,[३] जिसे उषा भी माना जा सकता है। अतः इस प्रकार अश्विनौ आकाश उषा, सूर्य और से उद्भूत होने वाले, संभावतः उनके आविर्भाव के बीच में आने वाले, किसी तत्त्व या शक्ति के रूप में ठहरते हैं।

अश्विनौ के देवरूप के विवरणों की मीमांसा करने पर हम पाते हैं कि उसके अधिकांश में उन्हें युवा, सुन्दर, शीघ्रगामी और प्रकाशमान बताया गया है। वे स्वर्णिम ज्योति से सम्पन्न होने के कारण 'हिरण्यपेशसा' कहे गये हैं।[४] उनकी यह विशेषता हिरण्यय सविता देवता का स्मरण कराती है। अश्विनौ के स्वर्णिम रूप और शुभ्रकान्ति या तेजस्वी सौन्दर्य का आधार उनके आकाशीय प्रकाश का प्रतिरूप होना ही है। यह तथ्य तब और अधिक पुष्ट होता है, जब हक अश्विनौ के वर्ण, पथ और स्थान के उल्लेखों की समीक्षा करते हैं। उन्हें ऋचाओं में अनेक बार रुद्र अर्थात् लाल रंग का बताया गया है।[५] शतपथ ब्राह्मण में अश्विनौ को श्वेत तथा लोहित वर्ण का कहा गया है।[६] इससे उनका

---

१. ऋ. १/१८१/१, १/१८४/१, १०/६१/४

२. ऋ. १०/७५/२, १०/६१/४

३. निरुक्त १२/९

४. भुजी हिरण्यपेशसा कवी गम्भीरचेतसा। ८/८/२ आशुभ्रा यातमश्विना। ऋ. ७/६८/१; ८/२२/१४; १०/४३/४.

५. रुद्रा हिरण्यवर्तनी। ५/७५/३

६. श्येत आश्विनो भवति। श्येताविव अश्विनौ।
लोहित अतश्विनौ भवति तद् यदेतया यजते।। श.ब्रा. ५/५/८४

सूर्योदय से सम्बन्ध व्यक्त होता है। अश्विनौ के पथ का बार-बार उल्लेख हुआ है और इसके लिए 'वर्तिस्' शब्द का प्रयोग किया गया है। 'वर्तिस्' शब्द एक-दो स्थलों को छोड़कर अधिकांश में अश्विनौ के सन्दर्भ में ही आया है। विशेषकर अश्विनौ को **रुद्रवर्तनी** अर्थात् लाल मार्ग से गमन करने वाले[१] और **हिरण्यवर्तनी** अर्थात सुनहरे मार्ग से गमन करने वाले[२] तथा सुवर्णमय रथ वाले (सात. और सायण) ही कहा गया है। ऋग्वेद के रुद्रवर्तनी विशेषण पद चार बार प्रयुक्त हुआ है और सर्वत्र **अश्विनौ** के लिए ही है। **हिरण्यवर्तनी** विशेषण आठ बार प्रयुक्त हुआ है और दो बार नदियों के लिए है और छह बार अश्विनौ के लिए। अश्विनौ के परिभ्रमण के द्योतनार्थ **परिज्मन्** शब्द का प्रयोग भी अनेक बार उनके लिए या उनके रथ के लिए हुआ है। अश्विनौ के पथ और परिभ्रमण की चर्चा करने पर भी ऋषि का कौतुहल है कि वे कहां से आते हैं। कहा जाता है, मन्त्रों में कहा गया है-नासत्यौ अश्विनौ द्युलोक में या किधर विख्यात है ? वे दोनों कहा हैं ? किस मनुष्य के घर तुम प्रयत्न करते हो ?....भला तुम किसके समीप जाते थे ? किसके पास चले जाते हों ? किसके प्रति पहुंचने के लिए रथ को जोतते हो ? किसके स्त्रोतों से तुम रममाण होते हो ? इत्यादि।[३] निश्चय ही उनका स्थान जिज्ञासा का विषय है। इसीलिए उसका निर्देश भिन्न-भिन्न प्रकार से हुआ है, कभी द्युलोक, कभी द्युलोक और अन्तरिक्ष, कभी वायुलोक, कभी पृथिवी, द्युलोक और समुद्र, और कभी सुदूर और समीप आदि।[४] इन सभी विवरणों से अश्विनौ के आवागमन, विस्तृत स्थान में व्याप्ति और स्वर्णिम कान्ति का आभास निर्विवाद रूप से ग्राह्य है। वे स्वर्णिम रूप और शुभस् (तेज या कान्ति) से सम्पन्न हैं। अश्विनौ न केवल युवा, स्वस्थ और सुन्दर है, अपितु विशेषरूप से शोभासम्पन्न और हिरण्यज्योति वाले होने से शुभस्पति और हिरण्यपेशसा भी कहे गये हैं।[५] सुवर्ण के समान देदीप्यमान उनका रूप उन्हें प्रकाशदेव सिद्ध करता है।

अश्विनौ के प्राकृतिक परिवेश में आविर्भाव के काल के कतिपय संकेत मन्त्रों में उपलब्ध होते हैं। एक मन्त्र में कहा गया है-"जब रात्रि अपनी बहन उषा से दूर हटती है और लाल रंग वाले

---

१. ऋ. १/३/३; ८/२२/१; ८/२२/१४, १०/३९/११, यजुर्वेद ३३/५८

२. ऋ. १/९२/१८, ५/७/२, ५/७५/३, ८/८/१; ८/५/११, ८/८७/५

३. कुह त्या कुह नु श्रता दिवि देवा नासत्या।
कस्मिन्ना यतथो जने को वां नदीनां सचा।।
कं याथ: के ह गच्छथ: कमच्छा युञ्जाथे रथम्।
कस्य ब्रह्माणि रण्यथो वयं वामुश्मसीष्टये।।ऋ. ५/७५/२-३

४. ऋ ८/८/७, ८/८/४, ८/८/३, ८/१०/९, ५/७३/९, ८/९/२ इत्यादि।

५. भुजी हिरण्यपेशसा कवी गम्भीरचेतसा। ऋ. ८/८/२ शुभ्रा ऋ. ७/६८/१; शुभस्पती ऋ. ८/२२१४, १०/९३/६

सूर्य के लिए मार्ग खुला कर देती है, तब अश्व और गौ रूप वैभव देने वाले आप दोनों को हम बुलाते हैं।''[१] कभी कहा गया है कि वेन दिवो-नपाता उस समय पृथिवी पर आते हैं, जब अरुणवर्णा गायों रूपी सूर्य किरणों से रात्रि का अन्धकार कुछ नष्ट होता है।[२] अन्यत्र कहा गया है कि जब गुलाबी उषा दूर से पृथिवी पर आती है, और क्रमशः श्वेत वर्ण होती जाती है, तब अश्विनौ अपने पृथुपावस् रथ से उषा के साथ-साथ चलने लगते हैं।[३] उषा के साथ उनके सम्बन्ध को कई बार और अलग-अलग रूपों में दर्शाया गया है,[४] पर इससे यह सुव्यक्त हो जाता है कि अश्विनौ का आविर्भावकाल उषःकाल के आसपास ही है और अश्विनौ का प्रातकाल और सूर्योदय से निश्चित सम्बन्ध है। इससे भी उषा के आगमन और सूर्योदय के बीच में आकश में परिव्याप्त होने वाले प्रातःकालीन स्वर्णिम प्रकाश को अश्विनौ की धारणा का मूल रूप मानना उचित प्रतीत होता है। ऐतरेय ब्राह्मण ने अश्विनौ के उषा और अग्नि की भांति प्रातः काल का देवता बताया भी है,[५] उषःकाल की सुनहरी किरणों से सम्बन्ध होने के कारण ही उन्हें **पुष्करस्रजौ** अर्थात् 'कमल पुष्पों की माला धारण करने वाले' कहना सर्वथा सुसंगत है।[६]

अश्विनौ की एक प्रमुख विशेषता है—उनका सूर्या का पति होना और उसे अपने रथ पर बैठाना। कहा गया है कि सूर्या ने स्वयं अश्विनौ को पति के रूप में वरण किया।[७] यह सूर्या सूर्य की पोषा दुहिता है, जो अश्विनौ के रथ पर बैठती है।[८] मन्त्रों में कई बार सूर्य की युवती पुत्री सूर्या के अश्विनौ के रथ पर बैठने का उल्लेख हुआ है[९] पर दशम मण्डल का सूर्या सूक्त (१०/८५/९,१४) सोम को

---

१. अप स्वरुरुषसो नग्जिहाते रिणक्ति कृष्णीररुषाय पन्थान्।
अश्वामघा गोमघा वां हुवेम। स ७/७१/१.

२. कृष्णा यद् गोष्वरुणीषु सीदद् दिवो नपाताश्विना हुवे वाम् /ऋ १०/६१/४

३. दूरादिहेव यत् सत्यरुणप्सुरशिश्वितत्।
नृवद दस्रा मनोयुजा श्वेन पृथुपाजसा।
सचेथे अश्विनोषसम्। ऋ. ८/५/१-२

४. ऋ १/३४/१०, ८/९/१७, १/१५७/१, ८/२२/१४, ५/७६/३

५. ऐत वाव देवाः प्रातर्यावाणो यदग्निरुषा अश्विनौ। ऐतरेय ब्राह्मण २/१५

६. ऋ. १०/१८४/२; अथर्ववेद ३/२२/४; ५/२५/३ शतपथब्राह्मण, वाजसनेयीसंहिता २/३३; श्रीमदभागवत्पुराण ९/३/१५: ४/१/५१६.

७. आ वां पतित्वं सख्याय जग्मुषी योषावृणीत जेन्या युवां पती। ऋ. १/११९/५; १/११७/१३
येन पती भवथः सूर्यायाः। ऋ. ४/४३/६

८. युवोः श्रियं परि योषावृणीत सूरो दुहिता परितक्म्यायाम्। ऋ. ७/६९/४

९. ऋ. १/११८/५, १/११७/१३, ४/४३/४, १/११६/१७, ५/७३/५, ८/८/१०, १/३४/२, ६/६३/५

सूर्या का पति (वधूयु) और अश्विनौ को वर के परिचर के रूप में चित्रित करता है। यहां सोम पवमान सोम से पर्याप्त भिन्न है, इसलिए सूर्या से उनका सम्बन्ध कदाचित् परवर्ती विकासक्रम के अन्तर्गत विचारणीय है। प्रारंम्भिक मण्डलों में सूर्या का सम्बन्ध अश्विनौ से दर्शाया गया है। यह सूर्य की दुहिता सूर्या अपने प्रकृति स्वरूप में उषा के समकक्ष मानी जा सकती है। अत: कह सकते हैं कि प्रात:कालीन प्रकाश के पुरुष देवता का रूप होने के कारण ही अश्विनौ से सूर्या के उक्त सम्बन्ध की परिकल्पना की गयी है।

जिस प्रकार अश्विनौ 'हिरण्य पेशसा' हैं, उसी प्रकार उनका रथ भी 'हिरण्य' है।[१] उनके रथ के चक्र, अक्ष, परिधि (पवय:), रश्मियां (अभीशु:) आदि सब अवयव स्वर्णिम हैं।[२] प्रात:काल की सुनहरी किरणों से सम्बद्ध होने के कारण ही अश्विनौ के रथ को न केवल स्वर्णनिर्मित या हिरण्मय बताया गया है, अपितु एक सहस्र किरणों से अलंकृत भी कहा गया है।[३] एक मात्र 'अश्विनौ' के रथ को ही 'त्रिचक्र' और 'त्रिवृत' अर्थात् तीन चक्र वाला और तीन छोर वाला कहा गया है। एक सम्पूर्ण सूक्त (१/३४) में अश्विनौ का 'त्रि' से बहुविध सम्बन्ध दिखाया गया है यथा तीन बार आओ, तीन बार जाओ, तीन बार शिक्षा दो, तीन बार दो, तीन बार धन दो, इत्यादि। कदाचित् 'त्रि' से इस विलक्षण सम्बन्ध के आधार पर रथ को भी 'त्रिस्थ' या 'त्रिचक्र'[४] अर्थात् तीन पहियों वाला कहा गया है। अश्विनौ के इस विशेष पक्ष की व्याख्या करना कठिन है। दिन के तीन काल या तीन लोकों के रूप में इसकी व्याख्या सन्तोषजनक प्रतीत नहीं होती है। सन्देह नहीं कि अश्विनौ का रथ आकाश में उड़ने वाला माना गया है, इसलिए उसमें बहुधा शीघ्रगामी पक्षी अश्वों के रूप में जोड़ जाते हैं[५], या फिर वे उड़ने वाली नौकाओं पर विचरण करते हैं।[६] उनके रथ में पक्षी सदृश वाहकों की परिकल्पना द्वारा उनका आकाशीय परिभ्रमण सम्पुष्ट होता है।

अश्विनौ का रथ द्युलोक की परिक्रमा करता है।[७] वे अपनी नावों के द्वारा दिव्य समुद्ररूप द्युलोक को लांघ जाते हैं[८]—विवरण इसी तथ्य को प्रकट करते हैं कि अश्विनौ दिव्य लोक में व्याप्त एवं शीघ्रगामी प्रकाशतत्त्व के वाचक हैं।

---

१. हिरण्ययेन पुरुभू रथेन....। ऋ. ४/४४/४; ४/४४/५

२. ऋ. ८/५/२९, १/१८०/१, ८/२२/५

३. ऋ. १/११९/२; ८/८/११

४. त्रिष्ठं वां सूरे दुहिता रुहद् रथम्। ऋ. १३४/५ त्रिवृतो रथस्य। ऋ. १/३४/९; १/३४/१२

५. ऋ. १/१११८/४, १/११२/१२, १/१२०/१०, ६/५३/६, ७; ८/५/७

६. ऋ. १/१८२/५, १/११६/२, ३, ४, ५

७. ऋ. १/१८०/१०, ३/५८/८

८. ऋ. ४/४३/५, १/४७/६

ऋग्वैदिक अश्विनौ का मधु से सम्बन्ध अन्य देवताओं की तुलना में अधिक वर्णित है। उनकी अपनी विशेषता 'मधुमती कशा' हैं।[१] उनका रथ भी मधुवर्ण या मधुवाहन है।[२] केवल उन्हें ही 'मधुपा' कहा गया है।[३] उनके मधु सम्बन्ध की व्याख्या यद्यपि कठिन है, तथापि प्रातः कालीन मधुरिमा और मनोहरवातावरण के रूप में इसे ग्रहण करने पर अश्विनौ के उक्त स्वरूप की समीक्षा सम्भव है।

अश्विनद्वय की प्रधानतम विशेषता उनका आरोग्यकर्ता और दिव्यभिषक् होना है। इसीलिए विपन्तों के सहायक, रक्षक और रोगनिवारक रूप में उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है और अनेक उपाख्यान भी कहे गये हैं। अश्विनौ की इस चारित्रिक विशेषता का स्पष्टीकरण उनको दिव्य या आकाशीय प्रकाश का देवता मानने पर किया जा सकता है क्योंकि स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक शक्तियों और तत्त्वों में सूर्य से उद्भूत प्रातःकालीन प्रकाश की उपादेयता सर्वाधिक है। अश्विनौ का भिषकत्व उनके युग्मरूप को समझने में भी सहायक है। अश्विनौ के आविर्भाव, द्यौस् और सूर्य सूर्य से सम्बन्ध, उषा और सूर्या से सम्बन्ध, प्रकाशमय रूप, द्युलोक की परिक्रमा, पुष्करस्रज विशेषण, मधु से सम्बन्ध आदि तथ्यों द्वारा उन्हें केवल प्रातःकालीन आकाश में 'परिव्याप्त' प्रकाश के प्रतिनिधि देवता के रूप में ही समझा जा सकता है। इससे उनका द्वित्व रूप अव्याख्यात रह जाता है। परन्तु विस्तारपूर्वक भिषज्रूप की प्रशस्तियों से स्पष्ट हो जाता है कि 'अश्विनौ वस्तुतः प्रातःकालीन और सायंकालीन दिव्य प्रकाश का युग्म रूप रहे होंगे, क्योंकि स्वास्थ्य और प्रकृति के लिए दोनों कालों का महत्त्व लगभग समान है।

अतः इस सम्भावना में अश्विनौ दिव्यलोक के एक छोर से दूसरे छोर तक प्रातःकाल और सायंकाल फैलाने वाले उस स्वर्णिम प्रकाश के प्रतिरूप है जो सूर्योदय और सूर्यास्त के तुरन्त पहले द्युलोक में परिव्याप्त दीखता है। इसीलिए निरुक्त में 'अश्विनौ' नाम की व्युत्पत्ति व्याप्त्यर्थक अंश से की गयी है-'जो सबको व्याप लेते हैं।'[४] इनमें एक के आने के बाद प्रकाश व्यापता है और दूसरे के आने के बाद अन्धकार। निरुक्त के अनुसार एक ज्योति से व्यापता है और दूसरा रस से।[५] स्वरूपतः समरूप और समगुण होने पर भी ये अलग-अलग माने गए हैं। दोनों अश्विनौ का सहस्तम्भ है और नाम द्विवचनात्मक है। कुछेक मन्त्रों में इनके मूलतः पृथक्-पृथक् होने अथवा जन्म लेने के संकेत भी है।[६] एक बार एक अश्विन् का उल्लेख हुआ है।[७] स्पष्ट ही ऋग्वैदिक दृष्टि में वे युग्म रूप होकर

१. ऋ. १५७/४; ९१२
२. ऋ. ८/२२/६
३. ऋ. ८/२२/९६
४. अश्विनौ यद् व्यपश्नुवाते सर्वम्। निरुक्त, १२/१
५. निरुक्त १२/१
६. ऋ. ५/७३/४, १/१८१/४
७. परिज्मने नासत्याय क्षे ब्रवः। ४/३/६

भी अभिन्न रूप नहीं है।

यास्क के पूववर्ती आचार्य और्णवाभ ने 'अश्विनौ नाम की व्याख्या' जिनके पास अश्व हों–इस रूप में की है।[१] अश्विनौ का अश्वों से कोई विशेष सम्बन्ध नहीं है, अत: अश्वों को प्रतीक मानकर सूर्य किरणों का उपलक्षण मानना चाहिए। ऋग्वैदिक ऋषि ने स्वयं सूर्य की अहरणशील रश्मियों को 'हेठित:' नामक अश्व कहा है। इस दृष्टिकोण से भी 'अश्विनौ' अश्वरूप किरणों से सम्पन्न आकाशीय प्रकाश के प्रतिरूप प्रतीत होते हैं।

वेदोत्तर पुराण साहित्य में देवताओं के विकसित और परिवर्तित रूपों का दिग्दर्शन होता हैं वहां अश्विनौ या जुड़वा अश्विनी कुमार सूर्य के यमल पुत्रों के रूप में वर्णित किये गये हैं। जब सूर्य के अतिशय तेज को सहन न कर सकने के कारण सूर्यपत्नी 'संज्ञा' अपनी सवर्णा छाया को अपने स्थान पर छोड़कर अश्वी का रूप धारण कर तपस्या के निमित्त वन में चली गयी, तब अश्वरूप धारण कर सूर्य ने उसका अनुसरण किया। उन दोनों के संयोग से नासत्य और हस्त नामक दो अश्विन्कुमारों की उत्पत्ति हुई–इस प्रकार की कथा पुराणों में विस्तार से बहुश: कही गयी है।[३] इस कथा का प्रारम्भिक स्वरूप निरुक्त (१२/१०) और बृहद्देवता (७/१७) में भी मिलता है। कथा से स्पष्ट है कि 'अश्विनौ' नाम में उनके अश्व-सम्बन्ध को प्रमुखता दी जा रही है। वैदिक दृष्टि में 'अश्व' रश्मि या सूर्य का प्रतीक है, अत: उत्तरवर्ती विकासक्रम को ध्यान में रखने पर भी अश्विनौ को आकाशीय दिव्यप्रकाश का प्रतिरूप मानना उपयुक्त प्रतीत होता हैं। इससे उनका सूर्य या विवस्वान् और उषा या सरण्यू (संज्ञा) का पुत्र होना भी सिद्ध हो जाता है।

इस प्रकार ऋग्वैदिक अश्विनौ को प्राकृतिक आधार पर आकाश में सूर्य से उद्भूत होने वाले प्रात:कालीन और सायंकालीन स्वर्णिम प्रकाश का युग्म रूप माना जा सकता है। उनके स्वरूप की अत्यधिक व्यापकता और सुन्दरता इस अवधारणा का नियामक तथ्य है।

---

१. ऋ. १/१८१/४

२. अश्वैरश्विनौ इत्यौर्णवाभ:। निरुक्त १२/१

३. मत्स्य पुराण. ११५/६

बृहदारण्यकोपनिषद् में प्राण का स्वरूप

-डॉ. मंगलाराम

क्रियाशील तत्त्व प्राण है। समस्त क्रियाएं प्राणाधीन हैं, अतः प्राण समस्त क्रियाओं का उपादान कारण सिद्ध होता है। समस्त क्रियाएं प्राण की ही विकार हैं। प्राण अपने आसञ्जन धर्म के कारण विधरणशक्ति (आकर्षणशक्ति) से सम्पन्न है। प्राण प्रत्येक भूत में स्थित है। वह अपने एक विशेष प्रकार के आभामण्डल से युक्त है जिससे वह अल्पप्रदेश में स्थित होकर भी अतिप्रदेश तक फैल जाता है। प्राण कभी भी शयन नहीं करता अपितु कुछ न कुछ क्रिया करता ही रहता है। वह न कभी थकता है और न ही विश्राम करता है। प्राण अनन्त हैं, जैसे मनुष्य के प्राण, पशु के प्राण, कृमि-कीट के प्राण, देवता के प्राण, ईश्वर के प्राण और सर्वात्मब्रह्म के प्राण। परन्तु इन सभी प्राणों के रहते हुए भी इनमें एक प्राण मुख्य है जो इन सभी प्राणों का सञ्चालन करता है। उसे हम दिव्यप्राण अथवा आत्मभावस्वरूप प्राण कह सकते हैं।

मुखप्राण

मुख में रहने वाला प्राण सभी प्राणों से अधिक शक्तिशाली है। वह मुख्य प्राण है। यदि उसके समीप असुर आते हैं तो वे ठीक उसी प्रकार नष्ट हो जाते हैं जिस प्रकार पत्थर से टकराकर मिट्टी का ढेला नष्ट हो जाता है। असुरों का पराभव प्राण से ही होता है। प्राण से देवता प्रकृतिस्थ हो जाते हैं। प्राणविद्या का ज्ञाता प्रजापति रूप में स्थित होता है और उससे द्वेष करने वाले का पराभव होता है।[1] प्राण देवताओं के लिये उद्गान करता है। प्राण में जो भोग है उसे वह देवताओं के लिये आगान करता है और वह शुभ सूंघता है-'अथ ह प्राणमूचुस्त्वं न उद्गायेति। तथेति तेभ्यः प्राण उद्गायद्यः प्राणे भोगस्तं देवेभ्यः आगायद्यकल्याणं जिघ्रति तदात्मने।'[2]

---

१. अथ हेममासन्यं प्राणमूचुस्त्वं न उद्गायेति। तथेति तेभ्य एष प्राण उद्गायत्ते विदुरनेन वै न उद्गात्रात्यात्येष्यन्तीति तमभिद्रुत्य पाप्मनाविव्यत्सन्। स यथाश्मानमृत्वा लोष्टो विध्वंसेतैवं हैव विध्वंसमाना विष्वञ्चो विनेशुस्ततो देवा अभवन्परासुराः।

—बृहदारण्यकोपनिषद् (गीताप्रेस गोरखपुर, छठा संस्करण, विक्रम संवत् २०५०) १.३.७

२. वही. १.३.३

दूरप्राण

प्राण देवता 'दूर्' नाम वाला है क्योंकि इससे मृत्यु दूर रहती है–'सा वा एषा देवता दूर्नाम दूरं ह्यस्या मृत्युर्दूरं ह वा अस्मान्मृत्युर्भवति य एवं वेद।[१] दूर् से तात्पर्य है आसक्ति रूप पाप से दूर रहना–दूरं दूरेः हि यस्मादस्याः प्राणदेवताया मृत्युरासङ्गलक्षणः पाप्मा।[२] प्राण असंगधर्मी है, इसलिये समीपस्थ होने पर भी इससे मृत्यु की दूरता है। इन्द्रियजनित विषयों के संसर्ग से होने वाली आसक्ति ही पाप अर्थात् मृत्यु है। उसका प्राणात्माभिमानी से विरोध है। प्राणदेवता वागादि देवताओं के पाप रूप मृत्यु को हटाकर दिशाओं के अन्तिम भाग तक पहुंचा देता है तथा वहां उस पाप को तिरस्कारपूर्वक स्थापित कर देता है–'सा वा एषा देवतैतासां देवतानां पाप्मानं मृत्युमपहत्य यत्रासां दिशामन्तस्तद्गमयाञ्चकार तदासां पाप्मनो विन्यदधात्'।[३]

प्राण वाग्देवता को मृत्यु से पार कराता है और मृत्यु से पार होते ही वाक् देदीप्यमान् अग्नि रूप हो जाती है–'स वै वाचमेव प्रथमामत्यवहत्सा यदा मृत्युमत्यमुच्यत सोऽग्निरभ वत्सोऽमग्निः परेण मृत्युमतिक्रान्तो दीप्यते'।[४] जब तक प्राण ने वाक् को मृत्यु के पार नहीं पहुंचाया था तब तक वह अग्निरूप वाक् उतनी दीप्तिमान नहीं थी जितनी कि मृत्यु से पार होने पर। प्राण द्वारा चक्षु को मृत्यु के पार पहुंचाने पर वह आदित्य बन गया, श्रोत्र दिशा बन गये और मन चन्द्रमा बन गया।

प्राणमहिमा

जो कुछ अन्न खाया (अदन) जाता है वह प्राण के द्वारा खाया जाता हैं तथा उस अन्न से प्राण प्रतिष्ठित होता है–'यद्धि किञ्चान्नमद्यतेऽनेनैव तदद्यत इह प्रतितिष्ठिति'।[५] 'अन' प्राण का प्रसिद्ध नाम है–'अन इति प्राणस्याख्या प्रसिद्धा'।[६] मुख्य प्राण में समस्त देवता प्रविष्ट हैं–'ते वै माभिसंविशतेति तथेति तं समन्तं परिण्यविशन्त'।[७] प्राण की आज्ञा से प्रविष्ट हुए उन सबकी, जो प्राण के द्वारा खाया जाता है वह प्राण की स्थिति करने वाला, ही तृप्ति करने वाला अन्न होता है। वाक् इत्यादि का स्वतन्त्रतापूर्वक अन्न के साथ सम्बन्ध नहीं होता अपितु प्राण की कृपा से होता है।

---

१. वही, १.३.९
२. वही, १.३.९ शाङ्करभाष्य
३. बृहदारण्यकोपनिषद्, १.३.१०
४. वही, १.३.१२
५. वही, १.३.१७
६. वही, १.३.१७ शाङ्करभाष्य
७. बृहदारण्योपनिषद्, १.३.१८

प्राण अयास्य आङ्गिरस है, क्योंकि वह अङ्गों का रस अर्थात् सार है। इसी कारण जिस किसी अङ्ग से प्राण का उत्क्रमण हो जाता है वह अंग उसी जगह सूख जाता है–'सोऽयास्य आङ्गिरसोऽङ्गनां हि रसः प्राणे वा अङ्गानां रसः प्राणो हि वा अङ्गानां रसस्तस्माद्यस्मात्कस्माच्चाङ्गात्प्राण उत्क्रामति तदेव तच्छुष्यत्येष हि वा अङ्गानां रसः'।[१] प्राण कार्यकरणरूप भूत और इन्द्रियों का आत्मा है–'अतः कार्यकरणानामात्मा प्राणः'।।[२] आत्मा का वियोग होने पर ही शोष-मरण होता है, अतः समस्त प्राणी उसी से जीवित रहते हैं। इसलिये प्राण ही उपासनीय है।

प्राण का बृहस्पतित्व, ब्रह्मणस्पतित्व और सामत्व

प्राण हो बृहस्पति है, क्योंकि वाक् बृहती है और प्राण उसका पति है–'एष एव उ बृहस्पतिर्वाग्वै बृहती तस्या एष पतिस्तस्मादु बृहस्पतिः।[३] प्राण से ही वाणी का पालन होता है, क्योंकि प्राणहीन में शब्दोच्चारण की शक्ति नहीं होती।[४]

प्राण ही ब्रह्मणस्पति है, क्योंकि वाक् ही ब्रह्म है और प्राण उसका पति है–एष उ 'एव ब्रह्मणस्पतिर्वाग्वै ब्रह्म तस्या एष पतिस्तस्मादु ब्रह्मणस्पतिः।[५]

प्राण ही साम है। वाक् ही 'सा' है और यह प्राण 'अम' है। सा और अम ही साम है। यही साम का सामत्व है, क्योंकि वह प्राण ही मक्खी, मच्छर, हाथी, त्रिलोकी और सभी के समान है।

'एष उ एव साम वाग्वै सामैष सा चामश्चेति तत्साम्नः सामत्वम्। तद्वेव समः प्लुषिणा समो मशकेन समो नागेन सम एभिस्त्रिभिर्लोकैः समेऽनेन सर्वेण तस्मादेव साम'।[६] प्राण रूप वाणी के व्यापार के सिवाय साम नाम की कोई वस्तु नहीं है, क्योंकि स्वर और वर्णादिक भी प्राण से निष्पन्न होने वाले और प्राण के ही अधीन है। प्राण अमूर्त और सर्वगत है। सर्वगत प्राण का शरीर के परिमाणानुसार वृत्तिलाभ करने में कोई विरोध नहीं है।

---

१. वही, १.३.१९

२. वही, १.३.१९ शाङ्करभाष्य

३. बृहदारण्यकोपनिषद्, १.३.२०

४. वही, १.३.२० शाङ्करभाष्य, अप्राणस्य शब्दोच्चारणसामर्थ्याभावात्।

५. बृहदारण्यकोपनिषद्, १.३.२१

६. वही, १.३.२२

प्राण का उद्गीथत्व

प्राण ही उद्गीथ है। प्राण ही उत् है। इसके द्वारा ही यह समस्त जगत् उत्तब्ध अर्थात् धारण किया हुआ है। वाक् ही गीथा है। प्राण उत् और गीथा दोनों है इसलिये वह उद्गीथ है–एष उ वा उद्गीथः 'प्राणो वा उत्प्राणेन हीदं सर्वमुत्तब्धं वागेव गीथोच्च गीथा चेति स उद्गीथः'।[१] 'उत्तब्ध' अर्थ का द्योतन करने वाला यह 'उत्' शब्द प्राण का गुण बतलाने वाला है अतः प्राण 'उत्' है–'उत्तब्धार्थवद्योतकोऽयमुच्छब्दः प्राणगुणाभिधायकस्तस्मादुत्प्राणः'।[२] उन प्राण है और गीथा प्राणतन्त्रा वाक् है, अतः इन दोनों का एक ही शब्द से कथन होता है और वह शब्द उद्गीथ है। जो उस साम शब्द वाच्य मुख्यप्राण के स्व अर्थात् धन को जानता है उसे धन प्राप्त होता है।[३] निश्चय ही स्वर ही साम का धन है। अतः ऋत्विक्कर्म करनेवाले को वाणी में स्वर की इच्छा करनी चाहिये। स्वर कण्ठगत मधुरता को कहते हैं–तस्य वै साम्नः स्वर एव स्वम्। स्वर इति कण्ठगतं माधुर्यं तदेवास्य स्वं विभूषणम्।[४]

प्राणदर्शन

प्राणदर्शन लोकजित् अर्थात् लोकप्राप्ति का साधन है–तद्धैतल्लोकजिदेव।[५] ज्ञान और कर्म दोनों के समुच्चय द्वारा प्राणात्मत्व की प्राप्ति होती है–तावज्ज्ञानकर्मभ्यां प्राणात्मापत्तिः।[६]

प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान और अन–ये सब प्राण ही हैं। यह आत्मरूप शरीर वाङ्मय, मनोमय ओर प्राणमय ही है–'प्राणोऽपानो व्यान उदानः समानोऽन इत्येतत्सर्वं प्राण एवैतन्मयो वा अयमात्मा वाङ्मयो मनोमयः प्राणमयः'।[७] मुख और नासिका में संचार करने वाली जो वायु की हृदयपर्यन्त वृत्ति है वह प्राणयन अर्थात् बहिर्गमन करने के कारण प्राण कहलाती है। प्राण और अपान के व्यापार प्राणन और अपानन की कभी निवृत्ति नहीं होती है।

---

१. वही, १.३.२३

२. वही, १.३.२३ शाङ्करभाष्य

३. तस्य हैतस्य साम्नो यः स्वं वेद भवति हास्य स्वं तस्य वै स्वर एव स्वम्–बृहदारण्यकोपनिषद, १.३.२५

४. वही, १.३.२५, शाङ्करभाष्य

५. बृहदारण्यकोपनिषद्, १.३.२५

६. वही, १.३.२५ शाङ्करभाष्य

७. बृहदारण्यकोपनिषद्, १.५.३

वाक्-मन-प्राण

भू, भुवः और स्वः नामक तीनों लोक वाक्, मन और प्राण ही है। वाक् पृथिवीलोक है. मन अन्तरिक्षलोक है और प्राण स्वर्गलोक है–वागेवायं लोको मनोऽन्तरिक्षलोकः प्राणोऽसौ लोकः।[१] वाक् ऋग्वेद है, मन यजुर्वेद है और प्राण सामवेद है। वाक् देवता है, मन पितृगण है और प्राण मनुष्य हैं। मन पिता है, वाक् माता है और प्राण प्रजा है–'त्रयो वेदा एत एव वागेवर्ग्वेदो मनो यजुर्वेदः प्राणः सामवेदः। देवाः पितरो मनुष्या एत एव वागेव देवाः पितरो मनुष्या एत एव वागेव देवा मनः पितरः प्राणो मनुष्याः। पिता माता प्रजैत एव मन एव पिता वाङ् माता प्राणः प्रजा'।[२]

वाक् विज्ञात है। वह विज्ञाता भी है। मन विजिज्ञास्य है ओर प्राण अविज्ञात है–'यत्किञ्च विज्ञातं वाचस्तद्रूपं वाग्धि विज्ञाता वागेनं तद्भूत्वावति। यत्किञ्च विजिज्ञास्यं मनसस्तद्रूपं मनो हि विजिज्ञास्यं मन एनं तद्भूत्वावति। यत्किञ्चाविज्ञातं प्राणस्य तद्रूपं प्राणो ह्यविज्ञातः प्राण एनं तद्भूत्वावति'।[३] अविज्ञात का अर्थ है विज्ञान का अविषय होना। वाक् का शरीर पृथिवी है। मन का शरीर द्युलोक है। द्युलोक ज्योतिरूप आदित्य है। आदित्य और अग्नि के मिथुनभाव से प्राण उत्पन्न हुआ। प्राण इन्द्ररूप है और असपत्न अर्थात् शत्रुविहीन है–'ता मिथुनं समैतां ततः प्राणेऽजायत स इन्द्रः स एषोऽसपत्नः'।[४]

प्राण का शरीर जल है–'एतस्य प्राणस्यापः शरीरम्'।[५] ये वाक्, प्राण ओर मन सब समान अर्थात् तुल्य व्याप्ति वाले ही हैं। अध्यात्म और अधिभूत के सहित जितना भी प्राणियों का विषय हैं ये सब उसको व्याप्त करके स्थिति है।[६] अतः ये अनन्त हैं अर्थात् संसार की स्थिति पर्यन्त रहने वाले हैं, क्योंकि कार्य ओर करण को छोड़कर संसार में अन्य कुछ भी नहीं जाना जाता और मन. प्राण एवं वाक् कार्यकरणरूप ही हैं।

जिस वायु देवता से सूर्य उदय होता है और जिसमें वह अस्त होता है वह प्राण ही है–'यतश्चोदेति सूर्योऽस्तं यत्र च गच्छतीति प्राणाद्वा एष उदेति प्राणेऽस्तमेति'।[७] जिस समय पुरुष सोता है उस समय

---

१. वही, १.५.४

२. वही, १.५.५-७

३. वही, १.५.८-१०

४. वही, १.५.१२

५. ते एते वाङ्मनःप्राणाः सर्वे एव समास्तुल्या व्याप्तिमन्तो यावत्प्राणिगोचरं साध्यात्माधिभूतं व्याप्य व्यवस्थिताः।. वही, १.५.१३, शाङ्करभाष्य

६. बृहदारण्यकोपनिषद्, १.५.२३

वाक् प्राण में लीन हो जाती हैं। जिस समय वह उठता है उस समय वागादि प्राण से ही पुनः उत्पन्न हो जाते हैं। वायु और प्राण का जो परिस्पन्द रूप धर्म है वही समस्त देवताओं द्वारा अनुवर्तित होने वाला व्रत है।

प्राण का अमृतत्व

प्राण ही अमृत है। सत्य स्वरूप नाम तथा रूप से प्राण आच्छादित है–'प्राणो वा अमृतं नामरूपे सत्यं ताभ्यामयं प्राणश्छन्नः'।[१] अविनाशी प्राण वह है जो इन्द्रियरूप, शरीर का आन्तर आधारभूत और आत्मस्वरूप हैं प्राण ही सत्य है–'प्राणा वै सत्यम्'।[२]

जो मध्यम प्राण है वही शिशु है। प्राण स्थूणा (खूंटा) है और अन्न दाम अर्थात् बन्धनरज्जु है–'अयं वाव शिशुर्योऽयं मध्यमः प्राणः तस्येदमेवाधानमिदं प्रत्याधानं प्राणः स्थूणान्नं दाम'।[३] अन्न प्राण और शरीर का बन्धन है। शिशु की आंखों में जो लाल रेखाएं हैं उनके द्वारा देवस्वरूप मेघ इसके अनुगत है। मेघ प्राण का अन्नभूत अक्षिति है। जो दर्शनशक्ति है उसके द्वारा आदित्य मध्यप्राण में प्रवेश करता है। नेत्र में जो कृष्ण वर्ण है उसके द्वारा अग्नि उसमें उपस्थित होता है। नेत्र में जो शुक्लवर्ण है उससे इन्द्र और नीचे के पलक द्वारा इसमें पृथिवी अनुगत है, क्योंकि इन दोनों की अधरत्व में समानता है तथा ऊपर के पलक द्वारा द्युलोक अनुगत है, क्योंकि ऊर्ध्वत्व में उन दोनों की समानता है। ये सातों निरन्तर प्राण के अन्न होकर उपजते रहते हैं। शिशु के सिर में अनेक रूपों वाला यश निहित है। प्राण ही अनेक रूपों वाला यश है–'प्राणा वै यशो विश्वरूपम्'।[४] उसके तीर पर सात स्फुरणात्मक ऋषिप्राण रहते हैं। प्राण ही ऋषि हैं–'तस्यासत ऋषयः सप्त तीर इति प्राणा वा ऋषयः'।[५]

समाहितचित्त पुरुष और प्राण

समाहितचित्त पुरुष के पूर्वदिशा पूर्वप्राण हैं, दक्षिण दिशा दक्षिणप्राण हैं, पश्चिम दिशा पश्चिम-प्राण हैं, उत्तर दिशा उत्तरप्राण हैं, ऊपर की दिशा ऊपर के प्राण हैं, नीचे की दिशा नीचे के प्राण

---

१. वही, १.६.३

२. वही, २.२.१

३. वही, २.२३ शाङ्करभाष्य

४. तस्य प्राची दिक् प्राञ्चः प्राणा दक्षिणा दिग् दक्षिणे प्राणाः प्रतीची दिक् प्रत्यञ्चः प्राणा उदीची दिगुदञ्चः प्राणा ऊर्ध्वा दिगुर्ध्वाः प्राणा अवाची दिगवाञ्चः सर्वा दिशः सर्वे प्राणाः। –वही, ४.२.४

५. तस्य प्राची दिक् प्राज्यः प्राणा दक्षिणा दिग् दक्षिणे प्राणाः प्रतीची दिक् प्रत्यञ्चः प्राणा उदीची दिगुदञ्चः प्राणा ऊर्ध्वा दिगूर्ध्वाः प्राणा अवाची दिगवाञ्चः प्राणाः सर्वा दिशः सर्वे प्राणाः। –वही, ४.२.४

है और सम्पूर्ण दिशायें सम्पूर्ण प्राण हैं'।[१] इस प्रकार वह सर्वशक्तिमान् सर्ववेत्ता विद्वान सर्वात्मक प्राण को आत्मभाव से प्राप्त हो जाता है–'एवं विद्वान् क्रमेण सर्वात्मकं प्राणमात्मत्वेनोपगतो भवति'।[२]

अनन्तकाल अर्थात् मरणसमय में, जब व्यक्ति ऊर्ध्वोच्छ्वास लेने लगता है तो वागादि समस्त प्राण भोक्ता-आत्मा के सम्मुख एकत्रित होकर इसके साथ जाते हैं–'इममात्मानमन्तेकाले सर्वे प्राणा अभिसमायान्ति यत्रैतदूर्ध्वोच्छ्वासी भवति'।[३] अर्थात् आत्मा के शरीर से उत्क्रमण करते ही प्राण उसके साथ उत्क्रमण करते हैं और प्राण के उत्क्रमण करने पर सम्पूर्ण इन्द्रियप्राण भी उत्क्रमण करते हैं। उस समय आत्मा विशेष विज्ञानवान् होता है।

प्राण और अन्न

प्राण अन्न है। प्राण के बिना यह अन्न सड़ने लगता है। इसमें पानी छूटने लगता है और यह पूतिभाव (दुर्गन्ध) को प्राप्त हो जाता है। प्राण और अन्न ये दोनों देवता एकभाव को प्राप्त होकर परमभावरूप ब्रह्मत्व को प्राप्त होते हैं–'एते ह त्वेव देवते एकधाभूयं भूत्वा परमतां गच्छतः'।[४] प्राण और अन्न ये दोनों मिलकर ब्रह्म हैं–ऐसा जो जानने वाला है वह पुरुष अशुभ करने से तो खण्डित नहीं होता और शुभ करने से महान् नहीं होता।

अन्न 'वि' है, क्योंकि अन्न में ही ये समस्त भूत विष्ट अर्थात् आश्रित हैं–'वीत्यन्नं वै व्यन्नं हीमानि सर्वाणि भूतानि विष्टानि'।[५] प्राण ही 'रम्' है, क्योंकि बल के आश्रयभूत प्राण के रहने पर ही सब भूत रमण करते हैं–'रमिति प्राणो वै रं प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि रमन्ते सर्वाणि ह वा अस्मिन् भूतानि विशन्ति'।[६] इस प्रकार अन्न समस्त भूतों के आश्रयरूप गुण वाला है और प्राण समस्त भूतों के रतिरूप गुण वाला है। बिना आयतन (आश्रय) के कोई रमण नहीं कर सकता और आश्रय के होने पर भी प्राणहीन (बलहीन) रमण नहीं कर सकता। जिस समय प्राणी आश्रय से युक्त और बलवान होता है, तभी अपने को कृतार्थ मानता हुआ रमण करता है।

कुत्ते, कृमि और कीट-पतंगों से लेकर यह जो कुछ भी है वह सब प्राण का अन्न है और

---

१. वही, ४.२.४ शाङ्करभाष्य

२. बृहदारण्यकोपनिषद्, ४.३.३८

३. वही, ५.१२.१

४. वही, ५.१२.१

५. वही, ५.१२.१

जल उसका वस्त्र है–'यदिदं किञ्च श्वभ्य आकृमिभ्य आ कीटपतङ्गेभ्यस्तत्तेऽन्नमापो वास इति'।[१] चूंकि जल प्राण का वस्त्र है अतः श्रोत्रिय ब्राह्मण जब अशन (भेजन) करने को होते हैं तो पहले जल का आचमन करते हैं तथा अशन करने के अनन्तर भी आचमन करते हैं। इसी से वे प्राण को अनग्न (नंगा नहीं) करना मानते हैं–'तद्विद्वाँ सः श्रोत्रिया अशिष्यन्त आचामन्त्यशित्वाचामन्त्येतमेव तदनमनग्नं कुर्वन्तो मन्यन्ते'।[२]

प्राणोपासना

उक्थ शस्त्र है। वह महावृत क्रतु में प्रधान होता हैं प्राण ही उक्थ है। वह इन्द्रियों में प्रधान है और उक्थ शस्त्रों में प्रधान है। प्राण का उक्थत्व इस कारण है कि वही सबको उठाता है। उठाने के कारण प्राण उक्थ है, क्योंकि प्राणहीन कोई भी व्यक्ति उठ नहीं सकता। प्राण की उपासना उक्थ मानकर करनी चाहिये–'उक्थं प्राणो वा उक्थं प्राणो हीदं सर्वमुत्थापयत्युद्धास्मादुक्थविद् वीरस्तिष्ठत्युक्थस्य सायुज्यं सलोकतां जयति य एवं वेद'।[३]

प्राण ही यजुः है क्योंकि प्राण में ही सब भूतों का योग होता है। सम्पूर्ण भूत इसकी श्रेष्ठता के कारण इससे संयुक्त होते हैं अतः यजुः मानकर प्राण की उपासना करनी चाहिये–'यजुः प्राणो वै यजुः प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि युज्यन्ते युज्यन्ते हास्मै सर्वाणि भूतानि श्रैष्ठ्यामय यजुषः सायुज्यं सलोकतां जयति य एवं वेद'।[४]

प्राण ही साम है, प्राण ही क्षत्र है। इस पिण्ड (शरीर) की प्राण क्षत अर्थात् शस्त्रादि की पीड़ा से रक्षा करता है अर्थात् उसे पुनः मांस से भर देता है। अतः क्षत से रक्षा करने के कारण प्राण का क्षत्रत्व प्रसिद्ध है, इसलिये प्राण को 'क्षत्रं त्रायते हैनं प्राणः क्षणितोः प्रक्षयमत्रमाप्नोति क्षत्रस्य सायुज्यं सलोकतां जयति य एवं वेद'।[४४]

इस प्रकार प्राण निश्चित ही एक सर्वव्यापक और सर्वगत तत्त्व है जिसका श्रुतियों में पुनः पुनः प्रतिपादन हुआ है तथा इस पर गहन चिन्तन की आवश्यकता है।

---

१. वही, ६.१.१४

२. वही, ५.१३.१

३. वही, ५.१३.२

४. वही, ५.१३.४

यज्ञ और पर्यावरण

(अथर्ववेद के संदर्भ में) **–डॉ० वेदवती वैदिक**

भारतीय संस्कृति यज्ञपरक संस्कृति रही है। ऋषि मुनि ही नहीं अपितु गृहस्थ भी नित्य प्रति याज्ञिक अनुष्ठान करते थे। यज्ञों के द्वारा जहाँ वायुमण्डल पवित्र होता था वहाँ पर्यावरण का भी संरक्षण हो जाता था। क्योंकि विविध प्रकार की औषधियों-वनस्पतियों को यज्ञीय अग्नि में आहुत करने से अनेक प्रकार के रोगकृमियों और विषैली गैसों का नाश हो जाता था। यज्ञ ही प्रकृति के स्थूल तत्त्वों में शक्ति और सुगन्ध भरता है। पृथ्वी-जल-तेज वायु और आकाश इन्हीं पाँच तत्त्वों से सृष्टि की संरचना हुई है और इन्हीं पाँच तत्त्वों के सूक्ष्मांश से मानवशरीर की निर्मिति हुई है। इन पाँच तत्त्वों में शुद्ध वायु और जल मानव जीवन के लिये अपरिहार्य हैं क्योंकि हमारे जीवनभूत प्राणों में शक्ति का संचार वायु से ही होता है। जीवन का आधार है जलीय तत्त्व जो रक्त के रूप में हमारी धमनियों में प्रवाहित होता हैं। घी, दूध, अन्न तथा विभिन्न वनस्पतियों एवं आरण्यक ओषधियों को अग्नि में आहुत करने से अग्नि वायुमण्डल में फैले विषैले जीवाणुओं और रोगकृमियों को नष्ट कर देता है। यज्ञाग्नि से वायु सुरभित एवं सुवासित हो जाती है। फलस्वरूप हमारी प्राणशक्ति, बल एवं उर्जा सम्पन्न हो आरोग्यवर्धक हो जाते है।

ईश्वर यज्ञ रूप है

स यज्ञः तस्य यज्ञः।[१] ईश्वर यज्ञ है उसकी कृति प्राकृतिक यज्ञ है। सृष्टि में ऋतुचक्ररूपी यज्ञ नियमित और सतत हो रहा है। इस महायज्ञ में वसन्त ऋतु सामग्री है।[२] यह यज्ञ प्रक्रिया विश्व की नियामक हैं। देवों और वसंत आदि ऋतुओं ने यज्ञ को उत्पन्न किया और याज्ञिक अनुष्ठान के निमित्त घी, हवि, पुरोडाश आदि सामग्री, स्रुवा तथा अन्य यज्ञपात्रों को तैयार किया[३]। यज्ञ के दो पक्ष हैं अग्नि और सोम की प्राप्ति।[४]

---

१. अथर्व. १३.४.४०

२. वसन्तं अस्यासीद् आज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद् हविः।'' वही १९.६.१०

३. देवो यज्ञमृतवः कल्पयन्ति हविः पुरोडाशं स्रुवो यज्ञायुधानि। वही. १८.४.२

४. अग्नीषोमौ यज्ञस्य पक्षौ। वही. ८.९.१४

अथर्वा ऋषि और यज्ञ

यज्ञ का ज्ञान सर्वप्रथम अथर्वा ऋषि ने दिया।[१] ऋषि कामना करते हैं कि नदियाँ बहती रहें, वायु बहती रहे, पक्षी उड़ते रहें। हमारी वाणियाँ यज्ञ का संवर्द्धन[२] करें। यज्ञ सुख को प्रवाहित करने वाली हवि से अनुष्ठित करना चाहिए।

यज्ञ सृष्टि में शमन (शांति) देता है

सृष्टि के प्रारम्भ में यज्ञ उत्पन्न हुआ। वह सर्वत्र फैला। उससे ज्ञान की वृद्धि हुई और वह फिर बढ़ने लगा। वह देवताओं का अधिपति बन गया[३]। यज्ञ के देवपूजा, संगतिकरण और दान ये तीन प्रमुख अंग है। अंङ्गिरा ऋषि ने अग्नि प्रदीप्त करके उत्तम कर्मों से शाँति-स्थापना की।[४] कविपुत्र उशना ने यज्ञ के साथ गाय के घी का सम्बन्ध स्थापित किया[५]। यज्ञ का उद्देश्य शमन अर्थात् शांति है।[६]

यज्ञ समस्त सृष्टि की नाभि है

यज्ञ समस्त भुवनों की, समस्त सत्ता की, समस्त जगत् की नाभि है। ''अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।[७]'' प्राकृतिक यज्ञ की सत्ता से यह समस्त संसार गतिशील है। यज्ञ की शक्तियां अनन्त हैं। यज्ञ दीर्घयुष्य शतायुष्य प्रदान करने वाला है[८]। यज्ञ हजारों प्रकार की पुष्टि प्रदान करता है।[९] यज्ञ वायु, प्राण, प्रजा, पशु, कीर्ति को देने वाला है। वह देवों को जागृत करता है।[१०] जो लोग यज्ञ नहीं करते उनका तेज क्षीण हो जाता है। वे निस्तेज हो जाते है।[११] यज्ञ मानों एक नौका है। जो इस यज्ञ की नौका पर चढ़ने में समर्थ नहीं होते वे सदैव दुःख में पड़े रहते है।[१२]

---

१. ''यज्ञैरथर्वा प्रथमः पथस्तते।'' वही. २०.२५.५.

२. ''सं स्रवन्तु नद्यः संवातः सं पतत्रिणः
यज्ञमिमं वर्धयता गिरः सं स्त्राव्येण हविषा जुहोमि।'' वही १९.१.१.

३ ''यज्ञो बभूव स आबभूत्र स प्रजज्ञे स उ वावृधे पुनः।
स देवानामधिपतिर्बभूव सोऽस्मासु द्रविणमा दधातु अथर्व. ७.१.२.

४. ''आदङ्गिराः प्रथम दधिरे वयं इद्धाग्नयः शम्या ये सुकृत्यया।'' वही. २०.२५.१

५. वही. २०.२५.५.

६. वही. २०.२५.४.

७. यजुर्वेद २३.६२

८. ''शतायुषा हविषा'' वही. ३.११.३

९. साहस्रः पोषस्तमु यज्ञमाहुः।'' वही.९.४.७.

१०. आयुः प्राणं प्रजां पशून्कीर्तिं यजमानं च वर्धय'' वही. १९.६३.१.

११. अयज्ञियाः हतवर्चाः भवति। वही. १२.२.३७.

१२. न ये शंकुर्यज्ञियां नाव मरुतम् वही. २०.२५.६

भैषज्य यज्ञ-

यज्ञ प्राय: ऋतुसंधियों में किये जाते है। क्योंकि ये ऋतुपरिवर्तन से होने वाले रोगादि कृमियों को नष्ट करके यज्ञ, आरोग्य, बल, दीर्घ आयुष्य प्रदान करते है। यज्ञ भैषज्य रूप है।[१] ऋतुसंधियों में वायु में विकार आ जाता है। वायु के इन विकारों को दूर करने के लिये विभिन्न औषधयाग अनुष्ठित किये जाते है।

अग्निः शुचिक्रतुः

याज्ञिक अग्नि सदैव शुद्ध रहती है। उसमें जो भी पदार्थ आहुत किये जाते है वे भी शुद्ध हो जाते है। अनिशुचिक्रतुः है। अर्थात् वह स्वयं रहकर दूसरों को भी शुद्ध करती है। अग्नि की उर्ध्वज्वलित शिखाओं का तेज सर्वत्र फैलकर सबको शुद्धि प्रदान करता है क्योंकि यज्ञाग्नि मे सबको शुद्ध करने का गुण जन्मजात है।[२]

अग्नि जलों, पत्थरों और वृक्षों से उत्पन्न होती है।[३] याज्ञिक अनुष्ठान के लिये सही अग्नि पवित्र मानी जाती थी जो अरणियों के मंथन अथवा पत्थर के रगड़ने से उत्पन्न की जाती थी। अग्नि मानों देवो का मुख हैं यज्ञाग्नि में आहुत आज्य आदित्य में जाता है।[४] पवित्र करने वाले देवों की यह अग्नि जिह्वास्वरूप है[५]। देवता हवि को अग्नि में आहुत किया जाता है वह विस्तृत द्युलोक और पृथ्वीलोक में फैल जाता है।

यज्ञाग्नि द्वारा स्थूल पदार्थो का सूक्ष्मीकरण

अग्नि के दो गुण है। पहला शुद्ध करना और दूसरा उसे सूक्ष्म रूप में परिवर्तित कर देना। फलस्वरूप वे सूक्ष्म कण वायुमंडल में फैल जाते है। यदि अग्नि में गुग्गुल डाला जाये तो वह उस स्थूल गुग्गुल को सूक्ष्म करके परमाणुओं में विभक्त कर इसके गुणों को एक विस्तृत क्षेत्र में फैला देती है। अग्नि में आहुत द्रव्यों में गुणत्मक परिवर्तन भी होता है। उसका गुण भी कई गुणा बढ़ जाता हैं। अतः अग्नि में पदार्थो का परिणामात्मक ही नही अपितु गुणात्मक परिवर्तन भी हो जाता हैं फलस्वरूप

---

१. ''भैषज्या यज्ञा वा एते। तस्मादृतुसंधिषु प्रयुज्यन्ते। ऋतुसंधिषु व्याधिर्जायते।'' गोपथ ब्राह्मण. उ.प्र. १.१९.

२. ''शुचिः प्रशास्ता शुचिना क्रतुना साकं अजनि।'' ऋग्वेद. २.५.५३

३. ''हे अग्ने। त्वं अद्भ्यः अश्मनः वनेभ्यः परि।'' वही. २.१.१.

४. ''त्वमग्नि आदित्यास आस्य''। वही २.१.१३

५. ''शुचयः जिह्वा।'' वही. २.१.१३

६. ''वृक्षो यदत्र महिना वि ते भुवदनु द्यावापृथिवी रोदसी उभे।'' वही.

पृथ्वीलोक और द्युलोक में फैल जाता हैं अग्नि में आहुत सुगंधित द्रव्य परमाणुओं में विभक्त हो संपूर्ण वायुमण्डल में घुल-मिल जाते है। इसीलिए मीलों दूर बैठे मनुष्य को उस सुगंधित सुवासित प्राण वायु को श्वास लेने से वह ज्ञात हो जाता है कि कहीं पर यज्ञ हो रहा है। इसीलिए कहा गया है कि अग्नि में हवि डालने से वह सूक्ष्म होकर सूर्य तक फैल जाती हैं। ''अग्नौ हुतं हवि: सम्यक् आदित्यं उपतिष्ठति।'' अत: अग्नि में आहुत पदार्थ नष्ट नहीं होते अपितु संपूर्ण वायुमंडल में फैल जाते है। अग्नि यज्ञ को वायुमण्डल में ले जाती हैं।[१]

यज्ञ और आज्य-

यज्ञ को मधुर भाज्य से संयुक्त किया जाता है, विशुद्ध किया जाता है, चारों ओर विस्तार किया जाता है तथा सब मिलकर उसकी अर्चना करते है।[२] इस पृथ्वी पर ही अलंकृत संस्कृत आहुति युक्त यज्ञ करते हैं और देवताओं को समर्पित करते है। यज्ञ वेदी पृथ्वी का परम धाम है।[३]

यज्ञ द्वारा वृष्टि

यज्ञों के अनुष्ठान से उत्तम वृष्टि होकर विपुल धन उपजता है जिसे ग्रहण कर मनुष्य आनन्दित होते है। ऐसी भूमि ही मनुष्य को उत्तम प्राण और पूर्ण आयुष्य प्रदान करने वाली होती है।[४] यज्ञ से सबका भरण-पोषण करने वाली पृथ्वी का संस्कार होता है।[५] अग्नि में आहुत आहुतियाँ, वायु के अश्वों पर आरूढ़ होकर सूर्यमंडल में पहुँचती है। वहाँ सूर्य की किरणों से खींची हुई समुद्र की खारी जलराशि को मधुर तथा शुद्ध व स्वादिष्ट बनाकर बरसा देती है। पुन: यही मधुर जल राशि पृथ्वी माँ के गर्भ में पड़े हुए बीज रूप धन- धान्य आदि शस्य-संपदा को जन्म देती है। प्राणी इसी अन्न के सहारे जीवन ही जीते हैं। इस लिए अन्न को प्राण का दाम-रज्जु कहा गया हैं। अन्न मधुर जल की वर्षा पर निर्भर करता है तथा वर्षा लाने का कारण मात्र यज्ञ ही हैं।[६]

---

१. "वृक्षो यदत्र महिना वि ते भुवदनु द्यावापृथिवी रोदसी उभे।"

२. ''अञ्जते व्यञ्जते क्रतुं रिहन्ति मधुनाभ्यञ्जते......।'' अथर्व.१८.३.२०.

३. ''इयं वेदि: परा अन्त: पृथिव्या:।'' यजुर्वेद. .२३.६२.

४. ''अग्निवासा: पृथिव्यसितजस्त्विषीमन्तं संशितं मा कृणोतु।
भूम्या देवेभ्यो ददति यज्ञं हव्यमरंकृतम्।
भूम्या मनुष्या जीवन्ति स्वधयान्नेन मर्त्या:
स नो भूमि: प्राणमायुर्दधातु जरदष्टिं मा पृथिवी कृणोतु।'' वही. १२.१.२१.२२

५. ''आ नो यज्ञं भारती तूर्यमेति।'' वही ५.१२.८

६. ''अग्नौ प्रास्ताहुति: सम्यगादित्यमुपतिष्ठते।
आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्न तत: प्रजा:।।'' मनुस्मृति.
''अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभव:।
यज्ञाद्भवति पर्जन्य: यज्ञ: कर्मसमुद्भव:।'' गीता

दिव्य गुण युक्त अग्नि अन्तरिक्ष से वृष्टि गिराने वाला, चन्द्र के समान आनन्ददायक, पृथ्वी पर सर्वत्र गमन करने वाला अग्नि अखण्डनीय द्युलोक से वृष्टि द्वारा जलों-रसों को दोहता है। यज्ञ अनावृष्टि के समय भी वृष्टि लाता है। वह कैसे? जब यज्ञ में घी की आहुतियाँ डाली जाती हैं घी के परमाणु आसमान में चढ़कर बादलों के तले में पहुंचते हैं। तब वहाँ की ठंड के कारण जम जाते है। पानी और घी दो ऐसे पदार्थ है जो सर्दी से जम जाते है और गर्मी से पिघल जाते है ऐसा हम प्रत्यक्ष देखते है। घी के जमने के कारण उनके साथ संपर्क में आने वाले बादलों के वाष्प कण भी घी के ठण्डे परमाणुओं के कारण से भाप की जगह पानी बन जाते है और बरस पड़ते है। वाष्प के ठण्डा होने का अर्थ है- पानी का बरस पड़ना। अतः यज्ञ ही वर्षा का हेतु है।[१]

यज्ञ और कृषि

उत्तम कृषि के लिये खेत में यज्ञ करना चाहिए। जो धान्य बोया जाता है उसका भी हवन करना चाहिए। फलस्वरूप यज्ञ से जलवायु शुद्ध होता है और शुद्ध कृषि से शुद्ध धान्य होता है जो आरोग्यवर्धक और पोषक होता है।[२] भूमि में यज्ञों के कारण उत्तम वृष्टि होकर विपुल धन-धान्य उपजता है जिसे खाकर मनुष्य आनन्दित हाते हैं। यज्ञ से वायु और सूर्य सन्तुष्ट होते है। फलस्वरूप श्रेष्ठ धन धान्य उपजता है। वायु और सूर्य जब यज्ञ को स्वीकार कर लेते है अर्थात सुगंधित और सुवासित हो पवित्र हो जाते है तब आकाश में जिस पवित्र जल का निर्माण करते है उससे पृथ्वी को सींचते है।[३] वायुमण्डल जब दोषमुक्त एवं पवित्र हो जाता है तब हो वर्षा होती है वह वर्षा ही पृथ्वी को सींचकर श्रेष्ठ धान्य संपदा को उत्पन्न करती है।

यज्ञ और कृमि नाशन

यज्ञाग्नि से अनेक प्रकार के रोगों के जीवाणुओं और कृमियों का नाश होता है। परन्तु प्रश्न उठता है कि ये रोग कृमि मानव शरीर में कैसे प्रविष्ट होते है? शरीर में रोगजीवाणुओं का प्रवेश कच्चे, आधे पके, पूर्ण पके, अधिक पके अन्न से होता है।[४] खेती के बिना जो अन्न प्राप्त होता है,[५]

---

१. सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार, संस्कार चन्द्रिका।'' पृष्ठ.१५

२. ''शुनः सुफाला वितुदन्तु भूमि शुनं कीनाश अनु यन्तु वाहान्।
शुनासीरा हविषा तोशमाना सुपिप्पला ओषधी कर्तमस्मै।'' अथर्व ३.१९.५

३. शुनासीरा स्म मे जुषेथाम्।
यद्दिवि चक्रथुः पयस्तेनेमामुप सिञ्चतम्''। वही. ३.१.७

४. ''आमं सुपक्वे शबले विपक्वेभ्यो मा पिशाच अशने ददम्भा।
तदात्मना प्रजया पिशाचा वि यातयन्तामगदोयऽमस्तु।'' वही. ५.२.९.७.

५. क्षीरं मा मन्थे यतमो ददम्भाकृष्टपच्ये अशने धान्ये यः।'' वही. ५.२९.७.

उस धान्य से निर्मित भोजन से और दूध, दही, मट्ठा, छाछ और पानी आदि का पान करने से ही होता है[१] यज्ञाग्नि से इन पिशाचजम्भनी' अर्थात् खून को सुखाने वाले कृमियों का नाश होता है। क्योंकि याज्ञिक समिधाओं का यह गुण है।[२] ये मानवशक्ति को क्षीण करने वाले कृमि अग्नि को परास्त नहीं कर सकते। यज्ञाग्नि से इनके मूलबीज का नाश हो जाता है।[३]

शारीरिक मांस को खाने वाले (क्रव्याद) रक्त में मिलकर उसी में रहने वाले (रुधिर) शरीर में घुसकर मन की मनन शक्ति को नष्ट करने वाले, (मनोहनः) शरीर का भयंकर यातना देने वाले और रक्त को पीने वाले (पिशाच) क्रिमियों को यज्ञाग्नि समूल नष्ट कर देती है।[४] जिन समिधाओं से अग्नि प्रज्वलित की जाती है उनसे तृषा रोग शांत हो जाता है। मानों अग्नि ज्वालाओं से उन्हें स्वीकार करती है।[५]

यज्ञाग्नि से दुरित का निवारण

यज्ञ से संपूर्ण दुरित-पाप दूर हो जाते है।[६] दुः अर्थात् शरीर में दुःख उत्पन्न करने वाले जो रोगोत्पादक (दु+इत) द्रव्य है वे शरीर से दूर हो जाते है। राजयक्ष्मा जायान्य अर्थात् छूत की बीमारी है। पक्षी की भाँति के बीज उड़ते है और मनुष्य में प्रवेश कर जाते है। संभवतः यह रोग स्त्री से अति संबंध रखने के कारण होता है इसीलिए इसे जायान्य कहा जाता है।[७] वायु में प्रसारित इसके रोगाणुओं का नाश यज्ञाग्नि से होता है।[८]

यज्ञाग्नि से संसर्गजन्य रोग भी दूर हो जाते है। कई रोग एक दूसरे के संसर्ग से उत्पन्न होते है। मलिन लोगों के साथ सोने अथवा उनके संसर्ग में रहने से भी रोग उत्पन्न होते है। संसर्ग स्थलों पर अग्नि प्रज्वलित करने से संसर्गजन्य रोगों के जीवाणुओं का नाश होता है और पर्यावरण निर्मल हो जाता है।[९] काले दाँत वाले, बुरे नाखूनों वाले, विरूप और गन्दे लोगों के साथ उठने बैठने, खाने

---

१. ''ये अन्नेषु विविध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान्।'' यजु. १६.६२

२. ''एतास्ते अग्ने समिधः पिशाचजम्भनीः। तास्तवं जुषस्व प्रति चैनां गृहाण जातवेद।'' अथर्व. ५.२९.१३.

३. वही ५.२९.१३

४. क्रव्यादमग्ने रुधिरं पिशाचं मनोहनं जहि जातवेदः।'' वही. ५.२९.११

५. ''तार्ष्टाधीरग्ने समिधः प्रति ग्रहणाद्धर्चिषा। जहातु क्रव्याद्रूपं योऽअस्य मांसं जिहीर्षति।'' वही. ५.२९.१५

६. विश्वस्य दुरितस्य पारम्।'' वही. ३.११.३

७. ''पक्षी जायान्यः पतति स आ विशति पुरुषम्।
तदक्षितस्य भेषजमुभयोः सुक्षतस्य च।'' वही. ७.७.६.४

८. ''विद्मा वै ते जायान्य जानं यतो जायान्य जायसे।
कथं ह तत्र त्वं हनो यस्य कृण्मो हविर्गृहे। वही. ७.७.६.५

९. ''दिवा मा नक्तं यतमो ददम्भ क्रव्याधातूनां शयने शयनम्।
तदात्मना प्रजया पिशाचा वियातयन्तामगदो यमस्तु।।'' वही. ५.२९.९.

पीने से संक्रामक रोग हो जाते है[१] उत्सवों, मांगलिक अवसरों पर, जन संकुलित स्थानों पर विवाहादि अवसरों पर कौन सा व्यक्ति किस रोग से पीडित है और किस संक्रामक रोग के जीवाणुओं का वाहक है यह जानना बहुत कठिन है। इसीलिए प्राचीनकाल से अनुष्ठान करने की परंपरा विद्यमान रही है। यज्ञ के देव अग्नि और वनस्पति हैं जिनसे यज्ञ संपन्न किया जाता है । यज्ञदेव संक्रामक रोग के जीवाणुओं को दूर ले जाता है।[२]

मनुष्य के शरीर के रक्त को चूसने वाले 'राक्षस' नाम के कृमियों को यज्ञाग्नि नष्ट कर देती है।[३] अग्नि से पौन:पुन्येन यह प्रार्थना की गई है कि मांसभक्षक पिशाच[४] नामा कृमियों के द्वारा शरीर का जो भाग छीना गया, हरा गया, लूटा गया है और जो भाग खाया गया है वह पुन: भर दे। अग्नि पिशाच[५] कृमियों का नाश कर शरीर में मांस और प्राण को स्थापित करती है। अग्नि अजिक्य तेज से राक्षस नाम के कीटाणुओं को नष्ट करती है।[६] अग्नि मुख से सभी प्रकार के कृमियों को जलाया जा सकता है।[७] शरीर में यातना पहुँचाने वाले (यातुधाना:) शरीर भक्षण करने वाले (अत्रिण:) कृमि अग्नि में गुणकारी औषधियों के प्रयोग से क्षीण होकर नष्ट हो जाते है।[८] यज्ञाग्नि रोग कृमियों को नष्ट कर वातावरण को शुद्ध करती है। जिस घर में प्रतिदिन नियमपूर्वक यज्ञ की अग्नि प्रज्वलित की जाती है वहाँ रोग के कृमि स्वयमेव नष्ट हो जाते है।[९] वायुमण्डल दोषमुक्त शुद्ध हो जाता है। वहाँ पर गौआदि पशु भी निरोगी हो जाते हैं वहाँ मनुष्य भी रोगमुक्त होकर आनन्द प्राप्त करते है। रुग्णालयों में भी प्रतिदिन याज्ञिक अनुष्ठान करना अपेक्षित है क्योंकि कि वहाँ भी रोगी हर रोग लिए आता है। जिनके संस्पर्श से विभिन्न संक्रामक रोगों का प्रसरण संभव होता है । प्रात: सायं यज्ञ करने से वायु मण्डल निर्दोष हो जाता है[१०] रोग बीज नष्ट हो जाते है । याज्ञिक अनुष्ठान की वायु से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होता है।

---

१. ''श्यावदता कुनरिवना बण्डेन यत्सहासिम अपामार्ग त्वया वयं सर्व तदपमृज्महे।'' वही. ७.६५.३.

२. ''ये वध्वश्चन्द्रं वहतु यक्ष्मा यन्ति जनां अनु। पुनस्तान् यज्ञिया देवा:'' वही.१४.२.१०

३. ''अग्निर्वै ज्योतीरक्षोहा।'' शत ब्रा० ७.४.१.३४.

४. ''पिशितं मांसमश्नातीति पिशाच:।'' शब्दकल्पद्रुम

५. ''यदस्य हृतं विहृतं यत् पराभृतमात्मनो जग्धं यतमत् पिशाचै:।
तदग्ने-विद्वान् पुनराभ त्वं शरीरे मासमसुमेरयाम:।'' अथर्व.५.२९.५

६. ''अदाभ्येन शोचिषऽग्ने रक्षस्त्वं दह।'' ऋ.१०.११.८७

७. ''सर्वेषां च क्रिमीणां सर्वासां च क्रिमीणाम्।
भिनद्म्यश्मना शिरो दहाम्यग्निना मुखम्।'' अथर्व.५.२४.१३

८. ''अन्तर्दावे जुहुता स्वेइद्दतद् यातुधानक्षयां घृतेन।

९. आराद् रक्षांसि प्रति दह त्वमग्ने न नो गृहाणामुपतीतपासि।
रुद्रो वो ग्रीवा अशरैत् पिशाचा: पृष्टीर्वोपि शृणातु यातुधाना:।
वीरुत् वो विश्वतोवीर्या यमेन समजीगमत्।'' वही.६.३.२.१-२

१०. ''कथं ह तत्र त्वं ह नो यस्य कृण्मो हविर्गृहे।'' वहीं ७.७६.५.
''यत्रा सुहार्दा सुकृतो अग्निहोत्रहुतां यत्र लोक:।

यज्ञ रोगकृमिनाशन का सर्वोत्तम साधन है। यज्ञ में डाली गई आहुतियां इतनी प्रबल होती है कि वे रोगकृमियों को ऐसे दूर फेंक देती है जैसे नदी फेन को। जिस प्रकार वृष्टि जल से भरी हुई नदी अपने साथ फेन को लाती है उसी प्रकार हविष् यातुधान कृमियों को दूर फेंक देती है।[1] अग्नि राक्षस कृमियों को नष्ट करने वाला और 'अमविचातन'- अर्थात् रोगों को दूर करने वाला है।[2]

अग्नि सर्वत:शोचि है

अग्नि में तप तपाने की[3], - शीतलता हरने की[4], अर्चि- प्रकाश की[5], शोचि दोषहरण कर शोधन करने की[6] और तेज- करने की शक्ति[7] है। अग्नि की तपन, हरण, अर्चन, शोधन और तंजन ये पाँच पवित्र करने की विधियों है। दोषी मनुष्य की शुद्धि इन पाँचों से संभव है। कायिक, वाचिक और मानसिक तप से मनुष्य की शुद्धि होती है। जब मनुष्य शुद्ध होता है तब उसके दोषों का हरण हो जाता है। तब पूजा और उपासना का प्रकाश उसमें प्रविष्ट हो जाता है। तब मनुष्य के सूक्ष्म से सूक्ष्म दोषों का शोधन होता है जब स्थूल और सूक्ष्म दोनों प्रकार के दोषों का नाश होता है तो वह तेज को धारण करता है।

अग्नि सुपुना पुनाति

मनुष्य को शुद्ध एवं पवित्र होकर कल्याणार्थ यज्ञिय अग्नि प्रज्वलित करनी चाहिएं। फलस्वरूप सब दोष परिमार्जित होते है और पाप दूर हो जाते है। प्रदप्ति हुई, पवित्र करने वाली यज्ञिय अग्नि सबको पवित्र करती है।[8] अत: यज्ञिय अग्नि से न केवल बाह्य शुद्धि भी होती है। इस विदाहक अग्नि में जब हवन किया जाता है तो यह हवनाग्नि पापों से छुड़ाता है। दोषों को जला देता है। अप्रशस्त अवस्था को दूर करता है और सब प्रकार की उन्नति प्राप्त करवाता है।[9] मनुष्य मानो इस यज्ञाग्नि

---

१. तं लोक यमिन्र्यभसंबभूव सा नो मा हिंसीत्पुरुषान्पशूंश्च। वही ३.२.८.५-६
"इदं हविर्यातु नदीफेनमिव वहत्।" वही.१.८.१

२. १.२.८.१

३. 'अग्ने यत्ते तपस्तेन तं प्रति तप योऽस्मान्द्वेष्टीयं वयं द्विष्मः।" वही.२.१९.१.

४. "अग्ने यत्ते हरस्तेन तं प्रति तप......।" वही. २.१९.२.

५. "अग्ने यत्तेऽर्चिस्तेन तं प्रति तप......।" वही २.१९.३

६. "अग्ने यत्ते शोचिस्तेन तं प्रति तप.......।" वही २.१९.४

७. "अग्ने यत्तेतजस्तेन तं प्रति तप.....।" वही. २.१९.५

८. "समिन्धते सङ्सुकं स्वस्तये शुद्धा भवन्तिः शुचयः पावकाः।
जहाति रिप्रमत्येन एति समिद्धो अग्निः सुपुना पुनाति।" वही. १२.२.११

९. वही १२.२.१२

में संपूर्ण दोषों को होम कर देता है। इस अग्नि मे यज्ञ सामग्री आहुत करने से, संपूर्ण दोष दूर हो जायेंगे। फलस्वरूप मानव दीर्घायुष्य को प्राप्त करेगा।[१]

आयुर्यज्ञेन कल्पताम्[२]

यज्ञ से दीर्घायुष्य की प्राप्ति होती है। यह आरोग्य और बल को प्रदान करता है। यज्ञ वायु को पवित्र कर सुवासित करता है। वही प्राण वायु जब श्वास के द्वारा अंदर जाती है तो फेफड़ों को शुद्ध करती है। शरीरिक दोषों को दूर करती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति मृत्यु के पास पहुँच गया हो जिसके जीवन की आशाक्षीण हो गई हो वह रोगी भी यज्ञ से रोगमुक्त होकर आरोग्य को प्राप्त करता है। यदि उसकी आयु भी क्षीण हो गई हो तो भी यज्ञ उसे विनाश अवस्था से वापिस ले आता है और सौ वर्ष की आयु प्रदान करता है।[३]

औषधियाग

यज्ञ ओषधियों के महामुख हैं। क्योंकि विभिन्न प्रकार की कृमिनाशक औषधियों को यज्ञ में हविष रूप मे आहुत करने का अभिप्राय यही है कि वायुमण्डल दोषामुक्त हो। इतना ही नहीं विभिन्न प्रकार के कृमियों को नष्ट करने के औषधियाग भी किये जाते थे। यज्ञ राजयक्ष्मा को और ज्ञात-अज्ञात रोगों को नष्ट कर देने की सामर्थ्य रखते हैं। कुछ रोग ऐसे होते हैं जिनका निदान हो जाता है। कुछ रोग ऐसे होते हैं जो ठीक से नहीं पहचाने जाते। कुछ रोगों के निदान में मतभेद रहता है। ऐसे ज्ञात और अज्ञात रोग, अग्नि में उपयुक्त औषधियों को होम करने से नष्ट हो जाते हैं।[४] औषधियाग करने से विभिन्न रोगों की निवृत्ति हो जाती है।[५]

यज्ञीय वृक्ष (अश्वत्थ)

अश्वत्थ वनस्पतियों का सम्राट है।[६] इससे यज्ञ के पात्र निर्मित होते हैं। शमी,[७] पलाश, खदिर, विकंकत, काश्मर्य, उदुंबर और बिल्व भी यज्ञीय वृक्ष हैं।

---

१. ''अस्मिन् वयं संकुसके अग्नौ रिप्राणि भृज्महे।
अभूम यज्ञियाः शुद्ध प्राणा आयूँपि तारिषत्।'' वही.१२.२.१३

२. यजुर्वेद ९.२१.१८.२९.

३. ''यदि क्षितायुर्यदि वा परेतो यदि मृत्योरन्तिकं नीत एव।
तमा हरामि निर्ऋतेरुपस्थादस्पार्शमेनं शतशारदाय। अर्थव.३.११.१.

४. ''अज्ञातयक्ष्मात् उत राजयक्ष्मात् त्वा मुञ्चामि।'' अथर्व.३.११.१

५. ''तस्या इन्द्राग्नीः प्रभुयुक्तम्।'' वही. ३.११.१

६. एेत ब्रा. ७.३३;८.१६

७. अथर्ववेद परिशिष्ट २३.६.५

यज्ञ और गुग्गलु

याज्ञिक अग्नि में गुग्गलु को आहुत करने से उसकी सुगन्ध वायु को शुद्ध करती है। फेफड़ों को शुद्ध कर रोगों को नष्ट करती है।[१]

यज्ञ और औक्षगन्धि

औक्षगंधि का अथर्ववेद में गूगल के साथ उल्लेख आता है। इसकी लकड़ी सुगंधित होती है और इसका प्रयोग यज्ञ में किया जाता है। यह भी कृमिनाशक औषधि है।

यज्ञ में करीर की आहुति से शीघ्र वर्षा होती है

करीर का[२] उल्लेख वृक्ष सौम्य वृक्ष होता हैं इसकी आहुति देने से शीघ्र वर्षा होती है। यह वर्षा ऋतु में ही पैदा होता है। अवर्षण को रोकने में कारीरी इष्टि का विधान है। यज्ञों में इसके सत्तू का प्रयोग होता है। इसकी जड़ें और शाखाएं कृमि नाशक हैं।

यज्ञ और कृमिनाशन तृष्टार्घा

तृष्टार्घ[३] अर्थात् सरसों की डंडी की बनी डुई समिधायें कृमिनाशन के लिये प्रयोग में लाई जाती है। अथवा इसका यह अभिप्राय भी हो सकता है कि, सरसों के तेल में भीगी हुई समिधायें उपादेय हैं। पीला भी एक सुगंधित वनस्पति है। गुल्गलु, पीला, नलदी औक्षगन्धी और प्रमन्दनी ये पाँच सुगंधित द्रव्य हें।[४] इनका यज्ञ में प्रयोग किया जाता है। ये कृमिनाशक हैं।

यज्ञ और शमी वृक्ष

इस वृक्ष में आग्नेय तत्व होता हैं इसी पर 'अश्वत्थ' पीपल का वृक्ष पैदा होता है।[५] शमी और अश्वत्थ की अरणियों को परस्पर रगड़ने से ही अग्नि उत्पन्न होती है। सुगंधि तेजन ओषधि है।

---

१. यं भेषजस्य गुल्गुलोः सुरभिर्गन्धो अश्नुते।'' वही.१९.३८.१-३

२. सौम्यानि वै करीराणि। तै० २.४.९.२.

३. अथर्ववेद. ५.२९.१५.

४. ''गुल्गलूः पीला नलाघौक्षगन्धिः प्रमन्दनी।
तत्परेताप्सरसः प्रतिबुद्धा अभूतन। वही. ४.३७.३

५. ''शमीअश्वत्थ आरुढः।'' वही.६.११.१.
-भावप्रकाश। वटादिवर्ग ७२-७३ पृ.३५८

यह देवदारु, गूगल आदि के समान सुगंधित है। यज्ञाग्नि में आहुत करने से वायु सुवासित हो पवित्र हो जाती है।[१]

यज्ञ से ज्वर का नाश होता है। अग्नि, सोम समिध, वरुण पूतदक्ष अर्थात् पवित्र करने वाले हैं। प्रदीप्त समिधाओं से ज्वरादि रोग दूर हो जाते हैं।[२] यज्ञ में घृत की शुद्धि कारक आहुतियों से देवता, याजक, और मनुष्य सभी शुद्ध होते हैं।[३] यज्ञ रूपी नौका से मनुष्य अपने दुःखों और शत्रुओं का नाश करते हैं।[४] वचा औषधि भी कृमिनाशक है। जब वह अग्नि में डाली जाती है तो अपनी उग्र गन्ध से कीटाणुओं को नष्ट कर देती है।[५]

यज्ञ का दान और आदान

सांवत्सरिक यज्ञों के अवसरों पर विभिन्न वनस्पतियों को आहुत किया जाता था।[६] याज्ञिक अन्न तैयार होता था। सोम औषधि का रस पत्थरों औा काष्ठ यंत्रों से निकाला जाता था। हविष को घी से पूर्ण रूप से भिगो कदया जाता था। हवि से घी चू रहा हो ऐसी अवस्था में आहुतियाँ डालनी चाहिए।[७] घी गाय का ही होना चाहिए। एक तो अग्नि घृतप्रिय है।[८] दूसरे घी में वायु के दोषों को दूर करने की सामर्थ्य होती है। अतः पर्यावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ अभीष्ट है। प्रत्येक मानव अपने दैनन्दिन जीवन में अनेक प्रकार के दूषित अंश और विषैली गैस वायु में छोड़ता है। इन सभी रोगोत्पादक विषों को उपशम करने के लिये यज्ञ की अप्रतिम उपादेयता है। यज्ञ में आहुति देने वाले चमस को पूरी तरह भरकर अग्नि में आहुत करना चाहिए। परन्तु आश्चर्य की बात है कि हवि प्रदान करने पर वह चमस खाली नहीं लौटता। क्योंकि जिस देवता को हविष् प्रदान की जाती है उस देवता के प्रशंसित गुण चमस में भर जाते हैं। अतः यज्ञ का 'दान' और 'आदान' है।

यज्ञ में सहस्रों शक्तियाँ हैं। सैकड़ों वीर्य है वह दीर्घायुष्य और शतायुष्य को प्रदान करने वाला है।[९] मनुष्यों को प्रतिदिन यज्ञ का अनुष्ठान करना चाहिए। यहां एक प्रश्न उठ सकता है यज्ञ में समिधाओं को जलाने से 'कार्बन-डाय-आक्साइड' गैस भी तो पैदा होती है। यह ठीक है। परन्तु एक तो यज्ञ की समिधाएं जलने पर वातावरण में प्रसरित जीवाणुओं को नष्ट करदेती हैं। दूसरे जो थोड़ी कार्बन

---

१ "यामोषधीषु तां सुगन्धि तेजने।" मैत्रायणी संहिता.३.८.५

२. "अग्निस्तक्मानमप बाधतामितः सोमो ग्रावावरुणः पूतदक्षाः।
वेदिर्बर्हिः समिधः शोशुचानो अपद्वेषांस्यमुया भवन्ति।" अथर्व.५.२२.३

३. "यस्मिन् देवा अमृजत यस्मिन् मनुष्या उत्।
तस्मिन् घृतस्तावो मुष्ट्वा त्वमग्ने दिवं रुह।" वही. १२.२.१७

४. वही.१२.२.४८

५. "क्रिमीन् वचसा जम्भयामसि।" वही. २.३१.१

६. वही. ३.१०.५

७. "इडयास्पदं घृतवत् सरीसृप जातवेदः प्रति हव्या गृभाय।" वही. ३.१०.६

८. "हव्याहं घृतप्रियम्।" वही.१२.१.२०

९. सहस्राक्षेण शतवीर्येण शतायुषा हविषाहार्षमेनम्।
इन्द्रो यथैनं शरदो यात्स्यति विश्वस्य दुरितस्य पारम्।" वही.३.११.३.

डाय-आक्साइड पैदा होती है वह आवश्यक भी है। क्योंकि वनस्पतियों का आहार तो यही गैस है। तीसरे अग्निहोत्र करते समय उसमें कस्तूरी केसर, अगर, तगर, चन्दन, तुलसी, जावित्री, गुग्गलु आदि अनेक सुगंधित द्रव्य आहुत किये जाते हैं। अत: यज्ञ से उत्पन्न कार्बन डाय-आक्साइड उतनी विषैली नहीं होती जितनी पैट्रोलियम आदि के जलने से उत्पन्न होती है। अत: सुगंधित द्रव्यों के याज्ञिक धुएं से वायुमण्डल के विषाणु नष्ट हो जाते हैं। यज्ञिय अग्नि आहुत द्रव्यों को सूक्ष्म रूप में परिवर्तित कर उसमें गुणात्मक और परिणामात्मक परिवर्तन कर देती है। अत: यज्ञिय अनुष्ठान करने से रोग के कीटाणु नष्ट होते है। वायुमण्डल शुद्ध होता है। न केवल बाह्य वातावरण परन्तु मनुष्य के अनेकानेक आन्तरिक दोष नष्ट हो जाते है। फलस्वरूप वह दीर्घायुष्य को प्राप्त करता है।

भारत के कृषीवल प्रधान समाज में भी उत्तम धन-धान्य प्राप्त करने और अनावृष्टि को समाप्त करने के लिये भी यज्ञ का अप्रतिम योगदान हैं। जब यज्ञ कई दिनों तक चलते हैं, या जब सांवत्सरिक यज्ञ होते हैं तो यज्ञजनित तत्त्व बहुत ऊंचे चले जाते हैं और कई बार यज्ञ करते-२ आसमान बादलों से घिर जाता है और वर्षा होने लगती है।

यज्ञ और मंत्रोच्चार

यहां एक जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि यज्ञ के साथ-२ मंत्रोच्चार क्यों किया जाता है? याज्ञिय अनुष्ठान के साथ मंत्रोच्चार करने से वातावरण में स्वरलहरियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। वेदमंत्रों का उच्चारण क्या है। स्वरलहरियों का वायुमंडल में प्रसारण। आज की अधुनातन चिकित्सा प्रणाली में अनेक रोगों की चिकित्सा स्वरलहरियों के माध्यम से ही की जाती है। अत: वेदमंत्रोच्चार विशिष्ट प्रणाली में करने से ऐसी स्वरलहरियाँ उत्पन्न होती हैं और की जा सकती हैं जिनसे विभिन्न रोगों की चिकित्सा संभव है।

निष्कर्षत: यह कहना तर्कसंगत प्रतीत होता है कि आज के इस प्राकृतिक प्रदूषण के युग में यज्ञ अत्यन्त आवश्यक ही नहीं अपितु अपरिहार्य है। यज्ञ न केवल व्यक्ति के, परिवार के, समाज के, देश के वरन् संपूर्ण विश्व के दुरित-पाप को दूर करने में सक्षम है। यज्ञ से बाह्य प्राकृतिक पर्यावरण ही नहीं आन्तरिक पर्यावरण भी दोषों से रहित हो, शुद्ध एवं निर्मल हो जाता है। यज्ञ में सहस्रों शक्तियां और सैकड़ों वीर्य हैं।

सहस्राक्षेण शतवीर्येण शतायुषा हविषार्षमेनम्।

इन्द्रो यथैनं शरदो नयात्यति विश्वस्य दुरितस्य पारम्।

पर्यावरण प्रदूषण का वैदिक समाधान

- डा० गणेशदत्त शर्मा

पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से त्रस्त होकर आज सारा विश्व प्रदूषण को दूर करने तथा पर्यावरण की शुद्धि के वैज्ञानिक उपाय खोज रहा है। वैज्ञानिकों ने पर्यावरण की शुद्धि के लिए प्रकृति को मानव की सर्वाधिक सहयोगिनी मानते हुए विशेष रूप से वन एवं वृक्षों कें महत्त्व को स्वीकारा है। किन्तु विश्व के प्राचीनतम ग्रन्थ वेद में मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने यह शताब्दियों पूर्व उपर्युक्त तथ्य का दर्शन कर लिया था।

वैदिक संहिताओं में पर्यावरण की शुद्धि के लिए वन, वृक्ष एवं वनस्पतियों को उपयोगी मानते हुए उनके महत्त्व का चित्रण किया गया है। इसके अतिरिक्त वेद में यज्ञ को पर्यावरण शुद्धि के लिए सर्वाधिक प्रभावशाली व सर्वोत्तम साधन के रूप में अङ्गीकार किया गया है। इसीलिए वैदिक संस्कृति में प्रत्येक शुभावसर पर यज्ञ का विधान है और गृहस्थी के लिए तो यज्ञ को अनिवार्य दैनिक कर्त्तव्य माना गया है।

प्रदूषण को दूर कर वातावरण को प्रतिक्षण परिशुद्ध करने एवं उसे जीवनदायक बनाने तथा सुखद वर्षा के अनुकूल करने के आधारभूत उपर्युक्त तत्त्वों का वेदमन्त्रों में अवलोकन नितान्त अपेक्षित है।

वेदों में जहाँ विश्व के लिए जीवनोपयोगी अन्य वस्तुओं का निर्देश किया गया है वहीं वृक्ष, वनस्पति, औषधि, लता एवं वनों का भी सम्मानपूर्वक उल्लेख किया गया है। वैदिक ऋषियों ने पर्यावरण की दृष्टि से इनका महत्त्व समझते हुए इन्हें श्रद्धापूर्वक नमस्कार करते हुए कहा है-नमो वृक्षेभ्यः (यजु १६. १७)। इतना ही नहीं वृक्ष, वन एवं औषधियों का संरक्षण एवं संवर्धन करने वालों को भी नमस्कार किया गया है-

वृक्षाणां पतये नमः।

वनानां पतये नमः। यजु १६/१८

औषधीनां पतये नमः। यजु १६/१९

नमो वन्याय च। यजु. १६/३४

अरण्यानां पतये नमः। यजुः १६/२०

ऋग्वेद के दशम मण्डलके एक सम्पूर्ण सूक्त (१४६) में वन की देवी अरण्यानी का वर्णन है जहाँ उसे बहुत अन्नों वाली सबसे महान् तथा समस्त वन्य जन्तुओं की माता कहा गया है-

आञ्जनगन्धिं सुरभिं वह्वन्नामकृषीवलाम्।

प्राहं मृगाणां मातरमरण्यानिताशंसिनीम्॥ ऋ. १०/१४६/६

मन्त्रों में वृक्षों एवं वनस्पतियों को सबके लिए मधुमय, हितकारी एवं शान्तिदायक होने की कामनाएँ ही गई है-

मधुमान्नो वनस्पतिः। ऋ २११९०/८

सुमत्रिया न आप औषध्यः सन्तु। यजु. ३६/२३

औषधः शान्तिः वनस्पतयः शान्तिः। यजुः ३६/९६

माध्वीर्नः सन्त्वोऽषधीः। यजु. १३/२७

यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि वैदिक एव लौकिक संस्कृत साहित्य में वृक्ष, वनस्पति, वीरूध एवं औषध प्रायः एक ही अर्थो में प्रयुक्त हए हैं।(२) मन्त्रद्रष्टा ऋषिगण इस तथ्य को भलीभाँति जानते थे कि वृक्ष एव लताएँ आदि जहाँ अपने फल, फूल एव काष्ठ आदि द्वारा समृद्धि प्रदान करते हैं वहाँ शुद्ध एवं प्राणदायक वायु द्वारा पर्यावरण को भी माधुर्यमय बनाते हैं।

आज के पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार वृक्ष जो आक्सीजन छोड़ते हैं वह श्वास के द्वारा अन्दर जाकर शरीर को प्राणवान्, बलवान, एवं स्वस्थ बनाता है। इसी प्रकार वृक्ष जीवन के लिए हानिकारक दूषित वायु को अपने में ग्रहण कर लेते हैं। किन्तु इस वैज्ञानिक सत्य के द्रष्टा ऋषियों ने अब से सहस्त्राब्दियों पूर्व में इसीलिए वृक्ष एवं वनस्पतियों के महत्त्व को उपर्युक्त मन्त्रों में स्वीकारा था। वृक्षों एवं वनस्पतियों के सम्पर्क से वातावरण को प्राणवान एवं मधुमय बना देने वाले वायु को एक मन्त्र में विश्वभेषज (World Physician) कहा गया है और प्रार्थना की गई है कि वह दूषित वायु को दूर करे तथा शुद्ध वायु ''भेषजवात'' (Medicated air) को प्रवाहित करे-

आ वात वाहि भेषजं वि वातं वाहि यद्रपः।

त्वं हि विश्वभेषजो देवानां दूत ईमसे॥ ऋ.१०/१३७/३

वैदिक युग क वैज्ञानिक इस रहस्य को भी जानते थे की शुद्ध वायु (भेषजवात्) हृदय के लिए शान्तिदायक एवं सुखकर होती है और आयु को भी बढ़ती है। इसीलिए एक मन्त्र में ऋषि ने प्रार्थना की है कि-वायु हमारे हृदय के लिए भेषज रूप में शान्तिदायक एवं सुखकारक होकर बहे और वह हमारी आयुओ को बढ़ावे-

वातऽआ वातु भेष जं शंभु मयोभु नो हृदये।

प्रण आयूँषि तारिषत् ॥ १०/१८६/१

वेदमन्त्रों में वर्णित इस जीवनदायक भेषजवात के मूलस्रोत वे वन एवं वृक्ष हैं जिनके महत्त्व का बखान वैदिक कवियों ने वेदमन्त्रों में मुक्त कण्ठ से किया हैं। पर्यावरण की दृष्टि से वृक्षों के महत्त्व की यह वैधिक मान्यता बाद के लौकिक संस्कृत साहित्य में भी दृष्टिगत होती है जहाँ प्रायः सभी कवियोंनेप्रकृति-वर्णनकेप्रसङ्ग में वन, उपवन तथा वृक्ष, लताओं एवं वनस्पतियों का हृदयग्राही आलंरिक चित्रण किया है। ऐसे अनेक प्रसङ्ग-हैं जहाँ आश्रमों में पेड़-पौधों का ''सुतनिर्विशेषं''-अर्थात् पुत्र की भाँति पालन-पोषण एवं संवर्धन करने के उल्लेख है। और संस्कृत साहित्य के वे स्थल तो अत्यन्त ही रोचक है जहाँ वृक्षों एवं वनस्पतियों को चेतन की ही के रूप में चित्रित किया गया हैं।

वैदिक मान्यतानुसार पर्यावरण की शद्धि का सर्वोत्तम साधन यज्ञ है। इसीलिए यज्ञ को वैदिक संस्कृति का अभिन्न अंग माना गया है। यदि यज्ञ का गूढ़-दार्शनिक अर्थ लें तो यह सृष्टि एवं मानव-जीवन ही यज्ञ है और परमात्मा इस सृष्टियाग का सर्वप्रथम होता है-

अयं होता प्रथमः पश्यते भीमदं ज्योतिरमृतं मर्त्येषु- ऋ. ६/९/४

अन्य वेदमन्त्रों एवं विशेष रूप से ''पुरुषसूक्त'' में यज्ञ से ही सृष्टि-उत्पत्ति है। इसी वैदिक भवना के अनुसार भगवान् कृष्ण ने गीता में कहा है कि-पहले, प्रजापति ने यज्ञ से ही सृष्टि परम्परा को बढ़ाया, यह यज्ञ ही आपकी कामनाओं पूर्ण करने वाला हो-

सह यज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः।

अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोस्त्विष्टकामधुक्॥ गीता ३/१०

इतनी ही नही गीता में तो संयम स्वाध्याय, प्राणायाम, जप एवं दान आदि की भी यश कहा

है। सामान्यतः वैदिक संस्कृति में यज्ञ त्याग का पर्यायवाची बन गया है। परन्तु भौतिक दृष्टि से यज्ञ वह अग्निहोत्र है जिसके अन्तर्गत घी एवं सामग्री की आहुतियाँ पवित्र वेदमन्त्रों का उच्चारण करके अग्नि में दी जाती है। (और अग्नि अपने में रखे गए उक्त द्रव्यों को अत्यधिक शक्तिशाली बनाकर वायु-जल-पृथिवी एवं अन्तरिक्ष में पहुँचा देता है जिससे वातावरण शुद्ध, पवित्र, सुगान्धित, प्राणदायक एवं स्वास्थ्यप्रद हो जाता है। अतः वैदिक सिद्धान्तानुसार अग्निहोत्र ही पर्यावरण की समस्या का सर्वोत्तम एवं सरलतम समाधान है।

अग्निहोत्र का आधारस्तम्भ अग्नि है। यही अग्नि सूर्य के रूप में प्रकाश एवं उष्णता प्रदान करता है और अपनी तीक्षण किरणों से समस्त दूषित पदाथों से समस्त दूषित पदार्थो व मल-मूत्रादि को सुखाकर पर्यावरण को स्वच्छ, रोगाणुरहित, स्वास्थ्यप्रद-एवं जीवनोपयोगी बनाता है। वेदमन्त्र में इसीलिए-''सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च''(यजु ६/४२) कहकर सूर्य को चराचर जगत् का आत्मा बताया है। किन्तु- जिस पार्थिव अग्नि में यज्ञ विज्ञान की प्रक्रियानुसार घी एवं सामग्री की आहुतियाँ दी जाती है वह अग्नि अपनें में प्रस्तुत किए गए इन द्रव्यों को आत्यधिक शक्तिशाली बनाकर वायु जल, , पृथिवी एवं अन्तरिक्ष में पहुँचा देता है जिससे वातावरण शुद्ध, पवित्र, सुगन्धित एवं प्राणदयक हो जाता है। वस्तुतः यज्ञ का धुँआ प्रदूषण को दूर कर पर्यावरण को शुद्ध करने में पूर्णतया सक्षम है।

यज्ञ के उपादानों में सर्वप्रमुख द्रव्य घी है जो कि विषनाशक है। आज भले ही चिकित्सा विज्ञान ने सर्पादि के विषों दूर करने के लिए अन्य उपाय ढूँढ निकाले हो किन्तु अति प्राचीनकाल से सर्पादि विषैले जन्तुओं के काटने पर रोगी को घी पिलाकर स्वस्थ करने का सफल उपाय प्रचलित रहा है और आज भी है। संस्कृत में घी को ''सर्पि'' कहते है जिसका अर्थ है सर्पणशील अथवा गतिशील। किन्तु विद्वानों का विचार है कि जिस प्रकार सर्पणशील सर्प वातावरण के समस्त विष को अपने में समा लेता है उसी प्रकार घी की इस विषनाशकता एवं पर्यावरण के लिए उसकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर ही मन्त्रद्रष्टा ऋषि एक मन्त्र में स्पष्ट कहा है- ''घृतेन द्यावापृथिवी पूर्वेथाम'' यजु ५/२८/ अर्थात् घी से द्युलोक एवं पृथिवी लोक को भर दो । और यह स्वतः सिद्ध है कि आकाश एवं पृथिवी को घी से भर देने का माध्यम एकमात्र यज्ञ ही है। यज्ञ में घी के साथ आहुति के रूप में प्रस्तुत की जाने वाली हवन सामग्री में भी ऐसे रोगाणुओं का नाश होता है और वातावरण स्वच्छ निर्मल तथा जीवन के लिए हितकारी हो जाता है।

पर्यावरण के प्रदूषण का कारण यह है कि आज प्रत्येक व्यक्ति अपने प्रवास, अपानवायु एवं मल-मूत्र त्याग आदि द्वारा पर्यावरण को दूषित करने में तत्पर है। पर्यावरण की शुद्धि की ओर किसी का ध्यान नहीं है। और मोटरकार अदि वाहनों एवं कल-कारखानों के धुओं तथा दूषित गैसों के वातावरण में प्रतिक्षण व्याप्त रहने से तो पर्यावरण की स्थिति और भी विकट होती चली जा रही है। अतः यदि

विश्व को आज प्रदूषण के भयंकर विनाश से बचाना है तो प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह अनिवार्य व्यवस्था करनी होगी वह प्रतिदिन जितना प्रदूषण फैलाता है उतना ही उसे दूर करने के लिए भी यत्किंचित्-प्रयास अवश्य करें। वैदिक ऋषिंयों की दृष्टि अब से सहस्त्राब्दियों पूर्व इस और गई थी और उन्होने पर्यावरण की समस्या के समाधान के लिए प्रतिदिन प्रत्येक गृहस्थ के लिए यज्ञ का दैनिक कृत्य के रूप में विधान किया था। और यजुर्वेद के एक मन्त्र में-''सुदिनं च में यज्ञेन कल्पन्ताम्''-(यजु १८/६) कहकर यज्ञ के द्वारा ही दिन के शुभ एवं अन्नदमय होने की कल्पना की गई है। दैनिक यज्ञ के अतिरिक्त वेद में दर्शपौर्णमास एवं ऋतुओं के अनुसार किए जाने वाले यज्ञों का भी विधान है जिससे कि ऋतु परिवर्तनों के अवसर पर होने वाले प्रदूषण एवं रोगप्रसरण अथवा ''वायरस इन्फेक्शन'' को दूर किया जा सके। यजुर्वेद के-

ऋतवस्ते यज्ञं वितन्वन्तु। यजु. २६/४

तथा-**वयं देवा नो यज्ञमृतुथा नयन्तु।।** यजु २६/१९

आदि मन्त्रों में इस वैज्ञानिक सिद्धान्त का स्पष्ट संकेत किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि वैदिक द्रष्टाओं ने पर्यावरण की समस्या के समाधान हेतु गम्भीर चिन्तन किया था और मानव एवं विश्व के कल्याण के लिए पर्यावरण को जीवयोपयोगी बनाने के साधन भूतयज्ञों का एक वैज्ञानिक विधि के रूप में अविष्कार किया था। यज्ञ की इसी महत्ता के कारण मन्त्र में उसे ''**अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः**'' यजु. २३/६२ कहकर विश्व के केन्द्र के रूप में महिमामण्डित किया गया।

आज यद्यपि पर्यावरण की शुद्धि के वैज्ञानिक उपाय भी किए जा रहे है और उसके लिए मन्त्र भी लगाए जा रहे हैं किन्तु एक तो वे उपाय अत्यन्त व्यय साध्य हैं और दुसरे-वे सर्वजनसुलभ भी नहीं हैं। अतः पर्यावरण की समस्या के के समाधान के लिए यक्ष ही सर्वोत्तम, सरलतम एवं सर्वजनसुलभ साधम है। और फिर यश में पर्यावरण के लिए उपयोगी घी-सामग्री को वैसे ही-नहीं फैंक दिया जाता है अपितु पवित्र वेदमन्त्रों द्वारा ''स्वाहा''- कहकर श्रद्धापूर्वक अग्निदेव को समर्पित किया जाता है। याजक वेदमन्त्रों से यज्ञ करते समय अपनी अन्तर-आत्मा से विश्व के कल्याण की एवं विश्वशान्ति की जो कामना करता है उससे सर्वत्र आनन्द की अमृतधारा बह-निकलती है। वेदमन्त्रों का स्वरसहित मधुर गायन ध्वनिप्रदूषण के दूर करने वातावरण को सौम्य, शान्त एवं आह्लादक बनाता है। वेद में ध्वनिप्रदूषण का समाधान विषयक खोज पृथक से अर्थ किया है।

पर्यावरण की शुद्धि में अग्नि में, गोघृत एवं गुग्गल पिप्पली अजश्रृंगी आदि औषधियों की आहुति का वर्णन वेदमंत्रों में मिला है अथर्ववेद के एक मंत्र में वर्णन हैं कि जिसे गूगल औषध की सुगन्ध प्राप्त होती है उसे रोग पीड़ित नहीं करते

न तं यक्ष्मा अरुन्धते नैनं शपथो अश्नुते।

यं भेषजस्य गुग्गलोः सुरभिर्गन्धो अश्नुते।। अथर्व.१७.३८१

. एक बात और ध्यान देने की है। आज के पर्यावरण-वैज्ञानिक केवल भौतिक दृष्टि से जल एवं वायु के प्रदूषण को दूर करने के उपायो की खोजने तक ही सीमित रह गए है जबकि इनके अतिरिक्त आज विश्व में बढ़ता हुआ वाणी मन एवं चरित्र का प्रदूषण और भी अधिक दुख व अशांति का कारण बना हुआ है जिसके रहते हम एक सुखी संसार की कल्पना तक नहीं कर सकतें। वैदिक द्रष्टाओं का ध्यान पर्यावरण की समस्या के इस बिन्दु पर भी गया था और उन्होने-**'वाचं वदत भद्रया वाचं ते शुन्धामि चरित्रांस्ते. शुन्धामि तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु-**

इत्यादि वेदमन्त्रों में व्यक्ति के मन, वाणी एवं चरित्र की शुद्धि के लिए भी दिव्य प्रेरणा प्रदान की थी। इस प्रकार सार्वभौम मानव संस्कृति के आदि स्रोत वेद में भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टियों से पर्यावरण की शुद्धि के ऐसे साधनों का विधान किया गया है जिन्हें अपनाकर संसार में एक सुखी एवं आनन्दमय वातावरण बनाया जा सकता है।

भारतीय ज्योतिर्विज्ञान

- डॉ॰ रामचन्द्र झा

ग्रहनक्षत्रादि पदार्थ ज्योतिष् कहलाता है तथा ज्योतिष् से सम्बद्ध शास्त्र को ज्योतिष अथवा ज्यौतिष शास्त्र कहते हैं।

वेद के प्रसिद्ध छह अङ्गों में से ज्यौतिष एक प्रधान अङ्ग है। ज्यौतिष कालबोधकशास्त्र है तथा इसी के द्वारा प्रतिपादित कालानुरोधेन वेदनिरूपित यज्ञादि कार्य सम्पन्न होते हैं। अतएव ज्यौतिषशास्त्र का वेदाङ्गत्व सर्वथा युक्तियुक्त है। भास्कराचार्य ने कहा है-

वेदास्तावद्यज्ञकर्मप्रवृत्ता यज्ञाः प्रोक्तास्ते तु कालाश्रयेण।

शास्त्रादस्मात् कालबोधो यतः स्याद्वेदाङ्गत्वं ज्यौतिषस्योक्तमस्मात्।

शब्दशास्त्रं मुखं ज्यौतिषं चक्षुषी श्रोत्रमुक्तं निरुक्तं च कल्पः करौ।

या तु शिक्षास्य वेदस्य सा नासिका पादपद्मद्वयं छन्द आद्यैर्बुधैः॥

वेदचक्षुः किलेदं स्मृतं ज्यौतिषं मुख्यता चाङ्गध्येऽस्य तेनोच्यते।

संयुतोऽपीतरैः कर्णनासादिभिश्चक्षुषाङ्गेन हीनो न किञ्चित्करः॥

(सि॰ शि॰, म॰ अ॰, कालमानाध्याय, श्लो॰ ७-११)

महात्मा लगध ने भी कहा है -

यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा।

तद्वद्वेदाङ्गशास्त्राणां ज्यौतिषं मूर्ध्नि संस्थितम्॥

(वेदाङ्गज्योतिष, श्लो॰ - ४)

ज्योतिषशास्त्र के प्रवर्त्तक अठारह आचार्य हुए है - सूर्य, पितामह, व्यास, वशिष्ठ, अत्रि, पराशर, कश्यप, नारद, गर्ग, मरीचि, मनु, अङ्गिरा, लोमश, पौलिश, च्यवन, यवन, भृगु एवं शौनक। यथा-

सूर्यः पितामहो व्यासो वशिष्ठोऽत्रिः पराशरः।

कश्यपो नारदो गर्गो मरीचिर्मनुरङ्गिराः॥

लोमशः पौलिशश्चैव च्यवनो यवनो भृगुः।

शौनकोऽष्टादशाश्चैते ज्योतिःशास्त्रप्रवर्त्तकाः॥

(गणकतरङ्गिणी, पृष्ठ ९)

ज्योतिषशास्त्र के अन्तर्गत जन्मकालिक-प्रश्नकालिक लग्न एवं ग्रहस्थिति के आधार पर न केवल वर्त्तमानजीवन काल का शुभाशुभ फलादेश किया जाता है अपितु पूर्वजन्म तथा अग्रिमजन्म से सम्बन्धित फलादेश भी किया जाता है। इतना ही नहीं ग्रह-नक्षत्र प्रकृति-विकृति, पशु-पक्षी प्रभृति जन्तुओं की चेष्टा, विभिन्न प्रकार के ग्रहयोग, अस्त्र-शस्त्र विकृति एवं शकुन आदि के द्वारा भी इस शास्त्र के माध्यम से फलादेश किया जाता है। इस तरह गौर करने पर इस शास्त्र का क्षेत्र इतना विस्तृत मालूम पड़ता है कि मानव जीवन का कोई भी क्षेत्र इससे असम्पृक्त नहीं रह जाता है। चाहे वह चिकित्सा का क्षेत्र हो अथवा अभियान्त्रिक क्षेत्र दर्शनशास्त्र का क्षेत्र हो या भूगर्भशास्त्र का, कृषिशास्त्र का हो या भूगोल का, राजनीतिशास्त्र का हो या अर्थशास्त्र का, वास्तुशास्त्र का क्षेत्र हो अथवा इतिहास का आदि आदि। कहने का तात्पर्य यह है कि ज्यौतिषशास्त्र जीवन के हर क्षेत्र को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित करता है। अतएवं यदि व्यक्ति इस शास्त्र की सहायता से अपना अग्रिम कार्यक्रम तैयार करता है तो उसे अपेक्षाकृत अधिक सुविधा एवं सरलतापूर्वक लक्ष्य-प्राप्ति में सफलता मिल सकती है। उदांहरणस्वरूप मान लीजिये कि किसी व्यक्ति को जन्मकालिक ग्रहस्थितिवश चिकित्सक या संगीतज्ञ बनने का योग आ रहा है तो ऐसे व्यक्ति को चिकित्या या संगीत की शिक्षा देना बहुत ही उपयुक्त होगा। इसी तरह ज्यौतिष पद्धति से जीविका का निर्णय कर यदि व्यक्ति को जीविकासम्बद्धवस्तु के निर्माण, विक्रय, विनिमय एवं शिक्षा आदि कार्य में लगाया जाय तो अपेक्षाकृत कम समय एवं अल्पव्यय द्वारा कुशलतापूर्वक कार्य सम्पादित किया जा सकता है।

ज्यौतिषशास्त्र द्वारा किसी रोगी की स्थिति की जानकारी प्राप्तकर यदि चिकित्सा करायी जाय तो वहाँ भी अपेक्षाकृत सुविधा पूर्वक कम समय में कम खर्च पर रोग से मुक्ति मिल सकती है। ऐसी स्थिति में ग्रहयोग के बलाबल के आधार पर चिकित्सा अथवा शान्ति अथवा दोनों उपचारों से स्वास्थ्यलाभ संभव हो सकता है। यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि कुछ ऐसे भी ग्रहकृत रोग होते हैं, जिनका शमन

औषधि से संभव भी नहीं है। ऐसे रोग प्रशमनार्थ ग्रहदान, मन्त्रजप, सप्तशतीस्तोत्रपाठ, ग्रहरत्नधारण-शिवपूजन-विष्णुसहस्रनामपाठ और ग्रहदेवता की उपासना का विधान है। इतना ही नहीं ज्यौतिष में दवानिर्माण, शिरामोक्षण (आपरेशन) औषधिसेवन आदि के लिये मुहूर्त्त का भी विधान है सम्बद्ध मुहूर्त्त में तत्तत्कार्य का सम्पादन अपेक्षाकृत हर दृष्टि से लाभ कारक है।

जहाज़ के चालक को ज्यौतिष शास्त्र से बहुत बड़ी मदद मिलती है। समय सूचक या दिशासूचक यन्त्र के अभाव में या यान्त्रिकी गड़बड़ी की स्थिति में ग्रह-नक्षत्र-तारे आदि की सहायता से समय एवं दिशा का ज्ञान किया जा सकता है। जहाँ अत्यधिक सर्दी अथवा अत्यधिक गर्मी के कारण आधुनिक यन्त्र की शक्ति क्षीण हो जाती है वहाँ भी ग्रह-नक्षत्र एवं तारे की सहायता से दिग्देशकाल का बोध किया जा सकता है। यही कारण है कि आधुनिक वैज्ञानिक भी नवीन अन्वेषण कार्य में ग्रहों, नक्षत्रों एवं ताराओं की सहायता ज्योतिष प्रतिपादित नियमानुसार लेते हैं।

दुर्गम पहाड़ियों की ऊँचाई, तेजधारा वाली नदियों की गहराई आदि की जांनकारी ज्योतिषशास्त्र द्वारा आसानी से प्राप्त की जा सकती है। रेगिस्तानों तथा नये देशों में ज्यौतिष की सहायता से आसानी से रास्ता निकाल लिया जाता है। ऐसे दुर्गम स्थान जिस की सीमा पैमाईश द्वारा निर्धारित नहीं की जा सकती है वहाँ ज्यौतिष की सहायता से अक्षांश एवं देशान्तर के आधार पर सीमानिर्धारण अपेक्षाकृत सुविधापूर्वक किया जा सकता है। इस तरह कह सकते हैं कि भूगोल के विद्वानों के लिये ज्यौतिष की जानकारी परमावश्यक है।

ऐतिहासिक तथ्यों के निर्धारणक्रम में समय की जा नकारी के लिये ज्यौतिष शास्त्र का बहुत बड़ा योगदान है। अयनगति, सप्तर्षिचार आदि के आधार पर ओरायन नामक पुस्तक में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जी ने वेद की प्राचीनता ज्यौतिष के द्वारा ही सिद्ध की है जो सर्वथा युक्तियुक्त है। इसी तरह भूगर्भ से प्राप्त विभिन्न वस्तुओं का कालनिर्धारण भी ज्योतिष की सहायता से किया जाता है।

सृष्टि के रहस्य का ज्ञान भी ज्यौतिष शास्त्र द्वारा होता है। ज्यौतिष में विध्यादि या कल्पादि एवं सृष्ट्यादि का विश्लेषण करते हुए बतलाया गया है कि पहले विध्यादि या कल्पादि हुआ तथा इस के ४६४०० दिव्य वर्ष अथवा ९,६०,६४००० मानव वर्ष के बाद सृष्ट्यादि हुई। यथा:-

ग्रहर्क्षदेवदैत्यादि सृजतोऽस्य चराचरम्।

कृताद्रिवेदा दिव्याब्दाः शतध्ना वेधसो गताः॥ इति।

(सूर्यसिद्धान्त, मध्यमाधिकार श्लो-२४)

यहाँ यह भी वतलाया गया है कि कलयुग का मान ४,३२००० वर्ष तथा इससे द्विगुणित, त्रिगुणित एवं चतुर्गुणित क्रमशः द्वापर का ८,६४००० वर्ष, त्रेता का ९२,७६००० वर्ष एवं के मानतुल्य ४३,२०००० वर्ष महायुग का मान होता है। ७१ महायुगों का एक मनु, १४ मनुओं का एक ब्राह्म अहोरात्र दो कल्प तुल्य होते हैं। इस मान से ब्रह्मा एक सौ वर्ष जीते हैं तथा ब्रह्मा के अन्त में प्रलय होती है। इस गणना को दृष्टि में रखकर वर्त्तमान १७९६ शकाब्द में ब्रह्मा के ५० वर्ष वीतकर ५१वें वर्ष का लगभग १ अरब सवा सन्तानवे करोड़ से कुछ अधिक वर्ष बीत चुके हैं। यथा-

याताःषण्मनवो युगानि भमितान्यन्यधुगाङ्घ्रित्रयं

नन्दाद्रीन्दुगुणास्तथा शकनृपस्यान्ते कलेर्वत्सराः।

गोद्रीन्द्रिकृताङ्कदस्रनगगोचन्द्राः शकाब्दान्विताः

सर्वे संकलिताः पितामहदिने स्युर्वर्त्तमाने गताः॥

(सि॰ शि॰, म॰ अ॰, कालमानाध्याय, यलो॰ २८)

और भी-

परमायुः शतं तस्य तयाहोरात्रसंख्यया।

आयुषोऽर्द्धमितं तस्य शेषकल्पोऽयमादिमः॥

(सू॰ सि॰, मध्यमाधिकार, श्लो-२९)

यहाँ यह सन्देह करना उचित नहीं है कि उपर्युक्त मान का कोई ठोस आधार नहीं होने के कारण यह मान्य नहीं हो सकता। है। चूँकि हम जानते हैं कि वेद अपौरुषेय होने के कारण उसके अंग में भी अपौरुषेयत्व विद्यमान है। फलस्वरूप जिस प्रकार से नेत्र द्वारा हम सभी सांसारिक वस्तुओं को स्पष्टतया देखते हैं तथा प्रत्यक्ष देखकर उसकी सत्ता स्वीकार करते हैं, गणित द्वारा अव्यक्त राशि का मान ज्ञात करते हैं उसी तरह इस शास्त्र के प्रवर्त्तक आचार्यों ने ज्ञानचक्षु द्वारा गणनात्मक काल की सत्ता का मान देखकर-परखकर प्रतिपादित किया है। आधुनिक वैज्ञानिक भी विभिन्न प्रकार के प्राचीन पेड़ पौधे, जानवरों के कंकाल एवं सामुंद्रिक जीव जन्तुओं के अध्ययन से इस तथ्य पर पहुँचे हैं कि पृथ्वी का निर्माण लगभग दो अरब वर्ष पहले हुआ है। अतः उपर्युक्त कालमान सर्वथा सत्य है।

ज्यौतिषशास्त्र में सूर्य को पुरुष, चन्द्रमा को प्रकृत्ति एवं मंगलादि पाँच ग्रहों को क्रमशः अग्नि, पृथ्वी आकाश, जल तथा वायु-इन पाँच तत्त्वों का प्रतिनिधि कहा गया है। सूर्य, चन्द्र एवं गुरु सात्विक,

बुध एवं शुक्र राजस तथा मंगल एवं शनि तामस गुणप्रधान ग्रह बतलाये गये हैं। सूर्य आत्मा, चन्द्रमा मन, मंगल सत्त्व, बुध वाणी, गुरु ज्ञान-सुख, शुक्र वीर्य एवं शनि दुःख रूप में माना गया है। गहों में सूर्य एवं चन्द्रमा राजा, मंगल सेनापति, बुध युवराज, गुरु एवं शुक्र मन्त्री, शनि भृत्य तथा राहुकेतु सेना रूप में चित्रित किये गये हैं। कि मानवादि चराचर प्राणियों की उत्पत्ति में भी ग्रहों का प्रमुख स्थान है। महर्षि पराशर ने तो राम, कृष्ण, नरसिंह आदि अवतारों को भी ग्रहों का ही अवतार कहा है तथा सृष्टि का कारण विष्णु को माना है। इन के मतानुसार प्रकृति-पुरुष दोनों के कारण विष्णु ही हैं। अतएव इन्होंने "ग्रहरूपी जनार्दनः" शब्द का प्रयोग किया है। अतः ग्रहरूपी विष्णु द्वारा सौर जगत की उत्पत्ति हुई है, कहने में कोई आपत्ति नहीं दिखलाई पड़ता है। यही कारण है कि वराहमिहिर ने बृहज्जातक के मंगलश्लोक में सुर्य को "वर्त्मापुनर्जन्मनाम्" अर्थात् मुमुक्षु लोगों के जाने का मार्ग तथा "लोकानां प्रलयोद्भवस्थितिविभुः" अर्थात् तीनों। स्वर्ग कहा गया है। सूर्योपनिषद् में तो यह विषय और भी विस्तार पूर्वक कहा गया है।

आधुनिक वैज्ञानिक भी तात्विक विश्लेषण के आधार पर पृथ्वी की उत्पत्ति में ग्रहपिण्डों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हैं।

हमारा देश कृषि प्रधान है। यहाँ के लगभग ८०% प्रतिशत लोग कृषि पर आश्रित हैं। कृषि की सफलता मुख्यतया पानी पर निर्भर है। पानी प्राप्ति के विभिन्न स्रोतों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्रोत वृष्टि है क्योंकि अन्य जलस्रोत भी वृष्टि से प्रभावित हैं ऐसी स्थिति में वर्षा की जानकारी के लिये ज्यौतिष शास्त्र की जानकारी निश्चितरूप से परमावश्यक है।

वर्षा किस नक्षत्र में होती है? किन किन ग्रहयोगों एवं शकुनादि के आधार पर वर्षा होती है? बीज कब बोना चाहिए? बीजचयन या संग्रह एंव बीज संरक्षण या स्थापन किस दिन में करना चाहिए? पौष, चेत्र एंव ज्येष्ठ भारतीय प्रधान वृष्टि मूलक शकुन के आधार पर वर्षा की स्थिति कैसी रहेगी? हम वर्षा होगी अथवा अधिक? फसल पर कीटादि का प्रकोप होगा अथवा नहीं? फसल की स्थिति अच्छी रहेगी या नहीं? रोहिणी वास किस स्थान पर है? सप्तनाडीचक्र द्वारा नक्षत्र-राशि-संक्रमणकालिक लग्नादिवशेन वृष्टि की कैसी स्थिति रहेगी? वर्षेश मन्त्री, तोयेश, सस्पेश एवं मेघ का फल कैसा है? आदि इन सभी विषयों की जानकारी ज्यौतिष के द्वारा प्राप्तकर यदि तदनुसार कृषि कार्य जाय तो फसल अच्छी होगी तंथा कृषि कार्य में अपेक्षाकृत कम व्यय एवं अधिक लाभ होगा।

आधुनिक वैज्ञानिक भी ज्यौतिषशास्त्रप्रतिपादित विधि के अनुसार जलचरराशि-नक्षत्रगत चन्द्र को स्थिति को ध्यान में रखकर ही वर्षा का आयोजन तथा निवारण करते हैं। ज्यौतिष की जानकारी

के विना उक्त कार्य सम्पन्न करना कठिन है। दूसरी बात यह है कि उपर्युक्तविधि द्वारा वृष्टिनिवारण या वृष्टि-आयोजन अत्यधिक व्ययसाध्य है साथ ही इससे सीमित क्षेत्र में ही आयोजित भी किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में ज्यौतिषशास्त्र की शरण हर दृष्टि से अपेक्षाकृत सुविधाजनक, लाभकारक एवं व्यापक हित में है।

बृहत्संहिता के रोहिणीयोगाध्याय में वृष्ट्यर्थ शकुनावलोकन का विधान बतलाया गया है। यद्यपि स्पष्ट तथा वहाँ कृत्रिम वृष्टि पद का उल्लेख नहीं है। किन्तु नियम, व्रत, पूजन एंव हवनादि अनुकूल फल प्राप्ति के उद्देश्य से किये जाये हैं। फलतः इसे कृत्रिम वृष्टि का नाम देना अनुचित नहीं होगा।

वेदादिशास्त्रों में कारीरिष्टि द्वारा, वरुण, इन्द्र के मन्त्र जप द्वारा तथा शिवपूजन आदि द्वारा वृष्टि का विधानवर्णित है। डा॰ नेमिचन्द्र संहिता शास्त्री ने "भारतीय ज्यौतिष" नामक ग्रन्थ के अनुसार भद्रबाहुसंहिता के शुकचाराध्याय में शुभगति के अध्ययन के द्वारा वृष्टि निवारणप्रकार दिखलाया गया है। यह ग्रन्थ मैंने नहीं देखा है।

सिंहराशिगत मंडल या सूर्य मंगल के योग में वर्षा का अभाव होता है। बुध-शुक्र के समीपावस्था में वृष्टि होती है। बुध शुक्र के मध्य सूर्य के रहने पर समुद्रशोषयोग अर्थात् सुखाड होता है। यथा कहा गया है-

यत्र भे भानुना संयुतो मंगलः सिंहगो वा धरानन्दनः केवलः।
नीलपद्मामपानीयधरो दूरतो याति नायाति भूमण्डले॥
एकेनापि कुपुत्रेण सिंहासनगतेऽपि वा।
माता रोदिति हा पुत्र शीतमात्रं प्रदीयताम्॥
बुधः शुक्रः समीपस्थः करोत्येकार्णवां महीम्।
तयोरन्तर्गतो भानुः समुद्रमपि शोषयेत्॥ आदि।

क्या इस प्रकार का ठोस एवं सर्वथा सत्य वृष्टिमूलक सिद्धान्त ज्योतिष के बिना जानना संभव है?

बृहत्संहिता के प्रासादलसक्षणाध्याय में विभिन्न प्रकार के घर बनाने तथा प्रतिमालक्षणाध्याय में मूर्त्ति बनाने की विधि, उसका मान एवं अन्य सभी लक्षण कहे गये हैं जो वास्तुकला एवं मूर्त्ति-चित्रकला

के मर्मज्ञ विद्वान् या कलाकार के लिये अत्यन्त उपयोगी है। इसी ग्रन्थ के वज्रलेपाध्याय में वज्रलेप, वज्रतल एवं वज्रसंघात बनाने की विधि, बताकर "देव प्रतिमा, प्रासाद, शिवलिंग एवं कूप आदि में उक्त वज्रलेप लगाने से एक करोड़ वर्ष तक वह वज्रलेप स्थायी एवं अविकृत भाव से विद्यमान रहता है" - ऐसा कहा गया है। यह अति उपयोगी है फलतः उसे व्यवहार में लाना चाहिए।

संहिता ग्रन्थों में दकार्गलाध्याय में पृथ्वी के तल के अन्दर विभिन्न वृक्षादि की स्थितिद्वारा जल की स्थिति बतलायी गई है जो भूगर्भशास्त्रियों के लिये परीक्षणीय एवं व्यवहार में लाने योग्य है।

संहिताशास्त्रों में पशु, पक्षी, यथा -हाथी, घोड़ा, कुत्ता,श्रृगाल, कौवा, कपोत, श्येन आदि के हाव-भाव, चेष्टा, शब्द आदि द्वारा भविष्य में होनेवाले शुभाशुभ फलों का वर्णन किया गया है। इसी तरह धूमकेतु, उल्का, भूकम्प, परिवेष, ग्रह प्रकृति, ग्रहण, परिवेष, इन्द्रधनु आदि द्वारा भी धूमाधूमफल निरुपित किये गये हैं जो सर्वथा सत्य प्रमाणित होते हैं। क्या इस प्रकार की जानकारी अत्यन्त सरल एवं सुविधापूर्वक ज्यौतिष के बिना संभव है?

ज्यौतिषप्रतिपादित पद्धति के अनुसार निर्मित पञ्चाङ्गद्वारा विभिन्न प्रकार के गणनात्मक कालावयव की जानकारी अति सरलता से मिल जाती है तथा तदनुसार हम महापुरुषों की जयन्ती, धार्मिक एवं सामाजिक, व्रत, पर्व आदि का आयोजन कराते हैं जिनसे श्रुतिस्मृतिपुराणेतिहासोक्त फल प्राप्ति हमें होती है। हस शास्त्र में विभिन्न प्रकार के कार्यो के विज्ञान सम्मत मुहूर्त्त की व्यवस्था है। चूँकि आकाशीय ग्रह-नक्षत्र पिण्डों का अनुकूल या प्रतिकूल, शुभ या अशुभ, अमृतमय या विषमय किरण का प्रभाव देश-काल-परिस्थिवश विलक्षण गति से बदलता रहता है। फलतः किसी खास तिथि, दिन, नक्षत्र एवं गहयोग वाले समय में किसी खास कार्य के लिये विशेष उपयुक्त समय रहता है। ज्यौतिष शास्त्र इसी विशेष उपर्युक्त समय रहता है। ज्यौतिष शास्त्र इसी उपयुक्त समय में तत्तत्कार्य सम्पादनार्थ निर्देश करता है। क्योकि इस शास्त्र की मान्यता है कि सुयोग में प्रारब्ध कार्य निर्विध्नपूर्वक अपेक्षाकृत अधिक समय, श्रम एवं व्यय होता है। अतएव विभिन्न कार्यों की सुविधापूर्वक सिद्धि के लिये ज्यौतिषशास्त्र की मुहूर्त्तव्यवस्था सर्वथा विज्ञानसम्मत है।

भारतीय ज्यौतिष के सिद्धान्तों के मनन करने से ज्ञात होता है कि मानव का शरीर ही सौर जगत् है। इसके अन्दर आत्मा सूर्य, वीर्य शुक्र तथा सुख दुःख शनि अपनी अपनी कक्षा में भ्रमण करते रहते हैं। इस कक्षावृत्त के मेषादि द्वादशराशि क्रमशः शिर, मुख, बाहु, हृदय, उदर, कटि, वस्ति, लिंग, जंघा, घुटना, पिण्डली और पैर में अवस्थित हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार "यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे" के सिद्धान्तानुसार जैसे सौरमण्डल में ग्रहों की अवस्थिति है उसी प्रकार मानव शरीररूपी सौरमण्डल में भी ग्रहों की स्थिति है। अर्थात् शरीरगत सौरचक्र का भ्रमण आकाशगत सौरमण्डल

नियमानुसार ही होता है। यही कारण है कि व्यक्त सौरजगत की ग्रहस्थितिवश किया गया फलादेश अव्यक्त शरीरगत सौरजगत पर अनुकूल प्रभाव डालता है। फलतः यह सुतरां सिद्ध हो जाता है कि इस शास्त्र द्वारा प्रतिपादित शुभाशुभफलों का मान व जीवन से बहुत ही घनिष्ठ सम्बन्ध है।

भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा अमर है यह मात्र जन्म जन्मान्तर के कर्म प्रवाह के वश बाह्य आवरण को बदलता रहता है। जब आत्मा एक स्थान से इस भौतिक शरीर का त्याग करता है तो प्राप्ति में सहायक होता है। इस भौतिक शरीर में प्रवेश के साथ ही आत्मा पूर्व जन्मों की स्मृति की स्मृति को भूल जाता है किन्तु ग्रह का सम्बन्ध तो जन्म-जन्मान्तर के शुभाशुभ कर्मो के साथ सदा वना रहता है। यही कारण है कि ज्यौतिष में पूर्वजन्म से सम्बद्ध फलादेश का विधान भी किया गया है। द्रष्टव्य बृहत्पाराशरहोराशास्त्र के मारकभेदाध्याय के ३७, ४० एवं ४३वाँ श्लोक तथा बृहज्जातक के नैर्याणिकाध्याय, श्लोक १४।

बृहत्पाराशरहोराशास्त्र के पूर्वजन्मशापवर्णनाध्याय में माता, पिता, भ्राता, माम्मा, ब्राह्मण, पत्नी, नाग एवं प्रेत शापवशात् बहुत सारे पुत्रक्षययोग कहे गये हैं तथा उनकी शान्ति करने पर पुत्र-प्राप्ति होती है। क्या इस प्रकार के पूर्व जन्म की घटना का स्पष्टतया उल्लेख आधुनिक विज्ञान के लिये संभव है?

बृहत्याराशरहोराशास्त्र एवं बृहज्जातक के उपर्युक्त अध्यायों में प्रतिपादित अग्रिम जन्म के विषय में ज्यौतिष के दृष्टिकोण पर गौर किया जाय। वहाँ कहा गया है कि अमुक ग्रह स्थिति में व्यक्ति देवलोक, पितृलोक, मर्त्यलोक या नरकलोक में ग्रहस्थिति में देहत्याग के पश्चात् जाता है तथा अमुक अमुक ग्रहस्थिति में व्यक्ति मुक्तिभागी होता है। ज्यौतिष के इस प्रकार के विचार के क्रम में तो आधुनिक विज्ञान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है। जबकि धर्म, अर्थ, कांम एवं मोक्ष ये चार ही पदार्थ इस संसार में है जिनकी प्राप्ति के लिये सभी प्राणी व्यस्त है। मोक्ष तो सर्वोत्कृष्ट पदार्थ है-यही भारतीय विधाओं की मान्यता है। यह सामर्थ्य किसी अन्य विज्ञान में नहीं है जो इस प्रकार का तात्त्विक विवेचन प्रस्तुत कर सके।

किसी व्यक्ति के जन्मकाल, जन्मदिन एवं जन्मस्थान को जानकर उसके जीवन समस्त शुभाशुभफलों "जैसे वह सुखी होगा या दुःखी, स्वस्थ होगा या रूग्ण, धनी होगा या निर्धन, भाग्यशाली होगा या नहीं, उसके कितने पत्र होंगे? उसकी आयु कितनी होगी? उसकी जीविका किस तरह चलेगी? वह किस विषय का विद्वान् होगा? वह डाक्टर हांगा ज्योतिषी या क्लर्क होगा की क्षमता माप ज्योतिर्विज्ञान में है, किसी आधुनिक विज्ञान में नहीं। इतना ही नहीं अज्ञात जन्म काल की स्थिति में अंकज्योतिषानुसार नामांक द्वारा, सामुद्रिक शास्त्रानुसार हस्तरेखा एवं शरीरगत विभिन्न चिह्नों द्वारा, प्रश्नशास्त्रानुसार

प्रश्नलग्नद्वारा, रमल, गोचर, स्वप्न एवं नष्टजन्मांगनिर्माण द्वारा शुभाशुभफल प्रतिपादन की प्रक्रिया ज्यौतिषशास्त्र की अपूर्व देन है। ज्यौतिष मे यह भी कहा गया है कि ग्रह अपनी दशा में महाभूत सम्बन्धी छाया को प्रकट करते हैं। अतः अज्ञात जन्मसमयवाले व्यक्ति को वर्त्तमान ग्रहदशा का अनुमान करना चाहिए। द्रष्टव्य बृहज्जातक का दशान्तर्दशाध्याय एवं बृहत्पाराशम् होराशास्त्र का पञ्चभूतलक्षणाध्याय।

उपर्युक्त सभी विषयों पर गौर करने से स्पष्ट हो जाता है कि आधुनिक विज्ञान की अपेक्षा ज्यौतिष शास्त्र का क्षेत्र अपेक्षाकृत व्यापक है। आधुनिक विज्ञान की जहाँ पहुँच भी नहीं है, ज्यौतिषशास्त्र वहाँ स्पष्टतया मार्गदर्शन करता है। इस शास्त्र से मानवजीवन अत्यधिक प्रभावित है तथा यह प्रतिक्षण मानव का मार्गदर्शन करता है। अतएव वराहमिहिर ने स्कन्धत्रयात्मक (सिद्धान्त, संहिता सवं होरा) ज्योतिषशास्त्र को अनेक भेदों से युक्त कहा है तथा इसके ज्ञाता को पूज्य, पंक्तिपावन एवं पवित्र जैसे शब्दों के द्वारा समाहत किया है।

"भारतीय ज्यौतिष की उक्त परंपरा सदा संसार का मार्गदर्शन करता है"-एतदर्थ यह आवश्यक है कि शास्त्राध्ययनाध्यापन के साथ साथ शास्त्रोक्त धर्म-कर्म द्वारा यथासंभव अपने को आचार सम्पन्न बनाना चाहिए ताकि बाह्य आभ्यन्तर दोनों दृष्टियों से बल मिल सके। यह बात गुरु परंपरया भी समादृत है। यदि हम ऐसा करते हैं। तो निश्चित रूप से शास्त्रोक्त फल मिलेगा तथा शास्त्र की मर्यादा कायम रहेगी। दूसरी बात यह कि फलादेश में जन्मलग्न एवं प्रशन या गोचरकाल के अतिरिक्त यदि संभव हो तो आधान लग्न एवं शिरोदय लग्न से भी विचार करना चाहिए। इससे फलादेश अपेक्षाकृत और भी सत्यासन्न होगा। फलतः शास्त्र एवं समझ दोनों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी तथा पाश्चात्य देशों की अन्धानुकरण की परम्परा रुकेगी। हमारी पूर्व की प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त होगी तथा लोग इसके प्रति स्वतः आकृष्ट होगें।

भारतीय ज्योतिष में पुनर्जन्म विवेचन

–डॉ० उमेशदत्त भट्ट

जातक [मनुष्य] की पुनर्जन्म की ज्योतिष विषयक शंकाओं का चर्चा करने से पूर्व पुनर्जन्म व उसके निर्धारक तत्वों पर कुछ चर्चा कर ली जाय तो संभवतः इन समस्याओं को सुस्पष्ट रीति से रखने व उन पर विचार करने हेतु जिज्ञासुओं की जिज्ञासा और भी बलवती होगी तथा उलझे तथ्यों को सारल्य मिल सकता है। क्यों कि–

जन्म कर्म च मे दिव्यं एवं यो वेत्ति तत्वतः।

त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नेति मामेति स अर्जुन॥

श्रीमद्भगवद्गीता- ४/९

स्वयं भगवान् श्री कृष्ण की उपर्युक्त उक्ति यह स्पष्ट करती है कि जीवों का और विशेष रूप से मनुष्य का पुनर्जन्म होता है। इसमें कहीं विवाद का स्थान नहीं है। सभी आस्तिक दर्शन भी इसे स्वीकार करते हैं। हाँ, इतना अवश्य है कि प्रभु श्री कृष्ण के अनुसार कुछ मनुष्यों का पुनर्जन्म होता है और कुछ का नहीं होता, जिनकी मृत्यु उत्तरायण सूर्य में होती है वे तो देवयान के विभिन्न मार्गो से होकर मोक्ष या परब्रह्म लोक को प्राप्त करते हैं[1]। और वे जिनकी मृत्यु दक्षिणायन में होती है[2] वे पितृयान के मार्ग से स्वर्ग लोक में कुछ उतने समय तक ही निवास करते हैं जब तक कि उनके पुण्य कर्मो का लेखा-जोखा क्षीण (समाप्त) नहीं हो जाता (पातञ्जलयोगप्रदीप पृ. ५४९) इसके उपरान्त उन्हें पुनर्जन्म लेना ही पड़ता है।

---

१. द्वे सृती अश्रृण्वं पितृणामहं देवानामुत मर्त्यानाम्।
ताभ्यामिदं विश्वमेजत् समेति यदन्तरा पितरं मातरं च॥
यजुर्वेद १९/४७, ऋग्वेद १०/८८/१५

२. श्रीमद्भगवद्गीता-अध्याय-८

मनुष्य जब देवयान के मार्ग द्वारा स्वर्ग को जाता है तब वह स्वर्ग के विभिन्न भोगों को भोगने के उपरान्त मोक्ष को प्राप्त होता है। मोक्ष को प्राप्त करने वाला व्यक्ति (जीवात्मा) आदित्य लोक (ब्रह्म लोक) के माध्यम से परब्रह्म को (मोक्ष) प्राप्त होता है। इस स्थिति में वह जन्म-मृत्यु के बन्धन से मुक्त हो जाता है। परन्तु देवयान के ही द्वारा स्वर्ग को जाने वाले जिस व्यक्ति के लिए आदित्यलोक से आगे का द्वार बन्द होता है (अज्ञानियों हेतु) और पुण्य कर्मो का भोग समाप्त हो जाता है तो उसे पुनः अपने अज्ञान कर्म का फल भोग करने हेतु नरक में जाना होता है। नरकों की प्रामाणिक संख्या मनुस्मृति के अनुसार (अध्याय-४) इक्कीस है। वैसे इसकी संख्या के सम्बन्ध में कुछ वैषम्य भी है। महाभारत में कुछ ऐसे नरकों के नाम भी आयें हैं जिनका उल्लेख मनुस्मृति में नहीं है परन्तु प्रकारान्तर से इन नरकों का मनुस्मृति के इक्कीस नरकों में ही अन्तर्भाव है।

व्यक्ति चाहे देवयान से या पितृयान से गमन करे दोनों से ही कर्मानुसार स्वर्ग या नरक की प्राप्ति होती हैं। जहां तक मोक्ष की बात है, मोक्ष की अधिकारी तो वही जीवात्मा है जिसके खाते में पाप कर्म हैं ही नहीं। परन्तु यदि तिल मात्र भी पाप कर्म प्राणी के द्वारा किए गए है तो उसे नरक में से गुजरना ही है। उदाहरणार्थ युधिष्ठिर को भी कुछ क्षणों के लिए थोड़ा मिथ्या-भाषण के कारण नरक का दर्शन कराया गया था (महा-भारत स्वर्गारोहण पर्व) तदुपरान्त स्वर्ग का निवास मिला। इसी अनुक्रम में यह उल्लेख भी अप्रासांगिक न होगा कि जिस प्राणी का, जिस लोक में अल्पभोग होता है उसको पहले वहीं लोक दिए जाने का विधान शास्त्र विहित है। उदाहरणार्थ यदि नरक लोक में किसी प्राणी को भोग अत्यल्प है तो पहले उसे नरक में ही जाना होगाा और यदि उसके भोग में स्वर्ग अत्यल्प है तो उसको पहले स्वर्ग में ही निवास मिलता है बाद में फिर नरक में। स्वर्ग व नरक किसी का स्थायी भोग नहीं है। यह विषय दर्शन का है, अस्तु इसके अधिक अन्तराल में जाने से विषय विस्तार ही होगा।

स्वर्ग (लोक) व नरक (लोक) ये अति सूक्ष्म आन्तरिक लोक हैं जो भौतिक देहधारी प्राणी को दिखाई नहीं देते है। यह सूक्ष्म शरीर या आत्मा के द्वारा ही गम्य हैं।

इन लोकों में जीवात्मा के विचरण के विषय में भगवान् श्री कृष्ण का कथन है

आ ब्रह्म भुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनोऽर्जुन।

मामुपेत्य तु कौन्य, पुनर्जन्म न विद्यते।।

श्रीमद्भगवद्गीता ८/१६

अर्थात् ''ब्रह्म'' से लेकर सब लोक पुनरावर्ती स्वभाव वाले हैं ये सब पुंनर्जन्म के हेतु हैं। परन्तु ''परब्रह्म लोक'' को प्राप्त करने वाला मोक्ष का अधिकारी होगा। परब्रह्म लोक स्वयं प्रभु श्रीकृष्ण का ही है

प्राणि-सृष्टि :-

सांख्य दर्शन के आचार्य कपिल मुनि ने ''तत्वसमासा'' में चतुर्दश प्राणि सृष्टि ("चतुर्दश विधो भूतसर्गः" (सूत्र १८) स्वीकार किया है, जो इस प्रकार से है-

(अ) देवी सृष्टि या देव सर्ग-

आठ प्रकार की- ब्राह्म, प्राजापत्य, ऐन्द्र, देव, गान्धर्व, पित्र्य, विदेह तथा प्रकृतिलय- विभिन्न कर्मोपासना का फल।

(ब) मानुष सर्ग-

मानुषी सृष्टि

(स) तिर्यक् सर्ग-

पशु, पक्षी, सरीसर्प (अर्थात रेगने वाले जन्तु), कीट तथा स्थावर।

आठ देव सर्ग शेष सृष्टियों से अति सूक्ष्म होने के कारण प्रत्यक्ष नहीं हैं। हमारे उपनिषदों ने भी इन सृष्टियों को प्रकारान्तर से स्वीकार किया है (तैत्तरीय उपनिषद्, शिक्षावल्ली अनुवाक-८, बृहदारण्यक उपनिषद-४.३.२, शतपथ ब्राह्मण १४.७.१.३१) परन्तु इनकी संख्या में मतभेद है।

प्राणी को इन सूक्ष्म अथवा प्रत्यक्ष सृष्टियों से होकर विचरण करना होता है व तदुपरान्त भौतिक विश्व में पुनर्जन्म मिलता हैं।

पुनर्जन्म विषयक अक्टूबर, ३० व ३१ को एक सेमिनार में यद्यपि कि उल्लेख किया गया है।[१] कि पुनर्जन्म से पूर्व आत्मा को देवलोक, पितृलोक, तियक लोक व नरक लोक में निर्धारित समयों तक समय व्यतीत करना होता है परन्तु यह तर्क कुछ समीचीन नहीं लगता क्यों कि देव सर्ग व नरक ये सभी अन्तरिक्ष की सृष्टि हैं। देव सर्ग में ही पितृ सृष्टि का अन्तर्भाव स्पष्ट गोचर हैं। विगत पृष्टों

---

१. Reincarnation Researches and Seminar oct 30&31. 1993 at Allahabad: Page 21.

में देव सृष्टि की व्याख्याओं में यह उल्लेख भी है कि ये लोक या ये सृष्टियां जीवात्मा के लिए सुखद लोक होते हैं। परन्तु नरक लोक तो जीवात्मा के प्रायश्चित्त का लोक है अपने दूषण कर्मों के हेतु। अस्तु दूषण कार्यों से जीवात्मा के शुद्धीकरण हेतु नरक का दण्ड विधान इन सृष्टियों से अतिरिक्त होता है और दुखद होता है।

उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि पुनर्जन्म के निर्धारक व नियामक तत्वों में ''कर्म'' मूल तत्व है।

कर्मः-

पुनर्जन्म के निर्धारक तीन कर्मों का विशेष उल्लेख शास्त्रों में है।

(अ) सञ्चित कर्मः-

जो कर्म अनन्त, जन्मों में किए गए हैं तथा अभी तक उनके भोगने का अवसर ही नहीं मिला है किन्तु केवल संस्कार रूपेण कर्माशय में है।

(ख) प्रारब्ध कर्मः-

कर्माशय में भरे हुए अनन्त कर्मों में से जिन थोड़े से कर्मो ने शरीर रूपी फल की उत्पत्ति कर दी है। अर्थात् जिनका फल वर्तमान जन्म में हो रहा है।

(स) क्रियमाण कर्मः-

जिन नवीन कर्मो को संग्रह किया जाता है या नवीन इच्छा से जो नवीन कर्म, नवीन संस्कार उत्पन्न करते है।

कर्माशय

'' सञ्चित कर्मो'', का संस्कार ''उपसर्जन कर्माशय अनियत विपाक अदृष्टजन्म वेदनीय'' है, तथा ''प्रारब्ध कर्मो, का संस्कार ''प्रधान-कर्माशय नियत-विपाक दृष्टजन्म वेदनीय'' है।

''क्रियमाण-कर्मो'' के संस्कार दोनों ही कर्माशयों के साथ मिलकर अपना-अपना फल देते है[1]।

---

१. पातन्जलयोगप्रदीप प्र० ३०५-३०७, गीताप्रेस गोरखपुर [सूत्र-१८-क्लेश मूलः कर्माशयां दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयाः, तथा सूत्र-१९-सतिमूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः]।

पातन्जल योग प्रदीप में ही साधनपाद सूत्र-१९ के अनुसार-

''क्लेश जिसकी जड़ है, ऐसे कर्मो की वासना वर्तमान और आगे जन्मों में भोगने योग्य है।''

पुनश्च सूत्र- १३ के अनुसार-

''अविद्या आदि क्लेशों की जड़ के होते हुए उस (कर्माशय) का फल जाति, आयु और भोग होता है।''

यहाँ पर विशिष्ट रूप से उल्लेखनीय है कि यह सूत्र जाति (मनुष्य, पशु, तथा देव'' आयु तथा भोग का कारक या निर्धारक तत्व ''कर्माशय'' को बताया गया है, अस्तु कर्माशय निश्चित रूप से जीव की जाति, आयु तथा वर्तमान व अग्रेसर भोगों व भोगों के रूप में उसकी गति को बताने में पूर्णतः सक्षम है, क्योंकि प्रधान-कर्माशय-नियत-विपाक, दृष्ट जन्म वेदनीय के अनुसार अगला जन्म, आयु तथा भोग नियत होता है।

''उपसर्जन कर्माशय'' जो अगले जन्मों में भोग्य है पर अभी उनका फल नियत नहीं हुआ है वह ''अनियत विपाक'' है। उल्लेखनीय है कि ''उपसर्जन कर्माशय'' के साथ ''अगले जन्मों में भोग्य'' यह शब्दांश जुडा है जो यह संकेत करता है कि ''अनियत विपाक'' कर्माशय या ''उपसर्जन'' कर्माशय में जीवात्मा के भविष्य के कई जन्मों का तथ्य आवृत होता हैं।

इस सम्बन्ध में जीवात्मा के पुनर्जन्म के सिद्धान्त में कर्माशय का योगदान पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः (श्रीमद्भग्वदगीता- ६/४४) (''-श्रीकृष्ण के कथन से भी सिद्ध हैं। तथा प्रकारान्तर से यह सिद्ध है कि ये पूर्वजन्म के अभ्यास (संस्कार), कर्माशय ''नियत विपाक'') में निश्चिततः सञ्चित होते हैं और आगे के लिए ये निर्धारक तत्व होते हैं।

जन्म जन्म यदभ्यस्तं दानमध्ययनं तपः।

तेनैवाभ्यासयोगेन तच्चैवाभ्यसते नरः॥

भामती टीका-२.१.३४, वाचस्पति मिश्र

अस्तु ''कर्माशय'' पूर्वजन्मों तथा आगे के भी जन्मों के जीवात्मा विषयक जाति, तदायु व उसके भोगों का संचित भण्डार है जिसके द्वारा किसी भी प्रकार के अनावरण से जीवात्मा का भूत, भविष्य व वर्तमान (त्रिकाल) बहुत दूर तक देखा जा सकता है।

इसी सूत्र की व्याख्या में आगे यह भी कहा गया है कि सामान्यतः तो मनुष्य का जन्म मानुष योनि में ही या उससे उंची योनि में ही होगा है परन्तु इसका अपवाद भी प्राप्त हुआ है[१]। अस्तु यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता।

''मनुस्मृति'' के अध्याय द्वादश विशेष रूप से मनुष्य के पुनर्जन्म पर प्रकाश डालने वाले अनेक ऐसे श्लोकों का उल्लेख आया है जिससे यह बात सिद्ध होती है कि मनुष्य का पुनर्जन्म विभिन्न-योनियों मे होता है। इस बात को निरी कल्पना या धार्मिक त्रास भी नहीं माना जा सकता क्योंकि यही बात ''मनु'' के पुत्र ''भृगु'' द्वारा कथित है। ''भृगु'' के अनुसार-

देवत्वं सात्विका यान्ति मनुष्यत्वं च राजसाः।

तिर्यक्त्वं तामसा नित्यमित्येषा त्रिविधा गतिः॥

मनुस्मृति १२/४०

अर्थात्'' सात्विक मनुष्य देवत्व को, राजस मनुष्यत्व, को और तामस तिर्यकयोनित्व को पाता है। यही तीन प्रकार की गति है।

''भृगु जी का उपर्युक्त कथन यह स्पष्ट कहता है कि मनुष्य का पुनर्जन्म किसी भी योनि में हो सकता है।

पुनश्च, उपर्युक्त जन्म की यह गतियां क्रमशः उत्तम, मध्यम व अधम निरूपित की गयी हैं-

त्रिविधा त्रिविधैषा तु विज्ञेया, गौणिकी गतिः।

अधमा मध्यमाग्रया च कर्मविद्या विशेषतः॥ तत्रैव १२/४१

पुनश्च, उत्तम मध्यम की योनियां-

स्थावराः कृमिकीटाश्च, मत्स्याः सर्पाः सकच्छपाः।

पशवश्च मृगाश्चैव जघन्या तामसी गतिः॥

हस्तिनश्च तुरङ्गाश्च शूद्राम्लैच्छाश्चं गर्हिताः।

सिंहा व्याघ्रवराहाश्च मध्यमा तामसी गतिः॥

-तत्रैव

---

१. ''महातपस्वी जड़ भरत को मृग जन्म प्राप्त हुआ था'' श्रीमद्भागवत पंचम स्कंध- अध्याय- ८ व ९

उपर्युक्त श्लोक, मात्र यह उद्घाटित नहीं करते कि मनुष्य का जन्म अन्य योनियों मे भी होता है अपितु मनुष्य के कर्माशय का भी आभास देते हैं। मनुस्मृति के इसी अध्याय में मनुष्य के पुनर्जन्म की विभिन्न-विभिन्न योनियाँ अलग अलग, कर्मानुसार बतायी गयी हैं। यही नहीं ''गरुड़ पुराण'' का पाँचवा अध्याय भी यह स्पष्ट करता है कि मनुष्य का पुनर्जन्म मनुष्य योनि में होना आवश्यक नहीं है, अपितु उसके कर्मानुसार विभिन्न योनियों में होता है। ''गरुड़ पुराण'' में व मनुस्मृति के बारहवें अध्याय में मनुष्य के पुनर्जन्म के विषय में काफी कुछ उल्लेख है। ''मनुस्मृति'' में तो इस बात का भी उल्लेख आया है कि यदि मनुष्य का जन्म मनुष्य योनि में ही पुनः होता है तो वह किस ''वर्ण'' में होगा और उस वर्ण मे भी उसकी ''संस्कारगत स्थिति'' व ''भौतिक स्थिति'' कैसी होगी।

''मनुस्मृति'' के उक्त तथ्य, चूँकि भृगु जी के द्वारा कथित है अस्तु ''ज्योतिषीय दृष्टि'' से उनके ये कथन अत्यन्त महत्वपूर्ण है, और ये भृगु जी, वही भृगु हैं जिन्होने ज्योतिष विषयक ''भृगुसंहिता'' की रचना की थी। उपर्युक्त परिस्थितियों मे तो ''मनुस्मृति'' के इन विभिन्न श्लोकों का ''भृगुसंहिता'' में सन्निहित होना यह सिद्ध करता है तथा इनके आधार पर मनुष्य के पूर्वजन्म एवं अग्रेतर जन्म दोनों को ही बताया जा सकता है।

इस क्रम में अब एक बात और आती है कि मनुष्य का पुनर्जन्म मृत्युस्थल से कितनी दूर, किस दिशा में, किस क्षेत्र में तथा मृत्यु के कितने दिनों के उपरान्त होगा?

इस विषय में ''गरुड़पुराण'' में तो एकाध स्थान पर यह चर्चा आयी है कि पुनर्जन्म कहाँ होगा दूरी व एकाध क्षेत्र का भी इसमे उल्लेख है। परन्तु विषद नहीं।

स्मृतिः-

अब इसके बाद अगली समस्या उठती है ''स्मृति'' की, कि क्या जन्म लेने वाले जातक (मनुष्य) को ''पूर्वजन्म'' की ''स्मृति'' होगी या रहती है? जब यह प्रश्न उठता है तो फिर मस्तिष्क भी यह भी तर्क करने के लिए बाध्य होना ही है कि क्या जीवात्मा को पूर्वजन्म की ''स्मृति'' होती है?

इस सबंध में, गरुड़ पुराण, मनुस्मृति पातन्चल योगदर्शन, ब्रह्मसूत्र, न्यायदर्शन, महाभारत व श्रीमद्भागवत महापुराण तथा कर्मविपाक प्रभृति ग्रन्थ स्वीकार करते हैं कि मनुष्य योनि में जन्म लेने वाली जीवात्मा को पुनः मानुषी योनि प्राप्त करने पर पूर्व जन्म की बातें स्मरण रहा करती है और स्मरण का आधार संस्कार होता है[1]।

---

१. ''संस्कारसाक्षात्करणात् पूर्वजतिज्ञानम्'' विभूतिपाद सूत्र १८, पातञ्जलयोगप्रदीप पृ० ५२९.
जीवात्मा की नित्यता और पूर्व जन्म की साधक युक्तियाँ। अध्याय पाँच ''न्याय परिचय'' हिन्दी रूपान्तरकार [डॉ किशोर नाथ झा [मूल-महामहोपाध्याय फणिभूषण तर्कवागीश]

महातपस्वी जड़ भरत को मृगजन्म प्राप्त होने पर भी उसी समय पूर्व जन्म की स्मृति उत्पन्न हुयी थी और मृगजन्म के बाद ब्राह्मण कुल में जन्म प्राप्त होने पर प्राक्तन मृग जन्म के सभी विषयों का स्मरण उनको हुआ। (श्री मद्भागवत् पंचम स्कंध अध्याय ८ व ९)

पूर्वजन्म की बात स्मृत रहने की स्वीकृति मनुस्मृति भी करती है और उसका आधार भी बताती है-

वेदाभ्यासेन सततं शौचेन तपसैव च।

अद्रोहेण च भूतानां जातिं स्मरति पौर्विकीम्॥ ४/१८८

जातक को पूर्व जन्म की स्मृति की चर्चा ''गर्भोपनिषद्'' में भी निहित है।

पुनर्जन्म विषयक उपर्युक्त उठायी गयी समस्त बातों का सारांश कुछ इस प्रकार निकलता है

१. जातक का पुनर्जन्म यदि होगा तो किस योनि में?

२. किस वर्ण में पुनर्जन्म होगा?

३. मृत्युस्थल से कितनी दूर (दिशा) व कितने समय पश्चात् होगा? तथा

४. जातक को पूर्वजन्म की स्मृति रहेगी अथवा नहीं?

पीछे के पृष्ठों में कहीं गयी बातों में दो प्रकार के तत्व मुख्य रूप से प्राप्त हुए जो इन समस्याओं से सीधे संबंधित है- एक कर्म तथा अपर संस्कार। और इन दोनों ही तत्वों के विषय में ज्योतिषीगण ''भारतीय ज्योतिष'' के आधार पर काफी कुछ जातक के संबंध में कहते हैं। कहना यह है कि जब भारतीय-ज्योतिष के नियामक सिद्धान्त जातक के कर्म व संस्कार बता सकते हैं तो उन्हीं के आधार पर जातक के अगले जन्म की बात को क्यों नहीं निर्धारित करते? प्रथम तो ये तथ्य निश्चित रूप से ज्योतिष ग्रन्थों में चर्चित अवश्य हुए होगें, किन्हीं कारणों से प्रक्षिप्त हो गये हों यह अलग बात है। कारण यह कि भारती मनीषा व उसका चिन्तन आदि काल से ही विश्व प्रसिद्ध रहा है, चाहे वह ज्ञान विज्ञान का कोई भी क्षेत्र रहा हो। शायद इसी से इसे ''जगद्गुरू'' की उपाधि से विभूषित किया गया है। भारतीय मनीषियों को त्रिकालज्ञता प्राप्त थी यह प्रमाण प्राप्त है। अस्तु भारतीयों के चिन्तन से जीवन व सृष्टि का कोई भी स्थल अछूता न था। न हैं।

अतएव यदि किन्हीं कारणो से उक्त तथ्य कालवश गल्प मात्र बन मानना चाहें तो यह भारतीय चिन्तन के लिए समीचीन नहीं प्रतीत होता है। इन तथ्यों पर पुनर्विचार व चिन्तन कतिपय जातकों

की जन्मपत्रियां संकलित करने का प्रयास सरलता पूर्वक किया जा सकता हैं। यद्यपि कि इस विषय में प्रायोगिक दृष्टि से विदेशो में काफी कुछ प्रयास हो रहा है परन्तु इस विषय मे भरतीय चिन्तन जो कुछ दे सकता है वह विदेश कभी नहीं दे सकेगा। कारण यह एक दीर्घकालीन प्रक्रिया अवश्य है, जिसके लिए कतिपय जातकों की जंन्मपत्रियों का शोध की दृष्टि से सुनियोजित संकलन व अध्ययन करना होगा। इन संकलन की जाने वाली जन्मपत्रियों में निम्न प्रकार की जन्मपत्रियाँ अवश्य होनी चाहिए-

१. ऐसे जातक जो उपने पूर्व जन्म की बात बताते हैं। उनके पूर्व जन्मस्थल से सम्पर्क कर यदि उनकी जन्मपत्री तत्काल बनी थी तो उनका विभिन्न दृष्टिकोणों से अध्ययन अपेक्षित है।

२. ऐसे जातकों की जन्मपत्रियें को संकलित कर अध्ययन किया जाना चाहिए जिनका ज्योतिषीय आधारों पर मानुषी योनि में पुनर्जन्म का संकेत मिलता हो। अध्ययन का यही बिन्दु किञ्चित दुःसाध्य अवश्य है किन्तु आज के ''सङ्गणकीय युग'' (*Computer Age*) में हम असम्भव नही मान सकते। यदि असम्भव मान लिया जाएगा, तो विकास की परम्परा व शोध रुक जाएँगे।

जिज्ञासु पाठकों को एतदर्थ मैं यह अवश्य बताना चाहूँगा कि हस्त रेखाओं के आधार पर कतिपय संकेतो को लक्ष्य कर मैने एक जातक के पुनर्जन्म की घोषणा की थी। यद्यपि इस जातक की जन्मपत्री को मैने नहीं देखा था। परन्तु बाद में इस जातक के इस तथ्य का अनावरण उसकी जन्मपत्रिका में भी है बताया गया। यही नहीं, इस जातक की जन्म पत्रिका में यह भी कहा गया था कि इसका जन्म ब्राह्मण वर्ण में ही होगा। पश्चात मैंनं जातक की जन्मपत्री भी देखा, परन्तु इसमें पुनर्जन्म के आधार-निर्धारण का आधार ख्यापित नहीं था।

अतः हमारा भारतीय ज्योतिष जातक को आगे का भी काफी कुछ सौंप सकता है, उक्त आधारों पर यह सबल रूप से कहा जा संकता है। आवश्यकता चिन्तन की है।

शिशुपालवध में नीतिशास्त्र

–डॉ० शशिप्रभा कुमार

महाकवि माघविरचित 'शिशुपालवध' नामक महाकाव्य की गणना संस्कृत-साहित्य में प्रसिद्ध 'बृहत्त्रयी' में की जाती है। इसके अन्तर्गत गिने जाने वाले अन्य दो महाकाव्य हैं-भारविकृत 'किरातार्जुनीयम्' तथा श्रीहर्षप्रणीत 'नैषधचरितम्'। इन तीनों महाकाव्यों में भी 'शिशुपालवध' का स्थान निस्सन्देह सर्वोच्च है, जैसा कि संस्कृत-जगत् में प्रचलित अनेक उक्तियों से स्पष्ट है[1]। 'मघे माघे गतं वय:' तथा 'माघे सन्ति त्रयो गुणा:' आदि वचनों से शिशुपालवध' की लोकप्रियता का महज ही ज्ञान हो सकता है।

अपनी एकमात्र उपलब्ध रचना 'शिशुपालवध' के आधार पर ही माघ संस्कृत साहित्य में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बनाने में समर्थ हुए। उनका समय ईसा की सातवीं शती का उत्तरार्द्ध माना जाता है।[2] 'शिशुपालवध' के अन्त में माघ ने स्वयं अपना संक्षिप्त परिचय दिया है जिसके अनुसार उनके पितामह सुप्रभदेव श्रीवर्मल (या वर्मलात?) नामक किसी राजा के प्रधानमंत्री थे, सुप्रभदेव का दत्तक नामक पुत्र हुआ, जो अत्यन्त गुणवान् तथा दानी था। दत्तक के पुत्र माघ ने ही 'शिशुपालवध' की रचना की[3]। इस विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि माघ का जन्म एक धनाढ्य तथा सुशिक्षित ब्राह्मण

---

१. (i) नवसर्गगते माघे नवशब्दो न विद्यते।
(ii) माघेन विघ्नितोत्साहा नोत्सहन्ते पदक्रमे।
(iii) काव्येषु माघ: कवि: कालिदास:।
(iv) तावद्भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदय:।
(v) मुरारिवदचिन्ता चेत्तदा माघे रतिं कुरु।
(vi) माघेनैव च माघेन कम्प: कस्य न जायते।
(vii) माघ: शिशुपालं विदधन् कविमदवधं विदधे।

२. संस्कृत सहित्य का इतिहास (हिन्दी अनुवाद) ए० बी० कीथ, अनुवादक ड़ा. मंगलदेव शास्त्री. पृ १५३

३. तस्यात्मज: सुकविकीर्त्तिदुराशयाद:।
काव्यं व्यधत्त शिशुपालवधाभिधानम्।।
कविवंशवर्णन, शिशुपालवध., संपा.पं. हरगोविन्द मिश्र:

'कुल में हुआ था। अनेक बहिरङ्ग संकेतों से सुव्यक्त होता है कि अपने पिता के समान माघ भी अत्यन्त विद्वान तथा दानी [१] रहे होंगे, तथा अन्तरङ्ग में संकेतो के आधार पर कहा जा सकता है कि व्याकरण, काव्यशास्त्र, संगीतशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, आयुर्वेद, पुराण-इतिहास आदि विभिन्न विषयों की उच्च शिक्षा उन्हें प्राप्त हुई थी। भारतीय परम्परा माघ को 'पण्डित कवि' मानती आई है (राजस्थान के अनेक प्रदेशों में तो 'माघ' नाम पाण्डित्य का ही पर्याय माना जाता हे; 'बड़े माघजी पण्डित आये हैं' आदि वाक्यों का प्रयोग भी प्रायः किया जाता है। 'शिशुपालवधम्' के अनुशीलन से उनकी विद्वत्ता और पाण्डित्य के प्रचुर प्रमाण मिलते हैं। उनके वंश-परिचय से यह भी निश्चित रूप से ज्ञात हो जाता है कि वे दरसभा कवि थे, राजघराने तथा राजनीति से उनका प्रत्यक्ष सम्पर्क था और संभवतः अनेक बार उन्होंने स्वयं युद्ध तथा पर्वत-यात्राओं में भी भाग लिया होगा। शिशुपालवधम् जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है, की कथा महाभारत के सभापर्व[२] के उस आख्यान पर आधारित है जिसमें श्रीकृष्ण के द्वारा युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ में चेदिनरेश शिशुपाल का वध वर्णित है। श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध[३] तथा अन्य कई पुराणों[४] में भी इस कथा का उल्लेख हुआ है, किन्तु महाकवि माघ ने उन सब स्रोतों से प्राप्त संक्षिप्त कथानक को अपनी विद्वत्ता, कविप्रतिभा तथा अपने पूर्ववर्त्ती कवि भारवि के 'किरातार्जुनीयम्' नामक महाकाव्य से प्रभावित होकर अतीव विस्तृत एवं व्यापक आयाम दे दिया है। उनके 'शिशुपालवधम्' में २० सर्ग और १६५० श्लोक हैं। इस महाकाव्य के नायक श्रीकृष्ण हैं जो नीतिशास्त्र में निपुण, उदारचरित, दुष्टों के शत्रु और साधुओं के मित्र एवं आदर्श राजा हैं। शिशुपाल श्रीकृष्ण का प्रतिनायक हैं, वह क्रोधी किन्तु गम्भीर, अपशब्दभाषी किन्तु वाक्पटु तथा ईर्ष्यालु किन्तु वीर है-वह राजनीतिज्ञ और विद्वान भी है। वस्तुतः श्रीकृष्ण के चरित्र की उज्ज्वलता और उदात्तता तब ही प्रतिभासित हो सकती थी जब उनका प्रतिनायक भी उनके ही समान वीर तथा विद्वान होता तथा क्रोध, अहङ्कार एवं अत्याचार में दुर्दमनीय होता। माघ के शिशुपाल को इस जन्म में हिरण्यकशिपु तथा रावण का अवतरण कहा गया है तथा कंस से भी बढ़कर नृशंस राजा के रूप में चित्रित किया गया[५] है। शिशुपाल में श्रीकृष्ण के प्रतिनायकत्व के सारे गुण मौजूद हैं। अतः उसके निहन्ता के रूप में श्रीकृष्ण द्वारा शिशुपाल का वध कराया है, परन्तु महाभारत के समान चामत्कारिक ढंग से यज्ञस्थल पर नहीं, अतः उनकी अप्रतिम वीरता एव राजोचित मानवीयता ही प्रदर्शित की है, पौराणिक ईश्वरीयता नहीं।

---

१. संस्कृत सुकवि समीक्षा, बलदेव उपाध्याय, पृ॰२९७

२. Epic Sources of Sanskrit Literature, Juthika Ghosh, P.30

३. माहकवि माघ, उनका जीवन तथा कृतियाँ, डा॰ मनमोहन लाल जगन्नाथ शर्मा, पृ॰ २५४-५६

४. वही, पृ २५७-५९

५. शिशुपाल॰, प्रथम सर्ग, ४८, ६९

'शिशुपालवध' की कथा का सार संक्षेप में इस प्रकार हैं-इन्द्र द्वारा भेजे गये देवर्षि नारद द्वारिका में श्रीकृष्ण की राजसभा में आकर शिशुपाल के अत्याचारों का वर्णन करते हैं और उसे मारने के लिए श्रीकृष्ण को उत्साहित करते हैं। उसी समय श्रीकृष्ण को युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के लिए निमंत्रण मिलता है। अतः वे बलराम और उद्धव के साथ मंत्रणा करते हैं कि ऐसी परिस्थिति में क्या किया जाये? फिर उद्धव के परामर्शानुसार राजसूय यज्ञ में जाने का निश्चय करके श्रीकृष्ण सेनासहित इन्द्रप्रस्थ के लिए प्रस्थान करते हैं। वहाँ पहुँचने पर यज्ञ की समाप्ति पर युधिष्ठिर द्वारा उन्हें अग्रपूजा एवं अर्घ्य प्रदान किया जाता है, जिसपर शिशुपाल का क्रोध करना एवं विरोधस्वरूप सभाभवन से निकल जाना वर्णित है। तत्पश्चात् अपने दूत के माध्यम से गर्वयुक्त सन्देश भेजकर शिशुपाल श्रीकृष्ण को युद्ध के लिए ललकारता है और दोनों सेनाओं में तुमुल युद्ध होता है। अन्त में श्रीकृष्ण अपने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का सिर काट देते हैं और उसका तेज श्रीकृष्ण के चरणों में ही समा जाता है तथा महाकाव्य समाप्त होता है।

इस छोटे से कथानक को माघ ने अपने वर्णनकौशल तथा शास्त्रज्ञान के सहारे बीस सर्गों के महाकाव्य में फैला दिया है। वस्तुतः उनका उद्देश्य अपने पूर्ववर्ती कवि भारवि के 'किरातार्जुनीयम' से बढ़कर काव्य लिखना था, इसीलिए उनकी कथावस्तु तथा शैली पर भारवि का बहुत स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। अन्तर केवल इतना है कि भारवि शिव के भक्त हैं, अतः उन्होंने महाभारत से शिवसम्बन्धी कथानक को चुना है तो माघ विष्णु के भक्त हैं, इसलिए उन्होंने अपने काव्य का आधार कृष्ण सम्बन्धी कथानक को बनाया है। दोनों काव्यों का वर्णनक्रम समान है, किरातर्जुनीयम् की तरह 'शिशुपालवधम्' भी 'श्री' शब्द से आरम्भ होता है, प्रत्येक सर्ग के अन्त में किरातं में 'लक्ष्मी' शब्द का प्रयोग है तो शिशुपाल में 'श्री' शब्द का। किराता के दूसरे सर्ग में भीम और युधिष्ठिर का राजनीतिक वाद-विवाद है तो शिशुपालवध के द्वितीय सर्ग मे भी बलराम, उद्धव और श्रीकृष्ण की राजनीतिक मन्त्रणा है। कहना न होगा कि माघ ने यहाँ भारवि से अधिक राजनीतिक पाण्डित्य प्रदर्शित किया है। भारवि के राजनीतिक वाद-विवादों में शास्त्रप्रमाणों की अपेक्षा युक्तियों का प्रयोग अधिक हुआ है जबकि शिशुपाल की राजनीतिक मन्त्रणाओं में शास्त्रप्रमाणों को अधिक उपन्यस्त किया गया है। भारवि के भीम और युधिष्ठिर का राजनीतिक ज्ञान व्यावहारिक अधिक प्रतीत होता है जबकि बलराम और उद्धव का ज्ञान शास्त्रीय अधिक है। डा. भोलाशंकर व्यास के शब्दों में- 'वे जब भी बात करते है, राजनीति के प्रोफेसर की तरह बात करते हैं।[१]

'शिशुपालध' में नीतिशास्त्र का विश्लेषण करने से पूर्व यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि

---

१. संस्कृत-कवि-दर्शन, पृ०१७१

यहाँ नीतिशास्त्र से क्या अभिप्राय है। आधुनिक सन्दर्भ में नीतिशास्त्र दर्शन का वह पक्ष है जिसमें मानवीय व्यवहार का मूल्यात्मक विवेचन किया जाता है [१]। किन्त प्राचीन भारतीय परम्परा में नीतिशास्त्र का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक माना गया है तथा इसे नीति, दण्डनीति, राजनीति, अर्थशास्त्र, राजधर्म [२] आदि अनेक नामों से प्रकट किया गया हे। गहन अध्ययन करने पर व्यक्त होता है कि नीति का अर्थ है ले जाने का तरीका-

'नयनान्नीतिरुच्यते'। (कामन्दकनीतिसार, २/१५ तथा शुक्रनीति, १/१५६) तथा 'दम' को दण्ड कहते हैं, राजा ही दण्ड है क्योंकि 'दम' की शक्ति उसी में निहित रहती है, इसलिए दण्ड की नीति ही दण्डनीति[३] है।

अत: शाब्दिक रूप से नीति अथवा जीवन को लक्ष्य की ओर ले जाने का शास्त्र ही नीतिशास्त्र [४] है, किन्तु इस शब्द का प्रयोग हमारे प्राचीन शास्त्रों में दोनों अर्थों में हुआ है-कभी तो राजनीति [५] के अर्थ में और कभी व्यक्तिगत जीवन के नैतिक आदर्शों [६] के अर्थ में। इसलिए प्राचीन भारतीय सन्दर्भ में नीतिशास्त्र राजनीति भी है तथा केवल नीति भी। हमारे कोशकारों ने भी इस शब्द का अर्थ इन दोनों पक्षों के सम्मिलन से ही किया [७] हैं आज जिन्हें हम Politic और Ethic नाम के दो अलग- अलग शास्त्र समझते हैं, प्राचीन भारतीय साहित्य में वे दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू माने गये हें. क्योंकि सम्पूर्ण लोकव्यवहार की स्थिति का आधार यहाँ नीति को ही कहा गया है- 'सर्वलोकव्यवहारास्थितिर्नीत्या विना नहि [८]

इस परिप्रेक्ष्य में 'शिशुपालवध' का अध्ययन करने पर पता चलता है कि इस ग्रन्थ में 'नीतिशास्त्र' के प्राचीन भारतीय परम्परा में प्रचलित दोनों अर्थों को ही ग्रहण किया गया है। कहने का तात्पर्य यह

---

१. मानविकी पारिभाषिक कोश, (सं॰ ड़ा॰ नगेन्द्र). पृ॰८०

२. Politics And Ethics In Ancient India. Mqnorama Jauhari. P.31

३. दमो दण्ड इति ख्यात: तात्स्थ्यात् दण्डो महीपति:।
तस्य नीति: दण्डनीति: नयनान्नीतिरुच्यते।।-कामन्दकीय नीतिसार, २/१५

४. भारतीय नीतिशास्त्र का इतिहास, भीखनलाल आत्रेय, पृ॰९

५. महा॰ भा॰ आदिपर्व ४०, २६; सभापर्व, १९/२६; विष्णुधर्मोत्तरपुराण२/६/२

६. The science of. or a work on. political ethics or morals. Sanskrit English Dictionary. Monier Williams. P.

७. शुक्रनीति॰, १/११
उन्होने युद्ध तथा पर्वत-यात्रा में भी भाग लिया होगा। शिशुपालबध २/९

८. शुक्रनीति, १/११

है कि इस महाकाव्य में 'राजनीति' और केवल 'नीति' या व्यक्तिगत जीवन के औचित्य-अनौचित्य-दोनों पक्षों पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। इसलिए हम पहले इसके आधार पर 'राजनीति' का विवेचन करेंगे तथा बाद में नीति या व्यक्तिगत जीवन के शुभाशुभ का निर्धारण करने वाले नियमों पर विचार करेंगे।

राजनीति- 'शिशुपालवध' के द्वितीय सर्ग में राजनीति के गूढ एवं सूक्ष्म अङ्गों का विस्तृत वर्णन हुआ है। एक ओर इन्द्र का सन्देश पाकर शिशुपाल पर आक्रमण करने के इच्छुक श्रीकृष्ण युधिष्ठिर के राजसूय सरु का निमंत्रण मिलने पर द्विविधा में पड़ जाते हैं तथा अपने बड़े भाई बलराम तथा चाचा एवं मंत्री उद्धव से मंत्रणा करते हैं तथा कहते हैं कि युधिष्ठिर अपने बलवान् भाइयों की सहायता से हमारे बिना भी अपना यज्ञ पूर्ण [१] करने में समर्थ हैं। दूसरी ओर शिशुपाल का वध करने में विलम्ब नहीं करना चाहिए क्योंकि बढ़ते हुए रोग तथा बढ़ते हुए शत्रु की उपेक्षा को विद्वानों ने घातक बताया है [२]। मेरी बुआ का लड़का शिशुपाल जो मेरे साथ द्रोह करता है, उसकी मुझे कोई चिन्ता नहीं, किन्तु लोगों को जो वह सता रहा है, उसी से मैं व्यथित हूँ [३]। अतः मैं इस विषय में आप दोनों की सम्मति जानना चाहता हूँ क्योंकि तत्त्वज्ञानी भी अकेला कर्त्तव्य के निश्चय में सन्दिग्ध हो जाया करता है [४]।

श्रीकृष्ण के इस वचन को सुनकर बलराम बोले नीति की तह में तो बस दो ही बातें हैं अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश [५] "आत्मोदयः परज्यानिर्द्वयं नीतिरितीयती।"-२.३० अतः हमें तत्काल शिशुपाल पर आक्रमण कर देना चाहिए। अपने कथन की पुष्टि में वे निम्न तर्क देते हैं-

(१) सन्तोष विकास का बाधक होता है, थोड़ी सी सम्पत्ति में ही सन्तुष्ट होकर बैठ जाने वाले को विधाता भी आगे नहीं बढ़ाता [६]। अतः हमें सन्तुष्ट होकर चुप हीं बैठना चाहिए।

(२) स्वाभिमानी और पराक्रमी पुरुष शत्रुओं का समूल नाश किए बिना उन्नति नहीं प्राप्त करते जैसे धूलि की कीचड़ बनाये बिना पानी भूमि पर नहीं ठहरता [७]।

---

१. शिशुपालवध २/९
२. वही, २/१०
३. वही, २/११
४. वही, २/१२
५. वही, २/३०
६. वही, २/३२
७. वही, २/३४

(३) जब तक एक भी शत्रु बना रहता है, तक तक सुख कैसे मिल सकता है, देवताओं के देखते ही देखते, एक अकेला राहु चन्द्रमा को [१] ग्रस्ता है।

(४) मित्र और शत्रु तीन-तीन तरह के होते हैं- सहज, प्राकृत और कृत्रिम। इन सबमें भी कृत्रिम (कार्यवश होने वाले) मित्र या शत्रु ही मुख्य हैं क्योंकि वे कार्यवश होते हैं-सहज व प्राकृत मित्र भी कार्यवश शत्रु बन जाया करते हैं।[२] जैसे शिशुपाल हमारी बुआ का पुत्र होने से सहज मित्र है किन्तु रुक्मिणीहरण में पराजित होने से वह हमारा कृत्रिम शत्रु बन चुका है[३]

(५) साधारण स्थिति में क्षमा पुरुषों का भूषण है किन्तु अपमान या पराजय के अवसर पर पराक्रम ही उनका भूषण है [४]। फिर क्षमाशील भी क्या बारम्बार अपराध करने वाले को सहन कर सकता है [५]। अतः दण्ड के स्थान पर क्षमा का व्यवहार करना अपना ही अपकार करना है।

(६) मन्दबुद्धि व्यक्ति भी शुक्रनीति आदि ग्रन्थों को पढ़कर राजा के छः गुणों (सन्धि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय और द्वैधीभाव), तीन शक्तियों एव सिद्धियों (मन्त्र, प्रभुत्व एवं उत्साह) तथा तीन उदयों (वृद्धि, क्षय और स्थान) की व्याख्या कर सकता है [६] किन्तु किस अवसर पर क्या करना चाहिए, यह तो कार्यकुशल राजनीतिज्ञ ही जान सकते हें (उद्धवजी जेसे शास्त्रविचक्षण नहीं)।

(७) जिन राजाओं के पाँचों अङ्ग-कार्यसिद्धि में सहायक, कार्य आरम्भ करने के उपाय, देश और काल का यथायोग्य विभाजन, विपत्तियों के निवारण के साधन और कार्यों की सिद्धि-ठीक रहते हैं, उनके सन्धि, विग्रह आदि समस्त कार्य अनायास सिद्ध हो जाते है [७]। हम लोगों के भी ये पाँचों अङ्ग ठीक-ठीक व्यवस्थित हैं, अतः हमें निश्शङ्क होकर शिशुपाल पर चढ़ाई कर देनी चाहिए, सोचने की आवश्यकता नहीं।

(८) कुछ राजनीतिज्ञ कहते हैं कि अपनी प्रभुत्वशक्ति एव दण्डशक्ति के बढ़े रहने पर शत्रु पर चढ़ाई करना उचित है तो कुछ कहते हैं कि जब शत्रु विपत्ति में पड़ा हो, तब उस पर चढ़ाई

---

१. वही, २/३५
२. वही, २/३६
३. वही, २/३८
४. वही, २/४४
५. वही, २/४३
६. वही, २/२६
७. वही, २/२७

करनी चाहिए[१] इन दोनों ही दृष्टियों से इस समय शिशुपाल पर आक्रमण करना ठीक हे क्योंकि हमारी सेना उत्साहयुक्त है और भीम के द्वारा अपने मित्र जरासन्ध की हत्या से शिशुपाल बहुत दुःखी है[२]।

(९) जहाँ तक युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ का प्रश्न है, उसे रहने दें क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वार्थ को ही सिद्ध करना चाहता है, इसलिए- पाण्डव (अपना) यज्ञ करें, इन्द्र अपने स्वर्ग का राज्य संभालें, सूर्य तपें और हम अपने शत्रुओं का वध करें-

यजतां पाण्डवः स्वर्गमवत्विन्द्रस्तपत्विनः।[३]

वयं हनाम द्विषतः सर्वः स्वार्थं समीहते॥

इस भाँति, बलराम अपने पराक्रमी स्वभाव एवं उग्र प्रकृति के अनुरूप मत व्यक्त करते हैं और यही सलाह देते हैं कि शिशुपाल पर आक्रमण करना आवश्यक है। किन्तु उद्धवजी वीर, राजनीतिज्ञ एवं अनुभवी आमात्य है, अतः वे बलराम की बातों का विरोध करते हैं और कहते हैं कि इस समय आक्रमण करना ठीक नहीं। वे अपने पक्ष के समर्थन में ये तर्क देते हैं-

(१) विजय के अभिलाषी राजा की प्रभुशक्ति का मूल कारण है मन्त्रशक्ति और उत्साह शक्ति दोनों को धारण करना।[४] केवल उत्साह ही काफी नहीं होता, बुद्धिपूर्वक (या मंत्र सहित) उत्साहसम्पन्न होने से ही सिद्धि मिला करती है। मूर्ख व्यक्ति छोटा सा कार्य आरम्भ करते हैं तथा अत्यन्त व्याकुल हो जाते है जबकि निपुण बुद्धिवाले बड़े-बड़े कार्य आरम्भ करते है, किन्तु निराकुल रहते हैं।-

आरभन्तेऽल्पमेवज्ञाः कामं व्यग्रा भवन्ति च।

महारम्भाः कृतधियस्तिष्ठन्ति च निराकुलाः॥[५]

(२) बुद्धिमान् को भी सावधान रहना चाहिए, प्रमाद कदापि नहीं करना चाहिए क्योंकि प्रमादी होने पर तो विजयार्थी राजा समीपस्थ एवं आपद्ग्रस्त शत्रु को भी नहीं जीत सकता। अतः बुद्धिबल के साथ-साथ राजा में उत्साह होना भी जरूरी है। शक्ति को चाहने वाले राजा को (सन्धि, विग्रहादि

---

१. वही, २/५७

२. वही, २/६०

३. वही, २/६५

४. वही, २/७६

५. वही, २/७९

रूप) बड़गुण-रसायन को सेवन करना चाहिए, इससे राजा के (स्वामी, अमात्य, जनपद, कोष, दुर्ग, सेना और मित्र और मित्र- ये सात) अंग सुदृढ़ और बलवान् होते हैं,[१] अत्यन्त गोपनीय मन्त्र ही उसके कवच हैं, गुप्तचर ही उसके नेत्र होते हैं और दूत ही उसका मुख होते हैं- ऐसा राजा ही सफल शासक होता है[२] अतः शस्त्रादि प्रयोग की बजाय बुद्धिबल से काम लेना श्रेयस्कर है। हमें चाहिए कि हम गुप्तचरों को नियुक्त करके शत्रु की शक्ति का पता लगाते रहें तथा उसके पक्ष का भेदन करें-यही नीति है।

(३) कुशल राजा को 'काल' की पहचान होनी चाहिए-उसमें समय के अनुसार कभी तेज और कभी क्षमा-दोनों होनी चाहिए।[३] बुद्धिमान् पुरुष पहले शत्रु द्वारा अपकार किये जाने पर भी अपने मनोभावों को दबाकर रखता है तथा समय आनेपर शत्रु को आपत्ति में पड़ा हुआ देखकर सहसा उसपर आक्रमण करके उसे नष्ट कर देता है।[४] क्षमापूर्वक प्रयुक्त क्षात्र तेज ही सफल होता है,[५] इसलिए अभी तो शिशुपाल को क्षमा कर देना ही उचित है।

जैसे काव्य में एक ही स्थायीभाव के सहायक अनेक संचारी भाव होते हैं, उसी प्रकार स्थिर एवं क्षमाशील राजा के अनेक सहयोगी होते है।[६] जैसे तन्त्र (गरुड मन्त्र आदि) तथा अवाप (औषध-प्रयोग) के द्वारा सँपेरा साँपों को वश में कर लेता है, वैसे ही तन्त्र (अपने राष्ट्र का चिन्तन) का जाननेवाला तथा सामदामादि उपायों एवं गुप्तचररूप योगों के द्वारा कोई राजा सरलता से शत्रुओं का दमन कर सकता है।[७]

इसलिए उद्धवजी श्रीकृष्ण को सलाह देते हुए कहते है कि आप अभी तो शिशुपाल के साथ युद्ध का विचार त्याग दें तथा उसे अकेला भी न समझें क्योंकि रोगों के समूह राजयक्ष्मा की भाँति वह राजाओं का समूह[८] है-कालयव, शाल्व, रूक्मी, तथा द्रुम आदि जितने भी तामसिक प्रकृति के राजा हैं, वे सब शिशुपाल का उसी प्रकार अनुगमन करेंगे जैसे अन्धकार सायंकाल का[९]। और यदि

---

१. वही, २/९३
२. वही, २/८२
३. वही, २/८३
४. वही, २/८४
५. वही, २/८५
६. वही, २/८७
७. वही, २/८८
८. वही, २/९६
९. वही, २/९८

तुम अभी शिशुपाल पर चढ़ाई करोगे तो उसके मित्र और तुम्हारे शत्रु सब उसके पक्ष में इकट्ठे हो जायेगें तथा राजसमूह के क्षुभित हो जाने से पाण्डवों के राजसूय यज्ञ में ही विघ्न पड़ जायेगा और तुम अजातशत्रु युधिष्ठिर के भी शत्रु बन जाओगे क्यों युधिष्ठिर ने तो अपने यज्ञ का दायित्व ही तुम्हें सौंप रखा हैं।[१] बलवान् शत्रु को तो समय बीत जाने पर भी बल से वश में किया जा सकता है किन्तु वैमनस्य हो जाने पर मित्रों को मनाना बड़ा कठिन है।[२] यदि तुम इन्द्र का आदेश या देवकार्य समझकर शिशुपालवध को मित्र के कार्य से बड़ा समझने हो तो भी युधिष्ठिर के यज्ञ में सम्मिलित होना ही संगत है क्योंकि यज्ञ तो प्रत्यक्ष रूप से देवकार्य है।[३]

अपितु, अभी शिशुपाल के साथ युद्ध करने में एक और भी बाधा है कि तुमने अपनी बुआ यानि शिशुपाल की माँ को यह वचन दे रखा है कि तुम उसके पुत्र के सौ अपराधों को क्षमा कर दोगे, अतः तुम्हें अपने वचन की रक्षा करनी चाहिए।[४] अन्यथा अपकीर्त्ति होगी क्योंकि सज्जनों की बुद्धि तीक्ष्ण होती है, किन्तु मर्मस्थल को भेदनेवाली नहीं। कर्म प्रताप युक्त होने पर भी शान्त होता है; मन कुल- शीलादि के अभिमान से युक्त होने के कारण उष्ण होता है किन्तु दूसरे को सन्ताप करने वाला नहीं होता और सत्यवादी तथा उचित बोलनेवाले का वचन एक ही होता है

तीक्ष्णा नारुन्तुदा बुद्धिः कर्म शान्तं प्रतापवत्।

नोपतापि मनः सोष्म वागेका वाग्मिनः सतः।।[५]

अतः इस समय शिशुपाल पर चढ़ाई करना तो ठीक नहीं, किन्तु उसकी उपेक्षा करना भी उचित नहीं, इसलिए जैसे कुशल तैराक पानी में पैर रखकर उसकी गहराई को जान लेता है, उसी प्रकार अभी आपके गुप्तचर शत्रु के मन्त्र आदि अट्ठारह तीर्थों में अवस्थित रहकर यह पता लगायें कि कौन अनुरक्त तथा कौन विरक्त है- क्योंकि शत्रुपक्ष के इन तीर्थों[६] का भेदन करने से शुत्र शीघ्र ही वशीभूत हो जाता है। (तथा अपने पक्ष के पन्द्रह तीर्थों के विपरीत हो जाने से अपना पराजय हो जाता है)

---

१. वही, २/१०२-३

२. वही, २/१०५

३. वही, २/१०६

४. वही, २/१०८

५. वही, २/१०९

६. वही, २/१११

अन्त में उद्धवजी कहते हैं कि राजनीति में गुप्तचरों का नियोजन उसी भाँति महत्त्वपूर्ण है जैसे शब्दविद्या या व्याकरणशास्त्र में 'पस्पशा' का अध्ययन (पतञ्जलि कृत माहाभाष्य का पस्पशाह्निक). जैसे पस्पशाह्निक को पढ़े बिना लोगों की व्याकरण पढ़ने में प्रवृत्ति नहीं होती, वैसे ही राजनीति में सारे उपाय अनुकूल होने पर भी यदि गुप्तचर व्यवस्था सुनियोजित नहीं तो वह राजनीति कभी सुशोभित नहीं होती-

अनुत्सूत्रपदन्यासा सद्वृत्तिः सनिबन्धना।
शब्दविद्येव नो भाति राजनीतिरपस्पशा॥[१]

गुप्तचरों की योग्यता का वर्णन करते हुए उद्धवजी कहते हैं कि जिनके दोषों को दूसरे नहीं जानते तथा जो दूसरों के दोषों को जानते हैं, ऐसे दोनों ओर से वेतन लेने वाले गुप्तचारों द्वारा कपटलेखादि को दिखाकर शत्रु के मन्त्री-नौकर आदि समूहों का भेदन करना चाहिए अर्थात उनमें फूट डाल देनी चाहिए।[२] ऐसा करने से युधिष्ठिर की राजधानी हस्तिनापुर में तुम्हारे पक्ष के हितैषी राजा ही अधिकांशतः उपस्थित हो जायेगे।[३] फिर यह भी हो सकता है कि युधिष्ठिर की तुम्हारे प्रति भक्ति देखकर तुम्हारे शत्रुपक्ष के ईर्ष्यालु लोग तुम्हारा विरोध करें एवं वहीं युद्ध का प्रसंग प्रस्तुत हो जाये।[४] अभी जो लोग शिशुपाल का साथ दे रहे हैं, युद्ध आरम्भ होने पर वे सब उसे छोड़कर तुम्हारे पक्ष मे ही आ जायेंगे-जैसे कोयल के बच्चों को पहले तो कौवे पालते है किन्तु जब कोयल बड़ी हो जाती है तब वह कौवों को छोड़कर अपने पक्ष (कोयलों) में ही मिल जाती है।[५]

इस भाँति माघ ने उद्धव के उक्त वचनों को सर्वथा राजनीति के अनुकूल तथा बलराम के उद्धत वचनरूपी दुर्नीति के लिए अर्गलारूप कहा है- 'अनुगतनयमार्गामर्गलां दुर्नयस्य'।[६]

इससे स्पष्ट है कि बलराम के ओजपूर्ण वचन उनकी उग्र नीति को प्रकट करते हैं, जबकि उद्धव के शान्त, संयत वचन उनकी कूट नीति को-आज की भाषा में हम इन दोनो को नरम दल और गरम दल का कह सकते है। एक आलोचक के शब्दों में 'शिशुपालवध' में हमें दो आपाततः

---

१. वही, २/११२

२. वही, २/११३

३. वही, २/११४

४. वही, २/११५

५. वही, २/११६

६. वही, २/११८

विराधी नैतिक आदर्श मिलते है। इनके प्रतीक बलराम एवं उद्धव है। उद्धव बलराम की उच्छृंखलता के समर्थक न होते हुए यथार्थवादी हैं, उनकी नीति में युधिष्ठिर का आदर्शवाद नहीं है। वस्तुतः इन दोनों के ही परामर्शो की आधारभूमि एक ही है-आदर्श की अपेक्षा यथार्थ की ओर अधिक उन्मुखता, इसका चरमोत्कर्ष बलराम की नीति में ही है।[१] इन दोनों की युक्तियों एवं उक्तियों का विश्लेषण करने पर भी प्रकट होता है कि माघ ने घृणा युद्ध एवं हिंसा का नहीं, अपितु बुद्धिबल से एवं क्षमाशीलता से शत्रु को परास्त करने के सनातन भारतीय आदर्श का ही समर्थन किया है। शिशुपाल के सौ अपराधों तक श्रीकृष्ण ने उसे क्षमा करने का जो वचन उसकी माँ को दिया था, उसके पीछे भी यही भाव है कि जब तक संहार अनिवार्य न हो जाये, तब तक उसे टालने में ही बुद्धिमानी है। बलराम एवं उद्धव के उक्त संवाद में माघ का राजनीतिशास्त्र सम्बन्धी ज्ञान भलीभाँति प्रकट हुआ है- वे कार्यसिद्धि के पाँचो अंगो, का राजा के बारह भेदों, सात राज्यांगों तथा शत्रुपक्ष के अट्ठारह तीर्थो उल्लेख करते है- वह सब कामन्दकीय नीतिसार तथा शुक्रनीति पर ही आधारित है। इसके अतिरिक्त शिशुपालवध में वर्णित राजनीतिक दाँवपेंचों तथा युद्धादि के चित्रणों से उस युग की भारतीय रानीतिक दशा का भी पर्याप्त संकेत मिलता है। हर्षवर्धन की मृत्यु के पश्चात् देश अनेक छोटे-छोटे मोटे शक्तिशाली राज्यों में विभक्त हो चला था, निराश जनता ने अपने जीवन की बागडोर राजाओं के हाथों ही सौंप दी थी। राज्य युद्धों की राजनीति के सहारे चल रहे थे और राजनीति में विचार-विमर्श भी किया जाता था तथा युद्ध भी नियमपूर्वक युद्धनीति के अनुसार लड़े जाते थे-यदि शिशुपाल चाहता तो बिना किसी पूर्वसूचना के श्रीकृष्ण पर हमला कर देता और श्रीकृष्ण चाहते तो उसे वहाँ से जाने ही न देते। किन्तु शिशुपाल भरी सभा में क्रोध प्रकट करके अपने साथियों सहित निकल जाता है, फिर दूत को सन्धि का सन्देश देने के लिए भेजता है, उस सन्देश को न मानने पर युद्ध छिड़ता है तथा अन्त में शिशुपाल का वध होता है। दूत द्वारा एक से एक कटु वचन कहे जाने पर भी श्रीकृष्ण तथा उद्धवजी सर्वथा शान्त बने रहे तथा उन्होने उसे कोई क्षति भी नहीं पहुँचने दी केवल सात्यकि के मुख से उसके सन्देश का उचित उत्तर ही दिया क्योंकि सिंह मेघ के गरजने पर ही गरजता है, सियारों के बोलने पर नहीं अनुहुङ्कुरुते घनध्वनिं न हि गोमायुरुतानि केसरी।[२]

नीतिः-

शिशुपालवध में नीतिशास्त्र के दूसरे पक्ष अथवा व्यक्तिगत जीवन के नैतिक आदर्शों को भी अनेकशः प्रकट किया गया है। इनमें से कुछ गिने-चुने आदर्शो का विवरण इस प्रकार कहा है-

---

१. संस्कृत काव्यकार, हरिदत्त, पृ॰१४५-४६

२. शिशुपाल॰, १६/२५

(१) माघ ने तीन प्रकार के व्यक्तियों का वर्णन करते हुए कहा है कि-उत्तम व्यक्ति वे हैं जो दूसरों की उन्नति से सन्तप्त ही नहीं होते; मध्यम व्यक्ति सन्तप्त होकर भी उस सन्ताप को छिपा लेता है तथा नीच व्यक्ति ईर्ष्या से व्यथित होकर अपने सन्ताप को स्पष्ट रूप में प्रकाशित कर देता हैं।[१]

(२) बुद्धिमान् लोग आनेवाले अनर्थ को स्वयमेव जान जाते है तथा मध्यम जन दूसरों के कहने पर विश्वास कर लेते है किन्तु तुच्छ बुद्धिवाला व्यक्ति अपने भावी संकट को न तो स्वयं समझता है और न दूसरे के कहने पर ही समझता है।[२]

(३) विद्या की प्रशंसा करते हुए माघ कहते हैं हि यदि स्थिरमति से शास्त्र का अध्ययन किया जाये तो निश्चय ही वह सफलता प्रदान करता है- 'शास्त्रं' हि निश्चितधियां क्व न सिद्धिमेति।[३]

(४) ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में अर्जित की गई दक्षता सदा फलदायिनी हाती है-'दाक्ष्यं हि सद्यः फलदम्'।[४]

(५) सज्जनों की प्रशंसा में कहा गया है कि आर्यजनों को सेवा-सत्कार से ही जीता जा सकता है-''ग्रहीतुमार्यान् परिचर्यया''[५] महापुरूषों के प्रति किया गया सम्मान कभी निष्फल नहीं जाता 'भवति महत्सु न निष्फलः प्रयासः''।[६]

आपत्ति-काल में सज्जनों का ही आश्रय लेनी चाहिए क्योकि उनकी सहायता से ही सिद्धि सम्भव है-''शोभायै विपदि सदाश्रिता भवन्ति''[७]। सज्जन व्यक्ति विपत्ति में भी उच्चपद के ही अधिकारी होते है- अस्तसमयेऽपि सतामुचितं खलूच्चतरमेव पदम्[८]। क्षुद्र व्यक्ति भी महापुरुषों की सहायता से अपने लक्ष्य तक पहुँचे जाता है-'बृहत्सहायः कार्यान्तं क्षोदीयानपि गच्छति[९] 'जो लोग उन्नत जनों का

---

१. वही, १६/२३

२. वही, १६/४०

३. वही, ५/४७

४. वही, १२/३२

५. वही, १/१७

६. वही, ७/१

७. वही, ८/५५

८. वही, ९/५

९. वही, २/१००

अनुगमन करते हैं, उनके आगे-आगे सम्पदा चलती है-'उन्नतानामनुगमने खलु सम्पदोऽग्रतस्थाः महापुरुष कभी किसी के वश में नहीं होते, क्योंकि स्वाभिमान ही उनका सबसे बड़ा धन होता है 'सदाभिमानैकधना हि मानिनः'। सज्जन कम बोलते हैं तथा जो बोलते है उसे पूरा करते हैं, दोषों को नही।

दुर्जनों की निन्दा करते हुए शिशुपालवध में कहा गया है कि सज्जनो द्वारा दुष्टों का नाश अवश्यम्भावी है- 'निपातनीया हि सतामसाधवः,[3] पापियों की चर्चा भी अमंगल होती है- 'कथापि खलु पापानामलमश्रेयसे यतः[4]' ईर्ष्यालु जन अपने से अधिक गुणवान् जनों की संगति पसन्द नही करते- संघर्षिणा सह गुणाभ्यधिकैर्दुरासम्[5] मदान्ध व्यक्ति अपना भी भला नही कर सकता। 'मात्सर्ययुक्त मन तत्त्वविचार नहीं कर पाता:[6] 'न क्षमं भवति तत्त्वविचारे मत्सरेण हतसंवृति चेतः[7]' शत्रु द्वारा किया गया अपमान असह्य होता है-'परिभवोऽरिभवो हि सुदुःसहः[8]।

दैव की दुर्निवारता का वर्णन करते हुए माघ कहते हैं कि जब भाग्य प्रतिकूल होता है, तब सारे साधन निष्फल हो जाते है-प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता[9]'-जिनका भाग्य विपरीत होता है उनका परिणाम बड़ा दुःखद होता है-'हतविधिलसितानां हा विचित्रो विपाकः[10]' समय पर ही किया गया कार्य सफल होता है-'समये हि सर्वमुपकारि कृतम्[11] तथा विपत्ति ने समय अति भी क्षम्य होती है-'विपदि न दूषितातिभूमिः।

१. वही, ७/२७

२. वही, १/६७

३. वही, २/१३,१०९

४. वही, १५/४३

५. वही, १/७३

६. वही, २/४०

७. वही, ५/१९

८. वही, ५/४४

९. वही, १०/३५

१०. वही, ६/४५

११. वही, ९/६

१२. वही, ११/६४

१३. वही, ९/४३

इस प्रकार शिशुपालवध में महाकवि माघ ने नीतिशास्त्र के दोनों पक्षों-राजनीति तथा सामान्य नीति का विशद विवेचन किया है जो उनके अगाध पाण्डित्य का परिचायक तो है कि उनके व्यापक अनुभवों को भी दर्शाता है। राजनीति के अन्तर्गत उन्होने राजमण्डल, राज्याभिषेक, राज्याङ्ग, षडगुण, तीन शक्तियाँ, तीन उदय, तीन सिद्धियाँ चार उपायों तथा गुप्तचर व्यवस्था का सूक्ष्म चित्रण[3] किया है तो नीति में विविधविषयक सूक्तियों के द्वारा सज्जनों की प्रशंसा दुर्जनों की निन्दा, भाग्य की प्रबलता तथा आचार के सामान्य नियमों का निर्देश किया है। अतः माघ वास्तव में शास्त्रकवि या पण्डितकवि कहे जाने के अधिकारी हैं और 'शिशुपालवध' बृहत्त्रयी में सबसे उत्तम काव्य कहेजाने योग्य है। अन्त में, शिशुपाल वध के टीकाकार मल्लिनाथ के शब्दों में यही कहा जा सकता है कि-'इस शिशुपालवध महाकाव्य के नायक भगवान् यदुनन्दन श्रीकृष्ण है, वीर रस इसका प्रधान रस है तथा श्रृगांर आदि गौण रसों से इसकी वर्णना पूर्ण हुई है, इन्द्रप्रस्थ जाना तथा जाने के उपाय ही इसका विषय हैं तथा चेदिराज शिशुपाल का वध ही इसका फल है, इसके रचयिता माघ कवि वस्तुतः धन्य हैं हमतो केवल उनकी सूक्तियों का सेवन करने भर से भाग्यशाली हैं'-

नेताऽस्मिन् यदुनन्दनः स भगवान्वीर प्रधानो रसः

श्रृंगांरादिभिरङ्गवान् विजयते पूर्णा पुनर्वर्णना।

इन्द्रप्रस्थगमाद्युपायविषयश्चैद्यावसादः फलं

धन्यो माघकविर्वयं तु कृतिनस्तत्सूक्तिसंसेवनात्।।[4]

---

१. वही, ८/२०

२. नालम्बते दैष्टिकतां न निपीदति पौरुषे।
शब्दार्थौ सत्कविरिव द्वयं विद्वानमपेक्षते।। वही, २/८६

३. Contribution of Magha to Sanskrut Literature, S.A. Tenkshe, PP. 109-113

४. शिशुपाल० 'सर्वङ्कषा' टीका की भूमिका

भारतीय संस्कृति और पर्यावरण

–डॉ० ज्योत्स्ना मोहन

पूर्णमिदं पूर्णमदः पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।

पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।

प्रकृति के विविध अवयवों के मेल से बना है अखण्ड ब्रह्माण्ड। इसमें विद्यमान सभी जीव-जन्तु, पेड़-पौधे, नाना प्रकार के दृश्य एवं अदृश्य पदार्थ और शक्तियां इसकी विविधता में सम्पूर्णता की प्रतीक हैं और इन्हीं के मिलन से चराचर जगत् की सृष्टि हुई है। अखण्ड ब्रह्माण्ड के इन विविध अवयवों में से किसी एक को भी यदि क्षति पहुंचाई गई तो समस्त सृष्टि का नैसर्गिक चक्र खण्डित हो जाएगा और उसके परिणामस्वरूप पर्यावरण अवक्रमणं का वर्तमान संकट और अधिक गम्भीर होगा।

यह सत्य है कि जीवन का अस्तित्व शून्य में संभव नहीं है। इस जगत् में जीवन का उदय होता है, विकास होता है, जीवन-यात्रा होती है और उसका अस्त होता है—ये सभी परिवेश सापेक्ष हैं। जीवन की विकास यात्रा अपने परिवेश के साथ निरंतर संप्रेषण एवं आदान-प्रदान की प्रक्रिया में जन्म लेता है। जब तक यह प्रकिया अबाध गति से चलती रहती है उस समय तक जीवन की यात्रा भी अपने पथ पर निरन्तर गतिशील बनी रहती है। जिस समय आदान प्रदान और सम्प्रेषण की यह प्रक्रिया रुक जाती है, उस समय जीव अपने वर्तमान स्वरूप में अस्त हो जाता है। अतः प्रकृति के उपहारों को उतना ही ग्रहण करना चाहिए जितना जीवन यापन के लिए नितान्त आवश्यक है। ऐसी परिस्थिति न उत्पन्न हो जाए कि प्राकृतिक संसाधनों के समाप्त होने के साथ-साथ मानव का जीवन चक्र ही खण्डित हो जाए और हम सब प्रकार से पूर्ण इस सृष्टि और अखण्डता की प्रतीक भारतीय संस्कृति की रक्षा न कर पाएं।

साधारणतः पृथ्वी के चारों ओर जो आवरण है, उसे 'पर्यावरण' (परि + आवरण) कहते हैं। जीव जिस परिवेश में अपने अस्तित्व में आता है वह अति सूक्ष्म से लेकर अति स्थूल तक व्याप्त

रहता है। अतः इस जगत् में विद्यमान सभी वनस्पति, पशु-पक्षी और सभी भौतिक परिस्थितियाँ जो मनुष्य के बाह्य में उपलब्ध हैं, वह मनुष्य का 'पर्यावरण' है।

संस्कृति और पर्यावरण का घनिष्ठ सम्बन्ध है। संस्कृति से अभिप्राय संस्कार से है। वह परिमार्जन और शोधन की ही एक क्रिया है जिसमें मनुष्य केवल उपयोगिता पर आधारित वस्तु जगत्, परिवेश और व्यवहार का अतिक्रमण कर एक व्यापक बौद्धिक चेतना तथा सौन्दर्य बोध का अंग बन जाता है। मनुष्य प्राकृतिक जगत् में रहता है, उससे जीवन और शक्ति ग्रहण करता है, किन्तु जैविक पर्यावरण के भीतर उसने अपने लिए एक सांस्कृतिक परिवेश भी रचा है जिसके बिना उसका जीवन असंभव है। वास्तव में सांस्कृतिक परिवेश उसके आन्तरिक जीवन और सामाजिक लक्ष्य दोनों का आधार है। संक्षेप में, संस्कृति एक अन्तर्निहित जीवन-गुणता है जो मानव स्वभाव में समाहित है। संस्कृति विभिन्न आयामों और व्यवस्थाओं में मानव, उसके पर्यावरण और जीवन मूल्यों के बीच स्वतः प्रवाहित और, संवर्द्धित होने वाली विनिमय पर आधारित अन्तर्धारा है। वह जीवन्त मूल्यों और सार्थक प्रयोजनों द्वारा मानवीय विकास की दिशा में किया गया ऐसा क्रियाकलाप है जिससे मानवता को एकता और सम्पूर्णता के सांचे में ढाला जा सका। संस्कृति मानव का आध्यात्मिक अधिवास है, जो उसकी आत्मा और ब्रह्माण्ड के बीच के सरोकार को उजागर करती है। इसी सरोकार से वह प्रकृति, पर्यावरण, धर्म, इतिहास और समुदाय से जुड़ता है और भविष्य तथा भावी पीढ़ी के प्रति अपने को उत्तरदायी समझता है। इसीलिए संस्कृति को कोई क्षति पहुंची तो उसकी कभी पूर्ति नहीं हो सकेगी। प्रकृति अपने घाव पूरे कर लेती है किन्तु संस्कृति के जख्म बने रहते हैं। आज एक ओर पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, दूसरी ओर संस्कृति का विघटन। प्रसिद्ध विद्वान् डॉ. देवराज के अनुसार मनुष्य, केवल अपने चारों ओर के परिवेश को जानकर सन्तुष्ट नहीं हो जाता, वह अपनी चेतना तथा दृष्टि से सम्मुख फैले हुए समस्त ब्रह्माण्ड को समझ लेना और उससे सम्बन्ध स्थापित कर लेना चाहता है। वह बौद्धिक जिज्ञासा तथा सौन्दर्य की भूख से पीड़ित होता है और इस प्रकार, एक सांस्कृतिक प्राणी के रूप में जन्म लेता है।' कहने का अभिप्राय है कि पर्यावरण पर संस्कृति आधारित हुई और संस्कृति ने पर्यावरण को समय-समय पर आत्मीय संस्कारों का समवेत उत्तराधिकार सौंपने का कार्य किया।

किसी भी देश की समृद्धि का आधार वहां का सन्तुलित पर्यावरण होता है जिसमें मानवीय गतिविधियों और प्राकृतिक परिस्थितियों की बीच समन्वय होता है। आज के औद्योगिक युग में यह तादात्मय टूटता जा रहा है। कारण स्पष्ट है कि सभ्यता-संस्कृति के निरन्तर बढ़ते कदम औद्योगिक क्रान्तिमय युग तक आ गए। इसने हमें कृत्रिम वस्तुओं से प्रेम और प्राकृतिक सम्पदा से दूर रहना सिखाया। प्राकृतिक वस्तु के होने के कारण हम पेड़-पौधों से दूर रहने लगे। इस सत्य को अस्वीकार

नहीं किया जा सकता कि भौतिकवादी मानव ने अपने विलासमय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वनों को ही नहीं, वाटिकाओं को भी अन्धाधुन्ध काटा है और वनस्पतियों का विनाश किया है। वनों के बड़ी संख्या में ध्वंस होने से बाढ़ का भीषण प्रकोप, उपज का नष्ट होना तथा भूमि की उपजाऊ शक्ति का कम होना आदि भयंकर दुष्परिणामों का सामना करना पड़ता है।

मानव जो सम्पूर्ण गतिविधियों का केन्द्र है पर्यावरण के सर्वांगीण क्षरण से सर्वाधिक ग्रस्त है। वायु, जल और मिट्टी के प्रदूषण के साथ-साथ आध्यात्मिक और मानसिक पर्यावरण तो गहनतम प्रदूषित है। सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक प्रदूषण भी पूर्णरूपेण त्रस्त किए हुए हैं। पर्यावरण की चिन्ता मूलतः संस्कृति की चिन्ता है। प्राकृतिक, भौगोलिक या तात्त्विक प्रदूषण से पहले मन का प्रदूषण होता है। मन जब कुविचारों और अमानुषी कलुष भावों से दूषित होता है तो वह जीवों, तत्त्वों, पेड़-पौधों, मनुष्यों सबको चोट पहुंचाता चलता है और अपनी दुर्भावना का विष सारी समष्टि में घोल देता है। अतः मन का प्रदूषण ही प्रकृति, जन, समाज और संस्कृति सब का संकट हो जाता है। इस संकट से बचने के लिए पर्यावरण, प्रकृति और संस्कृति के मूल प्रेरकों और स्त्रोंतों तक पहुंचना है जिससे मानव और उसके सम्बन्धों की पहचान हो सके। प्राकृतिक विनाश की इस विभीषिका से आज का भौतिक वैज्ञानिक भी भयभीत है। नित-नूतन आविष्कारों ने जहां मानव को जीने की सुलभता प्रदान की है वहां उन आविष्कारों के प्रयोग से भयंकर परिणाम भी सामने आए हैं।

आज पर्यावरण संरक्षण सभी के लिए चिन्ता का विषय है क्योंकि पर्यावरण का सम्मान किए बिना आने वाला विकास अल्पजीवी होगा। आज इस ज्वल्नत समस्यापर गम्भीरतापूर्वक चिन्तन करने का समय आ गया है। भारत में पर्यावरण के प्रति सम्मान और संरक्षण की महती परम्पराएं रही हैं। संस्कृत वाङ्मय में वैदिक साहित्य से लेकर लौकिक साहित्य तक 'पर्यावरण' का वर्णन किसी न किसी रूप में उपलब्ध है। अतः पर्यावरण और उसके महत्त्व के अध्ययन के लिए प्राचीन संस्कृत वाङ्मय को जानना अत्यन्त आवश्यक है। धर्म, राजनीति और समाज, इन तीनों की संस्कृत वाङ्मय में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है तथा सभी ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया है। इसी कारण पर्यावरण सुरक्षित रहा है।

किसी भी भाषा की प्राचीन से प्राचीन पुस्तकों का अवलोकन किया जाए तो वृक्षों, पौधों, नदियों तथा पर्वतों आदि की चर्चा अवश्य मिलेगी। मनुष्य ने अपने व्यक्तिगत अनुभव के द्वारा जाना कि 'प्रकृति मनुष्य की सबसे बड़ी शिक्षिका है'। जहां मनुष्य प्रकृति की ओर आकर्षित था वहां उसकी शक्ति से त्रसित भी था। उसने जीवन के यथार्थ को प्रकृति की गोद में ढूंढने का प्रयत्न किया। प्रकृति और मानव का सम्बन्ध उतना ही प्राचीन है, जितना कि सृष्टि के उद्भव और विकास का इतिहास।

प्रकृति मां की गोद में ही प्रथम मानवशिशु ने आंखें खोलीं थीं, उसी की क्रोड़ में खेलकर वह बड़ा हुआ और अन्त में उसी के आलिंगन में आबद्ध होकर चिर-निन्द्रा में सोता रहा। प्रकृति के अद्भुत क्रिया-कलापों से उसकी हृदयस्थ भावनाओं भय, विस्मय, और प्रेम आदि का स्फुरण हुआ, उसी की नियमितता को देखकर उसके मस्तिष्क में ज्ञान-विज्ञान की बुद्धि का विकास हुआ। दार्शनिक दृष्टि से भी प्रकृति और मानव का सम्बन्ध स्थायी है, चिरन्तन है। सत् रूपी प्रकृति, चित्त रूपी जीव और आनन्द रूपी परमतत्त्व तीनों मिलकर सच्चिदानन्द परमेश्वर की सत्ता का रूप धारण करते हैं। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक, तीनों ही दृष्टियों से प्रकृति मानव का पोषण करती हुई उसे जीवन में आगे बढ़ाती है।

मानव और प्रकृति के अटूट संबंधों की अभिव्यक्ति, धर्म, दर्शन, साहित्य और कला में चिरकाल से होती रही है। साहित्य मानव का प्रतिबिम्ब है। अतः उस प्रतिबम्ब में उसकी सहचरी प्रकृति का प्रतिबिम्बत होना स्वाभाविक है। प्रकृति मानव-हृदय और काव्य के बीच संयोजक का कार्य भी करती है। आदिकवि वाल्मीकि द्वारा प्रकृति के दो सजीव प्राणियों में से एक का वध देखकर अकस्मात् **'मा निषाद प्रतिष्ठास्त्वमगमः शाश्वतीः समाः। यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्'** के **प्रस्फुटन** ने काव्य को जन्म दिया। आषाढ़ के प्रथम बादलों को देखकर कविकुल शिरोमणि कालिदास इतने भावाविभोर हो गए कि उनकी अनुभूतियां 'मेघदूत' का रूप धारण कर प्रवाहित हुईं। प्रकृति हमारे कवियों के लिए प्रेरणा का स्रोत ही नहीं, सौन्दर्य का अक्षय भण्डार, कल्पना का अद्भुत लोक, अनुभूति का अगाध सागर और विचारों की अटूट शृंखला रही है।

उपनिषदों में एक ऐसे वृक्ष का वर्णन किया गया है, जिस पर दो पक्षी बैठे हैं। उनमें से एक पक्षी तो वृक्ष के फल खाने में व्यस्त है और दूसरा पक्षी केवल देख रहा है, वह फल नहीं खाता--

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।

तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति॥[१]

इस रूपक द्वारा उपनिषद् ने सृष्टि के एक महान् सत्य का प्रतिपादन किया है। वृक्ष का अभिप्राय प्रकृति से है और उस पर जो दो पक्षी बैठे हैं वे जीवात्मा और परमात्मा है। जीवात्मा प्रकृति का भोक्ता है, वह उसके सुस्वादु फलों का भक्षण करता है। वह प्रकृति के विविध तत्त्वों और रहस्यों का ज्ञान प्राप्त कर उन्हें अपने सुख और समृद्धि के लिए प्रयुक्त करता है। इसके विपरीत परमात्मा केवल द्रष्टा

---

१. श्वेताश्वरोपनिषद्, ४,६

है, वह सृष्टि का नियमन अवश्य करता है, पर उसका उपभोग नहीं करता। इसमें सन्देह नहीं कि जीव या मनुष्य प्रकृति का उपभोग करने वाला है। वह इस बात के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहता है कि प्रकृति पर अपना आधिपत्य स्थापित कर उसके सुस्वादु फलों को प्राप्त करे।

मनुष्य ने प्रकृति प्रदत्त साधनों की उपयोगिता के साथ-साथ उसमें देवत्व का भी अनुभव किया तथा यहीं से पूजन की परम्परा ने जन्म लिया। मनुष्य एक विचारशील प्राणी है। बुद्धि के रूप में मनुष्य को एक ऐसी शक्ति प्राप्त है। जो अन्य प्राणियों को प्राप्त नहीं है। बुद्धि जहां मनुष्य में प्रकृति के विविध तत्त्वों के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करती है, वहां वह सृष्टि के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के लिए भी प्रेरित करती है। प्रकृति के विविध कोपों को देखकर वह सोचने लगता है कि वायु, अग्नि, जल आदि ऐसी दैवी शक्तियां है, जिन्हें संतुष्ट व तृप्त रखे बिना वह कभी अपने हित का सम्पादन नहीं कर सकता। वह वायु, अग्नि आदि को देवता मानकर उनकी पूजा के लिए प्रवृत्त होता है और इस प्रकार धर्म का प्रादुर्भाव होता है। वैदिक धर्म का प्रारम्भिक रूप इसी प्रकार की प्रकृति पूजा था। मित्र, वरुण, सूर्य, अग्नि, पृथ्वी, द्यु आदि प्रकृति की विभिन्न शक्तियों को ही विभिन्न देवताओं के नाम से सम्बोधित कर विभिन्न ऋचाओं से वैदिक साहित्य प्रकृति के नानाविध रूपों का गुणगान है। वैदिक साहित्य से लेकर पुराण, महाभारत, महाकाव्य, नाटक तथा कथा-साहित्य का 'पर्यावरण' में योगदान रहा है।

यज्ञ

'यज्ञ' वैदिक संस्कृति का प्रधान अंग है। वेदों में यज्ञ-यागादि विविध क्रिया-कलापों का विशेष रूप में वर्णन मिलता है। 'यज्ञ' शब्द से अभिप्राय है–'जिस सदनुष्ठान द्वारा इन्द्रादि देवगण प्रसन्न होकर सुवृष्टि प्रदान करते हैं, उसे 'यज्ञ' कहते हैं। 'निरुक्त' में 'यज्ञ' का अर्थ है–जिस कर्म में लोग यजमान से अन्नादि की याचना करते हैं अथवा यजमान ही देवताओं से वर्षादि की प्रार्थना करता है, उस कर्म को 'यज्ञ' कहते हैं।

यज्ञ के अर्थ से ही स्पष्ट है कि यज्ञ से वर्षा होती है, वर्षा से अन्न की उत्पत्ति होती है और समस्त जीव अन्न से उत्पन्न होते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इसी भाव को कहा है–

अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।
यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥[१]

---

१. श्रीमद्भगवद्गीता, ३-१४

विष्णपुराण आदि में जगत् का पालन-पोषण करने के कारण 'यज्ञ' को कल्याण का हेतु कहा गया है–

यज्ञैराप्यायिता देवा वृष्टयुत्सर्गेण वै प्रजाः।

आप्यायन्ते धर्मज्ञा यज्ञाः कल्याणहेतवः॥[१]

यज्ञ से संक्रामक रोग नष्ट होते हैं। वायु को स्वच्छन्द एवं संक्रमण रहित बनाने के लिए प्राचीनकाल से ही यज्ञ का आयोजन किया जाता रहा है। यज्ञ में प्रयुक्त घी, तिल, धूप आदि की आहुति से उठने वाला वाष्प ऊंचाई पर जाता है जिससे प्रदूषणकारी जैविक तत्त्वों का नाश होता है। वेदों में यज्ञ के इसी पक्ष का निरूपण किया गया है। यजुर्वेद में कहा है–

''मनसस्पत इमं देव यज्ञं स्वाहा वाते धाः। समिधाऽग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम्। अस्मिन् हव्या जुहोतन॥''[२]

'यज्ञ' और 'अग्नि' का पारस्परिक सम्बन्ध प्राचीनकाल से चला आ रहा है। विराट् पुरुष ने जब प्राणाग्नि में अपना हवन करके जगत् का कल्याण किया था, तभी से 'यज्ञ' और 'अग्नि' का अटूट सम्बन्ध है। 'अग्नि' के प्रभाव से ही पृथ्वी पर शस्य तथा फल आदि पकते हैं तथा प्राणिमात्र के शरीर में विद्यमान अग्नि से ही उनके शरीर गर्म रहते हैं और वे जीवित रहते हैं। ऋग्वेद का प्रारम्भिक मन्त्र अग्नि को समर्पित है–

''अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् होतारं रत्नधातमम्।''

पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए मनुष्य को 'यज्ञ' जैसे श्रेष्ठ कर्म में किसी न किसी प्रकार की सहायता करनी चाहिए। 'यज्ञ' में विघ्न-बाधा नहीं पहुंचानी चाहिए। 'यज्ञ' में बाधा पहुंचाने वालों के लिए वेदों में 'राक्षस' शब्द का प्रयोग किया गया है–

''देवान् ह वै यज्ञेन यजमानस्तानसुरक्षसानि ररक्षुर्न यक्ष्ययध्वमिति तद्यदरक्षंस्तस्माद्रक्षसि॥''[३] महाभारत में भी इस प्रकार का वर्णन है कि युधिष्ठिर के राजसूययज्ञ में

---

१. विष्णुपुराण, १-६-८

२. यजुर्वेद, २-२१, ३-११

३. शतपथ ब्राह्मण

शिशुपाल द्वारा विघ्नबाधा उत्पन्न करने पर श्रीकृष्ण ने अपने सुदर्शन चक्र से उसका शीश काट डाला और इस प्रकार शिशुपाल को मृत्यु दण्ड दिया।

वृक्ष

सत्य चाहे कुछ भी हो, जब तक इस स्थूल बुद्धि को ठोस प्रमाण नहीं मिल जाते, उसे सन्तोष नहीं होता। अध्यात्म अवधारणा तो इसे भली भांति स्वीकारती है कि इस दृश्य जगत् मे जड़-चेनत कहे जाने वाले समस्त प्राणी व पदार्थ चेतना के एक अविछिन्न प्रवाह से जुड़े हुए हैं पर पदार्थ विज्ञान को इतने से सन्तुष्टि कहां ! वह तो प्रत्यक्षवाद के धरातल पर आधारित है। विज्ञान के साथ यही हुआ। वृक्ष-वनस्पति के सन्दर्भ में उसने पिछले दिनों अपने अन्वेषण-अनुसन्धान द्वारा अध्यात्म विज्ञान की इस मान्यता की तो पुष्टि कर दी कि जीव-जन्तुओं की तरह उनमें भी भाव संवेदनाएं होती हैं। प्रतिकूल परिस्थितियों में वे चिन्ता, भय, शोक, पीड़ा की अनुभूति करते हैं और परिस्थितियां अनुकूल होतं ही अन्य जीवधारियों की तरह हर्ष व आनन्द की उमंगे दिखाई पड़ती हैं। परन्तु भारतीय अध्यात्मविदो के लिए इसमें आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हमारे पूर्वजों एवं मनीषियों ने आज सहस्रों वर्ष पूर्व ही वृक्षों के महत्त्व को समझ लिया था और इसीलिए उन्हें हमारे धर्म, विभिन्न धार्मिक संस्कारों और रीति-रिवाजों तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ जोड़कर धार्मिक आस्था का प्रतीक बना दिया था। वैदिक ऋषियों ने वनस्पतियों तथा जन्तुओं आदि को दैवी ढंग से प्रकाशित किया है। प्राचीन भारतीय ने जन्तुओं को पालतू बनाकर वनस्पतियों को अपने परिश्रम से खेतों और उद्यानों में लगाया। उनमें उसका अनुभव हुआ। यही कारण है कि हमारे धर्म-ग्रन्थों में पेड़-पौधों से प्रेम के साथ उनकी पूजा का भी उल्लेख है। वृक्षों की पूजा, वृक्षों के प्रति आदर-भावना आदि से सम्बद्ध सूक्त एवं विभिन्न गद्य-पद्य रचनाएं संस्कृत साहित्य में उपलब्ध है।

ऋग्वेद में सबसे महत्त्वपूर्ण पौधा 'सोम' है। 'सोम' को संबोधित मन्त्र उस समय गाए जाने के लिए थे जब पौधों से रस निकाला जाता था। 'सोम' स्फूर्ति देने वाला है और अमर जीवन का दाता है–

इन्द्रस्ते सोम सुतस्य पेयाः कृत्वे दक्षाय विश्वे च देवाः।

वृहदारण्यक उपनिषद् में मनुष्य और वृक्ष की समानता का विवरण पाया जाता है–

यथा वृक्षो वनस्पतिस्तथैव पुरुषोऽमृषा

तस्य लोमानि पर्णनित्वगस्योस्पाटिका बहिः

त्वच एवास्य रुधिरं प्रस्यन्दित्वच उत्पट:

तस्मात् तदातृष्णात् प्रेति रसो वृक्षादिवाइतात्

मांसान्यस्य शकराणि कीनाटं स्नाव तत् स्थिरम्

अस्थीन्यन्यरतो दारुणि मज्जा मज्जोपमा कृता।[१]

महाभारत के मोक्षधर्म पर्व में कहा गया है कि वृक्षों में जीवन है इसीलिए वे फूलते-फलते हैं। वृक्ष का एक भाग काट लेने पर वह पुन: अंकुरित होकर बढ़ने लगता है। यह तथ्य स्वयं इसका साक्षी है कि वृक्ष भी हमारी तरह जीवधारी है–

तेषां पुष्पफलव्यक्तिर्नित्यं समुपदयते

उष्मतीश्लायते वर्ण त्वक् फलं पुष्पमेव

म्लायते शीर्यते चापि स्पर्शस्तेनात्र विद्यते

वायुवग्न्यशनि निर्धोषे: फलं पुष्पं निशीर्यते

आरोगा: पुष्पिता: सन्ति तस्माज्जिघ्रन्ति पादपा:।[२]

गीता में श्रीकृष्ण ने 'अश्वत्थ सर्ववृक्षाणाम्' कहकर अश्वत्थ की श्रेष्ठता को स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त वट, बेल, नीम, आंवला, पीपल, शाल्मली आदि महत्त्वपूर्ण वृक्ष हैं जो भारतीयों द्वारा काटे नही जाते हैं क्योंकि उन्हें ज्ञात है कि वृक्ष वायु प्रदूषण के धारकों को सामान्य बनाते हैं तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं। 'तुलसी' भी अश्वत्थ की भांति आराध्या श्रद्धेया है। तुलसी की गन्ध से सुवासित वायु दिशाओं को पवित्र करती है।

भारत के ग्रामीण अंचलों में रहने वाला शायद ही कोई ऐसा परिवार मिले जिसमें वृक्षों-पौधों को धार्मिक मान्यता और आस्था प्राप्त न हो तथा किसी न किसी रूप में उनकी पूजा नहीं होती हो। वह एक निर्विवाद तथ्य है कि प्राचीन भारतीय समाज में धर्म और धार्मिक आचरण का परिपालन

---

१. बृ०उ० ३.९.२८

२. महाभारत, मोक्षधर्मपर्व १४८,१०

एक अनिवार्यता थी। अतः ऐसे धर्म से जुड़े हुए वृक्षों का महत्त्व स्वतः ही बढ़ जाता है। वृक्षों में देवताओं का वास माना जाता है–

मूलं ब्रह्मा, त्वचा विष्णुः, शाखा रुद्रो महेश्वरः।

पत्रे पत्रे च देवानाम्, वृक्षराज नमोऽस्तुते॥

'तुलसी' में मूल से छाया तक सभी देवताओं और तीर्थों का निवास माना है। सामान्यतः पीपल में हिन्दुओं के त्रिदेवों में से 'ब्रह्मा' का निवास माना गया है। यजुर्वेद में वृक्षों को दुष्प्रभावों का शमन करने वाला कहा है 'वनस्पतिः शमिता'।

स्पष्ट है कि भारतीयों ने पेड़-पौधों में देवत्व की प्रतिष्ठा कर अपनी वैज्ञानिक धारणा का परिचय भी दिया है क्योंकि धर्म से सम्बद्ध होने के कारण मनुष्य ने वनस्पतियों को सुरक्षा प्रदान की है

अथर्ववेद में वनस्पतियों, पशु एवं पक्षियों से सम्बद्ध ऐसे मन्त्रों का उल्लेख है जिनका महत्त्व चिकित्सा, रोगी आदि की दृष्टि से उपयोगी है। अधिकांश औषधियां वनस्पतियों से प्राप्त होती हैं। ऋग्वेद के औषधि-सूक्त में ऐसे पौधों का वर्णन है जो आरोग्य प्रदान करते हैं–

शत वो अम्ब धामानि सहस्त्रमुत वो रुहः।

अधा शतक्रत्वो यूयमिमं मे अगदं कृत॥

ओषधिः प्रतिमोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः।

अश्वा इव सजित्वरीर्वीरुधः पारयिष्णवः॥[१]

अथर्ववेद में अनेकों ऐसी वनस्पतियों का वर्णन है जिनका प्रयोग कायचिकित्सा, भूतविद्या तथा शल्य चिकित्सा आदि में किया जाता है।[२] ऋग्वेद में कहा है कि औषधियां विश्व की माता

---

१. ऋग्वेद, १०.९७.२

२. रोहिण्यसि रोहिणी अस्थ्नश्छिन्नस्य रोहिणी।

'अथो हरितभेषजम्।'

'[illegible] ग्राह्यः

के समान भरण-पोषण करती हैं और उसकी रक्षा करती हैं-'औषधारिति मातस्तद् वो देवीरुप ब्रुवे।''

कुरान शरीफ में भी कहा है कि 'हरा पेड़ काटने वाले, मनुष्य को बेचने वाले, जानवरों को मारने वाले और परस्त्रीगामी को खुदा माफ नहीं करता। जो दूसरों पर रहम खाएगा वही खुद की रहमत पाएगा।'

नदी

प्राचीन समय से ही नदी, सरोवर और झरने आदि के रूप में प्रकृति प्रदत ये पवित्र उपहार भारतीयों की धार्मिक भावना के प्रतीक हैं। पर्यावरण के अन्य तत्त्वों के समान मनुष्य ने नदी आदि को भी सुरक्षा प्रदान की है। इस सन्दर्भ में यदि कोई देदीप्यमान उपमान मिलता है तो वह 'गङ्गा' को 'माता' के समान पूज्य माना है। महाभारत के वनपर्व में वर्णन आता है-

यत्र गङ्गा महाराज स देशस्तत् तपोवनम्।

सिद्धक्षेत्रं च तज्ज्ञेयं गङ्गातीर समाश्रितम्।।[१]

नदियों के तट पर बसे तीर्थ सदा से अध्यात्म और संस्कृति के केन्द्र और भौगोलिक चेतना के वाहक रहे। नदियों का देवत्व वाला स्वरूप वेदों के काल में उभर आया था। जब ऋग्वेदीय ऋषियों ने नदियों से यह कहा-

इमं मे गंगे यमुने सरस्वति शतद्रु स्तोमं सचता परुष्ण्यां।

असिकन्या मरुद्धधे वितस्तयाजी कीये श्रणु ह्या सुषोमया।।[२]

उस समय वह क्या मनःस्थिति रही होगी। समय के साथ गंगा जल का महत्त्व बढ़ा। अपनी पर्यावरणीय शुद्धता बनाए रखने के कारण उसे कभी वर्जित नहीं माना गया-

वर्ज्यं पर्युषितं तोयं वर्ज्यं पर्युषितं दलम्।

न वर्ज्यं जाह्नवीतोयं न वर्ज्यं तुलसीदलम्।।

---

१. महाभारतवनपर्व, ८५-९७

२. ऋग्वेद, १०.७५.५

स्वर्गीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने गंगा की प्रंशसा में उद्‌गारों को इस प्रकार प्रकट किया–

''गंगा तो विशेषकर भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, इससे लिपटी हुई है। भारत की जातीय-स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसके भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है। गंगा भारत की प्राचीन एकता की प्रतीक रही है, सदा बदलती, सदा बहती, फिर वहीं गंगा की गंगा''।

आचार्य मनु ने अपने ग्रन्थ में इस यथार्थ सत्य को प्रकाशित किया है कि नदी, तालाब, झरनों तथा कुंओं का निर्माण करना चाहिए क्योंकि ये हमारे असीम वैभव और प्रसन्नता के प्रतीक हैं। इनके जल की प्रदूषणकारी तत्त्वों से रक्षा करनी चाहिए।

हमारे पूर्वज भली-भांति जानते थे कि पृथ्वी पर मनुष्य तथा अन्य जीवों का जीवन तभी स्वस्थ, नीरोग, दीर्घ और सुखी रह सकता है जब शुद्ध जल और शुद्ध वायु हो। जिन पंचतत्त्वों से शरीर बनता है, उनमें जल और वायु की भी गण्ना है–

'क्षिति जल पावक गगन समीरा, पंचतत्त्व यह रचित सरीरा।'

भारतीय दृष्टिकोणों के अनुसार समस्त सृष्टि की उत्पत्ति जल से ही हुई है। अथर्ववेद में इसी तथ्य का संकेत मिलता है–

'आपो हिष्ठा मयो भुवंस्ता न ऊर्जे दधातन।'[१]

प्राचीनकाल में जब नए नगर का निर्माण किया जाता था तो उसके निर्माण-स्थल के चयन में यह ध्यान रखा जाता था कि उस नगर का पर्यावरण शुद्ध रहे जिससे नगरवासी स्वस्थ और सुखी रहें। महाराज भोजकृत समरांगण सूत्रधार नामक ग्रन्थ में कहा गया है–**'नदीभिः पुलिनप्रातैः'** विचित्रद्रुमशालिभिः आगे कहा है कि यदि ऐसा स्थान सुलभ न हो तो फिर 'वनोपवनपित्याद्रिसरित्कुंजमनोहरा' अर्थात उस स्थान पर नगर की नींव डाली जाएं जहां पर वन, उपवन, पर्वत और सघन कुंज हो। रामायण में भी अयोध्या और लंका वर्णन करते हुए बताया है 'एषा सा दृश्यते सीते सरयूः यूपमालिनी/देवस्थानैः प्रपाभिश्च तटाकैश्चोपशोभिताः/उद्यानाम्रवणोपेतां महतीं सालमेखलाम्।'[२]

---

१. अथर्ववेद, १.५.१

२. वाल्मीकि रामायण .१२३, ५४, २, १००, ४३,

३ ऋग्वेद १०.६

जल को अमृत एवं औषधि के गुणों से युक्त माना गया है। ऋग्वेद का मन्त्र है–'अप्सु मे सोमो अब्रवीदन्त र्विश्वानि भेषजा। अग्नि च विश्वशंभुवम्।'[१] शिवपुराण में जलदान को श्रेष्ठ दान माना है क्योंकि जल से सभी जीव समुदाय तृप्त होता है–

पानीयदानं परमं दानानामुत्तमं तदा।

सर्वेषां जीवपुञ्जानां तर्पणं जीवनं स्मृतम्।

सभी प्रकार के जलों में वर्षा का जल पर्यावरण का विशेष शोधक है। वर्षा के सन्दर्भ में इन्द्र, वरुण, पर्जन्य आदि देवताओं की प्राचीनकाल से मान्यता रही है। सोम भी जल का नायक होने के नाते अन्न का कारणभूत तत्त्व है और पौधों तथा औषधियों का अधिपति भी। वैदिक साहित्य में जल ही जीवन है।

वैदिक साहित्य में मानव तथा प्रकृति को जीवन के एक ही उल्लासमय प्राणतत्त्व में स्फुरित पाते हैं। एक ओर प्रकृति का प्रत्यक्ष बोध है जिसमें सूर्य, चन्द्र, तारे, मेघ, पवन, समुद्र, सरित, विद्युत्, वन, वृक्ष, अग्नि, वर्षा, पशु-पक्षी सभी को चित्रमय और भावमय स्थान मिला है दूसरी ओर इनमें व्याप्त सत्ता के रूप में इन्द्र, वरुण, उषा, पवन, पृथ्वी। अग्नि आदि देवता है। साथ ही इनके माध्यम से वैदिक द्रष्टा सत्य, शक्ति, प्रकाश, ऊर्जा, स्फूर्ति, आवेग आदि प्रत्ययों का आह्वान करता है। इन्द्र से वर्षा के लिए प्रार्थना की जाती है, भयंकर आंधी तूफान के लिए नहीं।

वैदिक ऋषियों द्वारा निर्बाध गति से प्रवाहित 'पर्यावरण-सुरक्षा' की परम्परा को आने वाले कवियों, सन्तों एवं दार्शनिकों ने सुनियोजित एवं सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत करते हुए प्रकाश-पुञ्ज की चरम-दीप्ति में प्रोद्भासित किया है। ज्ञान का वह भंडार जो परवर्ती कवियों को विरासत में मिला, उसे उन्होंने अपनी मौलिक, सूक्ष्मावगाहिनी एवं तल-स्पर्शी प्रज्ञा द्वारा नवीन रूप में विवेचित किया है। 'रामायण' और 'महाभारत' ऐसे महाकाव्य है जो भारतीय संस्कृति के आधार स्तम्भ हैं। इनके रचयिता भी 'पर्यावरण' को पल्लवित, पुष्पित करने के लिए सजग थे। वाल्मीकि और व्यास ऐसे महाकवि हैं जिन्होंने अरण्य-कुटियों में निवास किया, झरनों का कलकल नाद सुना, कलिकाओं का आमोद वितरण देखा और शीतल, मन्द सुगन्ध पवन का वहन अनुभव किया। प्रकृति की नैसर्गिक सुषमा ने उन्हें जन्म से ही आवृत्त किया। ऐसी परिस्थिति में प्रकृति की ओर झुकाव स्वाभाविक है।

शिवपुराण उ०सं० १२.१

इसी परम्परा को कालिदास, बाणभट्ट एवं भवभूति आदि कवियों ने आगे बढ़ाया और प्रकृति का विविध विवेचन किया।

जिस प्रकृति में वैदिक ऋषियों ने देवत्व के दर्शन किए, वाल्मीकि उसके प्रत्यक्ष रूप पर नाच उठे, वही प्रकृति कालिदास के लिए संश्लिष्ट सौन्दर्य लेकर उपस्थित हुई। कालिदास प्रकृति के सूक्ष्म द्रष्टा हैं। 'ऋतुसंहार' और 'मेघदूत' उनके प्राकृतिक वर्णन की सुन्दर रचनाएं हैं, जिनमें प्रकृति जीवन के स्पन्दन के साथ-साथ सजीव प्रतीत होती है और मनुष्य को नयी शांति प्रदान करती है। कालिदास की 'पार्वती' और 'शकुन्तला' निसर्ग कन्याएं हैं। उनका निर्माण प्रकृति के सौन्दर्य तत्त्वों से हुआ है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अङ्क में प्रकृति वर्णन सूक्ष्म और हृदयग्राही है। कण्व के आश्रम में भारतीय चिन्तन के अनुरूप प्रकृति और जीवन समरस है, उनमें आत्मीय सम्बन्धों की अपूर्व स्थिति है। 'शकुन्तला' की विदा के अवसर पर मानवीय भावनाओं की कोमलतम अभिव्यक्ति, प्रकृति की साहचर्य भावना की सुकुमारता से तादात्म्य स्थापित कर काव्यात्मक सौन्दर्य को लेकर उपस्थित हुई है। प्रकृति को इंगित कर कण्व ऋषि का कथन है–

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्।।[1]

अचेतन प्राणियों के प्रति चेतन मानव की आत्मीयता और पर्यावरण का यह सुन्दर दृष्टान्त है। प्राचीन भारतीय साहित्य में 'पर्यावरण' विभिन्न अवयवों का अनूठा समन्वय है- **द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वं शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।**

पर्यावरण की सुरक्षा का प्रश्न आज विचारकों के लिए चिन्ता का विषय है। आज आवश्यकता है उन परम्पराओं को पुनर्जीवित करने की जो कालान्तर में निष्प्राण हो चुकी हैं। आज आवश्यकता

---

१. अभिज्ञानशाकुन्तलम् ४.९.

है एक सांस्कृतिक मन गढ़ने की–वह मन जो शक्ति रूप में सबके अन्दर विद्यमान है–'यदपूर्वयक्षमत: प्रजानां', जिसके बिना कोई कर्म नहीं होता–यस्मान्न ऋते किंच न कर्म क्रियते, ऐसे मन का संस्कार करें जिसमें सबका समान भाग हो, समान कर्त्तव्य और संकल्प हो–**समानो मंत्रः समितिः समानी। समानं** मन: सह: चित्तमेषाम्। समानी व: आऽकूति: समाना हृदयानि व:। समानस्तु वो मनो यथा व: सुसहासति।''

प्रस्तुत लेख द्वारा यह आशा की जा सकती है कि आधुनिक विज्ञान एवं तकनीकी युग में प्राचीन भारतीय विचारों की दीपशिखा को पुन: प्रज्ज्वलित किया जाय, जो विश्व के लिए नया मार्ग प्रशस्त कर सके तथा जिसके आलोक में मानव अपना मार्ग प्रशस्त कर सके।

पोषणता-प्राचीन भारतीय परिप्रेक्ष्य में

-प्रो. आर. डी. शुक्ल

आदिमानव का भोजन क्या था?

हम प्राय: लोगों को कहते हुए सुनते हैं कि हमारे पूर्वज जंगलों में शिकार किया करते थे और उनकी मांस पर अपने जीवन का निर्वाह करते थे। हम वह भूल जाते हैं कि मनुष्य एक दुर्बल प्राणी है वह जानवरों से डरता था और सभंवत: वह सागपात-फल से अपना जीवन प्रारम्भ किया। सम्भवत: उसने जानवरों के मांस के खाने की बात बहुत बाद में सोची होगी। विशेषकर उस समय जब उसने देखा कि एक जानवर, दूसरे जानवर को मारकर उसका भक्षण कर रहा है। हाल ही में हुए अनुसंधान में देखा गया है कि हड्डी पर दांतों से काटने का निशान, और उस पर हथियार के वार का निशान अलग अलग प्रकार का होता है। इसके अतिरिक्त यदि किसी हड्डी पर दो निशान हों तो यह बता सकते हैं कि पहले कौन सा निशान हुआ और बाद में कौन सा। अभी थोड़े समय पूर्व सम्पन्न किये गये कुछ अंनुसंधानों के आधार पर यह देखा गया है कि हजारों वर्ष पूर्व मृत हिरणों इत्यादि की जीवावशेष हड्डियों पर जो निशान हैं उन्हें देखकर लगता है कि पहले हिरण को किसी जंगली पशु ने दांतों से खाया है, और बाद में मनुष्य ने किसी हथियार से चीरा फाड़ा है। हम इससे क्या निष्कर्ष निकालते हैं? आदि मानव को यदि कोई घायल या मरा हुआ पशु मिल जाता था तो उसे ही खाता था। भोजन का यह स्रोत कभी कभी मिलने वाला था अत: आदि मानव के भोजन का स्रोत निश्चित ही पेड़ पौधे का मुख्य आहार पौधों से प्राप्त होता था परन्तु अवसर मिलने पर वह मांस भी खा लेता था।

यदि हम प्रगैतिहासिक काल को छोड़कर इतिहास की ओर आयें और अपने देश पर ध्यान केन्द्रित करें तो पता लगता है कि इस दिशा में भी भारतवर्ष का इतिहास बहुत गौरवशाली है। पुरातत्वीय प्रमाण मिलते हैं कि १२०० ई० पू० भी हमारे यहां कई प्रकार के अनाज तथा दालें प्रचलित थीं। प्राचीन

ग्रंथो में इतने अधिक प्रकार के खाद्य पदार्थों का वर्णन मिलता हे कि लगता हैं आज हम उनका कंवल एक छोटा सा अंश ही प्रयोग करते हैं। भोजन बनाने की विधियों को भी इतने विस्तार से बताया गया है कि लगता है आज हम बहुत कुछ भूल गये हैं। खाद्य पदार्थों का शरीर और मन पर प्रभाव पड़ता है हमारे पूर्वजों को यह बात पूर्णरूपेण ज्ञात थी और इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि भोजन के अनुसार ही हमारे विचार होते हैं।

आहार शुद्धौ सत्व शुद्धिः सत्व शुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः स्मृतिलम्भ

छान्दोग्य उपनिषद (७. २६. ३) सर्व ग्रन्थीनां विप्रमोक्षः।

अर्थात् जब भोजन शुद्ध होता है तो मन व विचार शुद्ध हो जाते हैं। मन व विचार के शुद्ध होने पर स्मरण शक्ति ठीक हो जाती हे स्मरण शक्ति के ठीक होने पर कई प्रकार की कठिनाइयां दूर हो जाती हैं।

गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है:-

आयुः सत्त्वबलारोग्यसुखप्रीतिविवर्धनाः।

रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्विकप्रियाः॥

(गीता १७-८)

अर्थात् आयु, बुद्धि, बल, आरोग्य, सुख और प्रीति को बढ़ाने वाले एवं रसयुक्त, चिकने और स्थिर रहने वाले तथा स्वभाव से ही मन को प्रिय ऐसें आहार अर्थात् भोजन करने के पदार्थ तो सात्विक व्यक्ति को प्रिय होते हैं।

यहां पर आयु, बुद्धि, बल, आरोग्य, सुख और प्रीति के बढ़ाने पर बल है।

इसी तरह

कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः।

आहारा राजसस्येष्टा दुःखशोकामयप्रदाः॥ (गीता १७-९)

अर्थात् कड़वे, खट्टे, लवणयुक्त और अतिगरम तथा तीक्ष्ण, रूखे और दाहकारक एवं दुःख चिन्ता और रोगों को उत्पन्न करने वाले आहार अर्थात् भोजन करने के पदार्थ राजस पुरुष को प्रिय होते हैं। दूसरे शब्दों में दुख चिन्ता तथा रोग उत्पन्न करने वाला भोजन करना अच्छा नहीं है।

यातयामं गतरसं पूति पर्युषितं च यत्।

उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम्।। (गीता १७-१०)

अर्थात् जो भोजन अधपका, रस रहित और दुर्गन्धियुक्त एवं वासी और उच्छिष्ट है तथा जो अपवित्र भी है, वह भोजन तामस व्यक्ति को प्रिय होता है। सारांश यह कि इस प्रकार का भोजन सदैव वर्जित है।

भारतीय चिकित्सा विज्ञान की पुस्तकें क्या बताती हैं?

यदि हम प्राचीन भारत की चिकित्सा विज्ञान की पुस्तकों, चरकसंहिता और सुश्रुत-संहिता को आहार की दृष्टि से जांचे तो हम ७५ ई० से ३०० ई० तक की स्थिति का अनुमान लगा सकते हैं इसी युग में अन्य ग्रंथ भी लिखे गये हैं जिनके अध्ययन से यह पता चलता है कि उस समय तक भोजन एवं स्वास्थ्य के गहरे सम्बन्ध को भली भांति पहचान लिया गया था।

हिताहारोपयोग एक एव पुरुषस्यामि वृद्धिकरो भवति

अहिताहारोपयोगः पुनर्व्याधीनां निमित्ततामिति (चरकसूत्र २५, ३१)

अर्थात् लाभकारी भोजन का प्रयोग ही मनुष्य के लिये उपयुक्त होता है और हानिकारक भोजन के प्रयोग से उत्पन्न होते हैं।

आज से दो हजार वर्ष से भी ज्यादा पहले अनाज (सूक धान्य) और दालें (सामीधान्य) दोनों ही मुख्य आहार के रूप में प्रयोग किये जाते थे। वैज्ञानिक अनुसंधान के द्वारा आज हम जान गये हैं कि इन दोनों के मिश्रण से हमारी सारी आवश्यकतायें पूरी हो सकती हैं। और हम यह भी जान गये हैं कि कैसे इन दालों के मिश्रण से उच्च श्रेणी का प्रोटीन बन जाता है। पुराने समय में चावल बहुत ही अच्छा तथा उच्च दर्जे का अन्न समझा जाता था। गेहूं और कुछ अन्य अनाज चावल से घटिया समझे जाते थे। वैज्ञानिक आधार पर आज हम जानते हैं कि चावल सबसे सहज पचता है और उसका प्रोटीन भी अन्य अनाज से अच्छा है। चावल की पोषण शक्ति भी सर्वाधिक है अनाज तथा दालों से कई प्रकार के व्यंजन भी तैयार किये जाते थे। जिनमें से तो हम कई भूल चुके हैं।

प्राचीन भारत में यह ज्ञात था कि दूध एक पूर्ण आहार है।

क्षीरं सर्वेषां देहिनांचानुशेते क्षीरं पिबन्तं च न रोग एति।

क्षीरात्परं नान्यदिहास्ति वृष्यं क्षीरात्परं नास्ति च जीवनीयम्

(काश्यप, भोजन-९०)

इसका अर्थ हे सभी देहधारियों को दूध लाभकर होता है। दूध पीने वाले के पास रोग नहीं फटकते। दूध से बढ़कर वाजीकरण कोई भी द्रव्य नहीं होता और दूध से बढ़कर बढ़ाने वाला कोई द्रव्य नहीं होता।

आज विज्ञान के द्वारा हमें दूध की कलिल अवस्था का ज्ञान हो गया हे जिस पर शरीर में उपस्थित पाचक तत्वों एवं रसों का शीघ्र प्रभाव पड़ता है और दूध शीघ्र ही पच जाता है।

सुश्रुत संहिता में लिखा है कि कच्चा दूध लेने से हानि हो सकती है। यह खोज बहुत पहले ही हो चुकी थी यद्यपि यह नहीं कहा गया था कि यह हानि जीवाणुओं (वैक्टिरिया) के कारण हो सकती है।

पयोऽष्यन्दि गुर्वामं प्रायशः परिकीर्तितम् (सुश्रुत, सूत्र ४५-६१)

अर्थात् कच्चा दूध अधिकतर भारी और अभिष्यन्दी (शरीर में जकड़ाहट हो पैदा करने वाला) होता है। दूध दुहने के तुरन्त बाद दूध में जीवाणु कम होंगे परन्तु रखने से बढ़ जायेंगे इसलिए

धारोष्णं गुणवत क्षीरं विपरीतमथोऽन्यथा। (सुश्रुत सूत्र ४५-६२)

अर्थात् धारोष्ण दूध (जो दुहने के तुरंत बाद गरम होता है) बहुत गुणों वाला होता है और जो धारोष्ण नहीं होता है वह बहुत गुणों वाला नहीं होता है।

अनेकानेक पशुओं के दूध को परखा गया है और उनके गुणों की तुलना चरक एवं सुश्रुत संहिता में पाई जाती है। दूध से दही और कई पदार्थ बनाये जाते थे और यह यह भी वर्णन किया गया है कि उन्हें किस प्रकार तथा किस मौसम में प्रयोग करना लाभदायक है। इस प्रकार के सूक्ष्म विश्लेषण में आधुनिक विज्ञान ने अभी कदम नहीं रखा है।

उस युग में फलों एवं सब्जियों की भी कमी नहीं थी। नाना प्रकार के फल सब्जियों के सेवन की विधि उनके विशेष गुणों एवं अवगुणों का वर्णन इन प्राचीन पुस्तकों में उपलब्ध है।

चरक के अनुसार वसा के स्रोत घी, मक्खन, तेल और कुछ पशुओं की चर्बी थी; उनके प्रयोग पर दी गई सलाह इस प्रकार है।

सर्पिस्तैलं वसा मज्जा सर्वस्नेहोत्तमा मताः।

एषु चैवोत्तमं सर्पिः संस्कारस्यानुवर्तनात्।-१३

सर्पिः शरदि पातव्यं वसा मज्जा च माधवे।

तैलं प्रावृषि नात्युष्णाशीते स्नेहं विवेन्नरः।

–१८ (चरक सूत्र १३ .१३, १८)

अर्थात् सभी स्नेहों (चिकने पदार्थों) में घी, तेल, वसा (जो मांस वे प्राप्त हो) और मज्जा (जो हड्डियों से प्राप्त हो) को उत्तम माना गया हे और इन चारों में घी को अच्छा माना गया है क्योंकि वह (घी) संस्कारों को ग्रहण करने की सामर्थ्य रखता है। घी को शरद ऋतु में पीना चाहिए, वसा और मज्जा को बसंत ऋतु में और तेल को वर्षा ऋतु में। जब न तो अधिक गर्मी हो और न ही अधिक ठंड हो, तब मनुष्य को स्नेह पीना चाहिए।

उपरोक्त वाक्यों में ऋतुओं के विषय में दी गई सलाह और संस्कार ग्रहण करने की जो चर्चा की गई है, वह आधुनिक विज्ञान की समझ से बाहर है। घी को उत्तम बताने की परम्परा आज भी हमारे देश में चली आ रही है। घी में सर्वाधिक आवश्यक ''फैटी ऐसिड उपलब्ध हैं परन्तु घी की वसा संतृप्त होने के कारण उससे हृदय रोग की संभावना बढ़ जाती है। यह तथ्य भी प्राचीन काल में जान लिया गया होगा, क्योंकि अन्य कई स्थानों पर तिल के तेल के गुणों की व्याख्या है और आज हम जानते हैं कि तिल के तेल की बहुत असंतृप्त होती है।

सर्वेषां तैलजातानां तिलतैलं विशिष्यते । (चरक सूत्र १३-१२)

अर्थात् सभी प्रकार के तेलों में तिल का तेल विशेष लाभकारी होता है । इसके समर्थन में अन्य प्रमाण देखिये।

नित्यानित्यात्मविधौ तिलतैलघृते बुधः प्रयुज्जीत। काश्यप १७-९ अर्थात बुद्धिमान मनुष्य को अपने खान पान में तिल के तेल तथा घृत का प्रतिदिन सेवन करना चाहिए।

पुनश्च-

सर्वेभ्यस्त्विहं तैलेभ्यस्तिलतैलं विशिष्यते। (सुश्रुत सूत्र ४५-१३०)

अर्थात् सभी प्रकार के तेलों में तिल के तेल को उत्तम माना गया है उस युग के विचार और आधुनिक ज्ञान में अंतर से अधिक महत्वपूर्ण है इन दोनों युगों का दृष्टिकोण। प्राचीन युग में जो विचार रखे गये हैं, उनका कारण नहीं दिया गया है और उन्हें सुनिश्चित रूप में दिया गया है। आधुनिक प्रकरण में हम प्रत्येक बात का कारण जानकर उसकी जड़ तक पहुँचने का प्रयत्न करते

हैं और किसी भी निष्कर्ष को अपरिवर्तनीय नहीं समझते। हम सदा इस बात के लिये तैयार रहते हैं कि यदि कोई नई खोज हमारे वर्तमान निष्कर्ष के विपरीत हो तो हम विचार बदल देगें। यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक होगा कि आज की खोजें हमारे वैज्ञानिक प्रयोगों पर आधारित हैं जबकि उस समय की खोजें ज्यादातर प्रेक्षणों से प्राप्त हुई हैं। प्रेक्षण वैज्ञानिक पद्धति का एक प्रथम एवं प्रमुख अंग है।,

आज से सैकड़ों वर्ष पूर्व भोजन ही नहीं अपितु पीने के पानी की स्वच्छता का महत्व भलीभांति पहचान लिया गया था।

सर्वानुपानेषु वरं वदन्ति मैध्यं यदम्भः शुचिभाजनस्थम्। (सुश्रुत सूत्र ४६-४२१)

अर्थात् सभी अनुपान के द्रव्यों में वर्षा के जल को, जो स्वच्छ पात्र में रखा हो, उत्तम माना गया है।

कितना तर्क संगत एवं बुद्धिसंगत है. यह विचार। वर्षा जल एक प्रकार से आसवित जल की भांति है क्योंकि यह वाष्प के सघनन से बनता है और यदि पात्र भी शुद्ध हो तो पानी शुद्ध रहेगा। अशुद्ध जल को पीने योग्य बनाने के लिए उबालने और छानने की विधियां भी हमारे पूर्वजों को मालूम थी।

आधुनिक विज्ञान ऋतुओं के साथ भोजन में कैसा परिवर्तन हो इसमें कोई सम्बन्ध नहीं बताता है। हमारे पुराने ग्रथों में ऋतुओं के साथ भोजन की कैसी आवश्यकता होगी, यह पूर्ण रूपेण वर्जित है। सुश्रुत संहिता में आठ प्रकार की शहद का प्रयोग वर्षा ऋतु में उत्तम बताया गया है। इस प्रकार की सलाह का आधार आधुनिक विज्ञान समझ नहीं पाया है।

पौराणिक चिकित्सा-विज्ञान की पुस्तकों के अनुसार उचित सीमा तक मदिरापान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है, और यही कारण है कि जौ, चावल, चीनी, शहद, फूलों, अंगूर और नारियल इत्यादि से मदिरा बनाई भी जाती थी। परन्तु अधिक मदिरापान विशेषकर ग्रीष्म और वर्षा ऋतु में हानिकारक हो सकती है। यह सलाह आज कल के डाक्टरों के सलाह से अधिक भिन्न नहीं हैं परन्तु मदिरा जैसी नशीली वस्तुओं का सीमा निर्धारण करना असंभव हो जाता है। पुराने युगों में सोम रस एक सीमा में ही लिया जाता था और संयमित जीवन में हमारे पूर्वज उसकी मात्रा निर्धारित मात्रा से अधिक नहीं होने देते थे।

हमारे कुछ प्राचीन ग्रंथों में, विभिन्न प्रकार के अतिरिक्त पकाने की विधियों, पकाने की विधि का भोजन के गुणों पर प्रभाव, इत्यादि का विस्तार पूर्व वर्णन किया गया है। खाने और परोसने की विधि और भोजन की शुद्धि पर भी बहुत बल दिया गया है। आवश्यकता से अधिक खाने के विरुद्ध भी चेतावनी दी गई है। इसके लिए एक सरल तरीका इस प्रकार है।

भागद्वयमिहान्नस्य तृतीयमुदकस्य च।
वायोः संचरणार्थं च चतुर्थमवशेषयेत्।

(काश्यप, रिवल ५.५३.५४)

अर्थात् पेट के चार भाग कर लेने चाहिए उनमें से दो भागों को ठोस द्रव्य से (भोजन के समय) भरना चाहिए। एक भाग को तरल द्रव्यों से भरना चाहिए तथा एक भाग को वायु के संचरण के लिये खाली छोड़ देना चाहिए। वैज्ञानिक आधार पर हम कहते हैं कि पेट की मांस पेशियों का संकुचन होने से ही भोजन बारीक कणों में टूटता है और फिर उस पर विभिन्न रसायनों की एवं गैस्ट्रिक रसों की क्रिया होती है और अंततः भोजन पचता है। यदि पेट में जगह [वायु] न हो तो अच्छा संकुचन नहीं होगा और भोजन ठीक से पचेगा नहीं।

आधुनिक सभ्यता से कई रोग, जैसे कि मधुमेह और हृदय रोग, आवश्यकता से अधिक भोजन तथा पेय पदार्थों के लेने से जुड़े होते हैं। अतः हमें उपरोक्त चेतावनी का ध्यान रखना चाहिए। निवासस्थान, ऋतु और स्वभाव के अनुसार किस प्रकार का भोजन लेना चाहिए, इस पर भी हमारी प्राचीन पुस्तकों में विस्तार में चर्चा की गई है। कभी-कभी तो भोजन सम्बन्धी छोटी छोटी बातों का इतना विस्तार में वर्णन मिलता है कि हम दंग रह जाते हैं। सोचने की बात यह है कि इन पुस्तकों का भाव सत्तावादी है। कोई बात क्यों होती है, कैसे होती है, क्यों करनी है, उसका कारण या आधार क्या है, यह सब प्रायः नहीं दिया गया। यह बात आधुनिक युक्तिमूलक स्वभाव को अखरती है। परन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि उन पुस्तकों में जो कुछ लिखा है वह झूठा है या निराधार है। उसको आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर परखना हमारे लिये एक चुनौती है।

THE COMPLEMENTARITY PRINCIPLE AND THE ĪŚOPANIṢAD

S.C. Goswami

When Niels Bohr was awarded the Danish 'Order of the Elephant' in 1947 by the King, he was asked to supervise the design of the Coat-of-arms for placement in the Church of the Frederiksborg Castle at Hillerod. He chose the Medal with the Chinese symbol of Yin and Yang. The inscription on the Medal was 'Contraria sunt Complementa', which means 'Opposites are complementary'. The moto links astonishingly, as we shall see, the Eastern Wisdom and Modern Science[1].

The central principle of Modern Science emerging from quantum physics is the Principle of Complementarity. Its fundamental feature is the joining together, in a creative synthesis, of contradictory concepts. And harmony, its theory and practice, is the core of Eastern Wisdom. It was also the main theme of the various sojourns of Swami Vivekananda to the West.

There is now a growing interest in the exploration of the principle of Complementarity and the Upaniṣadic thought and wisdom, which seek to reconcile human life and activity with the monistic standpoint.

This is the subject of this paper.

Investigations of the atomic and subatomic world have revealed a level of reality which defies descripition in terms of ordinary language and logic.

---

1. Kothari, D.S., 'Complementarity Principle: Physics and Beyond', National Physical Lab. Techn. Bull. (Special Issve), Nov. 14, 1989.

A subatomic particle, say an electron or even an atom, as recent experiments have shown[1], can pass, say, through two holes in a diaphram at the same time. This it does when in a state of wave, the so called de Broglie's matter wave, and totally unobserved. An act of observation creates a disturbance which is inherent in the very nature of things. Consequently it jumps from the unmanifest wave state to the manifest particle state. This phenomenon is known as the wave-particle duality. The wave and the particle natures which are seemingly totally contradictory are, in fact, the complementary aspects of the same reality, to provide a complete description of which both these characteristics are necessary. The development of the concept of complementarity is due largely to Neils Bohr and Wernes Heisenberg. As emphasized by Bohr the principle of complementarity provides a profound connection between modern physics on one hand and metaphysics on the other. It was in September, 1927 in Como, Italy during the International Congress of Physics held in commemoration of the 100th anniversary of Volta's death that Bohr, for the first time, introduced in a public lecture his formulation of complementarity.

In this historical lecture which contained only a few and simple mathematical equations, Bohr tried to harmonise the apparently conflicting views taken by different scientists. In fact Bohr referred to a profound and persistent difference between the classical description and quantum description of physical phenomena. In systems that require quantum description one cannot neglect the interaction between the object under observation and the measuring instruments that used to make the observations. The best known case is illustrated by Heisenberg's x-ray microscope in which the progress of the electron is 'watched' by scatterng gamma rays from it, with the consequence that the electron itself is deflected from its path.

The wave-particle duality made all scientists unhappy. Einstein expressed his unhappiness in April, 1924 in the following words: "We now have two theories of light, both indispensible, but, it must be admitted, without

---

1. Faye Flam. Making Waves With Interfering Atoms, Science, Vol. 252, May 17, 1991.

any logical connection between them, despite 20 years of colossal effort by theoritical physicists." The gulf between the classical description and the quantum description raised some important questions:

1. Would one of the two antithetical views somehow be subsumed in the other?

2. Shall we have to live with two contradictory modes of description of physical phenomena?

Further, in the classical physics, classical causality was taken for granted whereas in quantum physics one has to accept indeterminacy and probability as inherent aspects of natural description. In older physics, subject-object separation was total and complete. In the new physics the subject-object coupling could be cut only in an arbitraty way. What Bohr was pointing to was the curious realisation that in the quantum world, the only way the observer, including his equipment, can be univolved is if he observes nothing at all.

In other words the object and the tools of observation form an inseparable whole. Therefore the results depend heavily on the measuring devices. For example, to call light either a wave phenomenon or a particle phenomenon is not fully correct. To call light both a wave and particle phenomenon would amount to oversimplifying matters. Our knowledge of light is the sum total of a number of statements which are apperently contradictory because these are made on the basis of a number of different experiments made under different conditions and interpreted in the light of different theories. It may be interesting to quote here Holton's answer to the questions: What is light? His answer is: "The observer, his various pieces and types of equipment, his experiments, his theories and models of interpretations and whatever it may be that fills an otherwise empty room when the light bulb is allowed to keep on burning. All this together is light."[1]

The reason why one cannot devise an experiment which exhibits simultenously the wave and particle behaviours of atomic matter is because

---

1. Holton, G., 'The Roots of Complementarity'. Daedalus, Summer 1988 Issue, P. 151-197.

the two characteristics are mutually exclusive, and therefore complementary and not contradictory.

In fact as is now increasingly reconginsed, complementarity of opposites is the very foundation of the Upaniṣadic thought and wisdom.

In the deeply inspiring commentary on the Īśopaniṣad, Sri Auorbindo writes[1]. "The principle it follows is the uncompromising reconciliation of uncompromising extremes" (Compare this with Bohr's: Contratia sunt complementa). He has enumerated the following pairs of opposites taken up by the *Upaniṣad:*

(i) The Conscious Lord and Phenomenal Nature; (ii) Renunciation and Enjoyment; (iii) Action in Nature and Freedom in the Soul; (iv) The One stable Brahman and the Multiple Movement; (v) Being and Becoming; (vi) The Active Lord and the indifferent *Akshara* Brahaman; (vii) *Vidyā* (Knowledge) and *Avidyā* (Ignorance); (viii) Birth and Non-Birth; and (ix) Words and Knowledge[2]. However, the above mentioned complementarities are basically all versions of the complementarity of God and Nature. This is not only the most mystical but also the very source of all the complementarities.

The *Upaniṣads* are unique in their approach towards seemingly opposite concepts, some of them listed above, because they assert the simultaneous validity of such opposites. Life in the world, according to the *Upaniṣads*, and life in Spirit are not incompatible; Work or action is not contrary. is rather means, to knowledge of God; by Renunciation is meant the renuciation of the ego. not of life. For the present study we shall focus our attention on Īśa *Upaniṣad* and examine how the above mentioned paradoxes are successively taken up and resolved.

(i) God and Nature :

Spirit is changeless. Nature is ever changing. That is why it is called phenomenal. Even in a piece of stone there is the tremendous motion of

---

1. Sri Aurobindo. The Upanishads, Part One, Sri Aurobindo Ashram, Pondicherry, 1981. p. 90.
2. ibid. p. 91.

electrons and of other subatomic particles; modern science tells us so. Even thoughts and feelings are in a continuous state of flux. But suppose we take the entire universe as a unit whole. Can it change or move? Surely not. The universe as a whole is, thus, motionless. To experience, therefore, the state of motionlessness, one must become the whole universe, that is, Infinite or God. The *Upaniṣads* declare repeatedly that the Reality of man and the Reality of the Phenomenal Nature is this very changeless of Infinite or God or Brahman. Therefore all the movements in Nature are, in fact, the movements of the Spirit in Itself, just as the waves in the ocean are superficial apperances only, caused by the ocean's movements; at no point of time is any wave or ripple diffenent from the ocean itself. "Spirit and matter are in reality the same; but Spirit, as such, never becomes matter; and matter; as such, never becomes Spirit", said Swami Vivekananda[1].

Brahman according to the *Upaniṣadic* thought is both the material and the efficient cause of the universe.

'Īśāvāsyamidaṁ sarvaṁ yatkiñca jagatyāṁ jagat' (verse1).

'Whatever there is in this phenomenal world, all that is enveloped by the Lord'. It is He who has become the whole of this universe. The material cause is the cause turned effect, the effect is the cause itself in another form. If Nature is the effect and God the cause, then Nature must be the reproduction of God. The multiplicity exhibited by Nature in the shape of mineral. vegetable and animal kingdoms is like the reflections of one Sun on millions of bubbles of water, each bubble giving the perfect image of the one Sun. Thus each atom in the cosmos is His manifestation. Nature represents the kinetic aspect and God the potential aspect; the two representing the Whole or Brahman.

"Pūrṇamadaḥ pūrṇamidaṁ, pūrṇāt pūrṇamudacyate;

Pūrṇasya pūrṇamādāya, pūrṇamevāvaśiṣyate".

---

1. Complete Works of Swami Vivekanands, Advait Ashram, Calcutta Vol. VI, 1971, p. 99.

"That (Brahman) is Whole and this (Nature) is Whole. This Whole has come out of that Whole, leaving Whole as the remainder", says the peace Invocation of this *Upaniṣad*.

Vedāantic epistemology and ontology transcended this sense bound universe. Physically, mentally and spiritually, the Reality is this Whole. Modern science is also heading towards a 'holistic' approach to explain the mysteries of the quantum world. The movement of any single particle, according to this approach, is connected with the movements in the whole universe.

(ii) Renunciation and Enjoyment :

By enjoyment is meant experience of the bliss. Sensual enjoyment is no enjoyment. It is temporary. Achievement of eternal happiness here and now is the goal of human existence.

The *Upaniṣad* declares that only by renouncing the principle of desire can one achieve the eternal bliss, and not otherwise.

"*Tena tyaktena bhuñjīthāḥ*" (verse 1).

'Enjoy through renunciation'.

'Desire to possess the worldly objects', says the Gīta, leads to anger, from anger results delusion, from that results confusion or lapse of memory ending with total loss of intellingence, and the person becomes dead as it were"[1] . One need not renounce the world which is but a manifestation of the Divine Principle, but the craving after the forms or the objects of the world. Once this principle of desire arising out of a sense of ego is transcended, one possesses the whole universe, as it were, in one consciousness and thus need not possess anything physically. It is therefore through total renunciation of the principle of ego one can gain real integral enjoument.

(iii) Action and Freedom :

Action is always binding. Results of evil actions bind with iron chain, of good actions with golden chain. Is freedom from the results of actions

1. Bhagvad Gita . Ch. II. 62.63.

possible? One probable answer could be that by not doing any action one cannot escape the fruit of action. But this is impossible because man can never remain without doing some action or the other. Even by remaining inert one produces effects in cosmic movements. Therefore one has to seek the way to liberation through action only.

"Kurvanneveha karmāṇi jijīviṣetśatam samāḥ ;

Evem tvayi nānyatheto' sti na karma lipyate nare"(verse 2)

'In this world, one should desire to live one hundred years, but only by performing actions. Thus, and in no other way, can man be free from the taints of actions.'

When one acts, one is supposed to be acting under the influence of some desire. But desire is only a particular mode of the emotional mind which through ingnorance seeks happiness in the object of desire and not in the all pervasive Self who expresses Himself in the object. By destroying this ignorance one can indulge in action without getting bound by the chain of action. Thus the way to liberation or freedom is not by shunning action but by dedicating all our actions to the Lord.

(iv) Quiescence and Movement :

To say that a thing is stationary and yet it moves faster than mind sounds totally illogical. But logic porves to be a very poor instrument while dealing with the depths of truth. In fact it breaks down at the deeper levels of experience, be it the inner world of man or the outer world of quantum physics.

The *Ātman* is motionless, yet It runs faster than mind-thus asserts the *Upaniṣad.*

"Anejadekam manaso javīyo" (verse 4)

'The Self is One, unmoving, and faster than the mind'.

"Tadejati tannaijati" (verse 5)

'It moves; It moves not'.

It reminds us of Alice in Wonderland. Alice and the Red Queen are running faster and faster. Yet when they stopped, Alice was surprised to find that they were still at the starting point. To this the Queen said, 'Here, you see, it takes all the running you can do, to keep in the same place'.

Being infinite and all pervasive the Ātmā does not move, but It appears to move because of its association with the moving mind and the senses. Motion, in the physical world, is a relative phenomenon. But we know that in this world of relativity also the velocity of light is absolute, that is, it is not possible by any experimental method to add to or subtract anything from this absolute value. The inclusion of the term 'absolute' in the world of relativity has profound physical as well as metaphysical implications. One very important and interesting consequence of the exact value of the velocity of light is that the unit of length, i.e., meter is no longer matter-based but mind-based. The meter is no longer the length of the metallic rod placed in a Paris museum but, 'the length of the path travelled by light in vacuum during a time interval of 1/299792458n of a second'.

(v) One and Many :

Being and Becoming, and One and Many are both the same thing. One is Brahman or Ātman and Many is the manifest Nature. As the Ṛg *Veda* puts it :

"Ekaṁ sat: viprā bahudhā vadanti"

-'Truth is one; sages call it by various names'.

The immense diversity exhibited by nature is, in fact, the manifestation of the underlying unity, that is, all that exist in nature, animate as well as inaminate, are the becomings of the one Self. We have to experience the One Being but at no point of time should we cease to see the Many Becomings.

"Yastu sarvāṇi bhūtāni ātmanyevānupaśyati ;

Sarvabhūteṣu cātmānaṁ tato na vijugupaste" (verse 6).

'He who sees all beings as his own Self, and his own Self as the Self of all beings, feels no hatred by virtue of that realization'. How is that possible? Through ignorance we identify ourselves with ego, which, as Buddha also said, doesn't exist. This false identification leads to a sense of separateness and contraction. Once we get rid of it we immediately experience our oneness with all beings, we expand to infinite dimension as it were. Only then shall we be able to enjoy the Multiplicity and realize the oneness of Being and Becoming. This basic oneness or non-separateness between man and nature is also the main teaching of modern science, as it is now well recognized that the obsever scientist is both the spectator and participator in the quantum drama.

(vi) The Active Lord and inactive Brahma :

The *Upaniṣads* recognize both an impersonal and actionless Brahma, and a personal God who manifests Himself through the executive power of *Māyā*, as two aspects of the One Undifferentiated Whole.

"Kavirmanīṣī paribhūḥ svayaṁbhūḥ yāthātathyato arthān vyadadhāt śāśvatībhyaḥ samābhyaḥ" (verse 8).

'The all-seeing, the -all knowing, the all-encompassing One is He. He has duly alloted the duties to the eternal *Prajāpatis*, i.e., cosmic powers'.

The Infinite Being remains only a witness. Suppose there is a wrestling match. Who enjoys it? Those who take part in it or those who witness it? "The more and more you are the witness of anything in life, the more you enjoy it", says Swami Vivekananda[1], "It is the witness alone that can work without any desire....The witness alone enjoys, and none else":

Brahman is *Sat-Cit-Ānanda*, that is, Existence-Consciouseness-Bliss Absolute. In its manifestations Existence translates itself into Person and Substance; Consciouseness into Knowledge and Force, and Bliss into Love. But Substance is incomplete without a Person congnizing and constituting it; Knowldge without a Knower and an object of Knowledge; Force without a Worker and Work, and Love without a Lover and object of Love[2]. But

---

1 Complete Works of Swami Vivekannad, Advait Ashram, Calcutta, Vol. III, 1971, p. 419.

2 Sri Aurobindo, The Upanishads, Part One, Sri Aurobindo Ashram, Pondicherry, 1981, pp 52-53.

the object of Brahman's joy and consciouseness, and the stuff of Its existence are Itself. Action, therefore, does not change the nature of the Self which is always pure, blissful and perfect, whether inactive or participating in action.

(vii) *Vidyā and Avidyā* :

